दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — पुलिस के सभी प्रशिक्षण तत्काल बंद...
4 रविवारीय — कोरोनाः डरना नहीं लड़ना है...
9 मनोरंजन/खेल — प्रियंका की आवाज और दीपिका की मुस्कान...
11 व्यापार — कोरोना से जंगः कंपनियों ने 15 फीसद...

www.navpradesh.com
रायपुर, रविवार 22 मार्च 2020, चैत्र कृष्ण पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत-2076 वर्ष-09 अंक-43 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

अपील : सहयोग बेहद जरूरी

प्रिय पाठकगण,

जैसा कि आप और हम सभी लोग यह जानते हैं कोरोना से देश में उत्पन्न परिस्थिति के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से 22 मार्च को जनता कर्फ्यू का पालन करने का आह्वान किया है। प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने भी इस पहल को न केवल अपना समर्थन दिया है, बल्कि राज्य में अपने स्तर पर कोरोना से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम भी किए हैं। प्रधानमंत्री ने अपील की है कि 22 मार्च रविवार को सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक कोई भी अपने घर से न निकले। उन्होंने इसके लिए सभी नागरिकों से अपना योगदान देने का आह्वान किया है। साथ ही इस दिन शाम पांच बजे सभी लोगों से अपने घरों के दरवाजे पर खड़ा होकर ही जान की परवाह किए बगैर जरूरी सेवा दे रहे लोगों के सम्मान में ताली बजाकर, थाली बजाकर व घंटी बजाकर इन्हें प्रोत्साहित करने की अपील भी की है। रेलवे ने भी शनिवार रात 12 बजे से रविवार रात 10 बजे के बीच रेल यातायात पूरी तरह बंद करने का फैसला किया है। राष्ट्रहित में हम सबको भी केंद्र व राज्य सरकार के कदमों से कदम मिलाने ही होंगे।

इसी क्रम में दैनिक नव प्रदेश ने भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए 22 मार्च, रविवार को अपने दफ्तर में अवकाश रखने का निर्णय लिया है। अगला अंक 24 मार्च, मंगलवार को प्रकाशित होगा। नव प्रदेश ने इसके साथ ही अपने संवाददाताओं को पाठकों तक जरूरी खबरों को डिजिटल व सोशल मीडिया के जरिए पहुंचाने के लिए घर से काम करने की सलाह दी है। नवप्रदेश का डिजिटल संस्करण 24 घंटे अपने पाठकों की सेवा में उपलब्ध रहेगा।

उद्देश्य यही है कि हम और आप सभी लोग राष्ट्रहित में सरकार का सहयोग करें क्योंकि आखिरकार इसमें हमारी भी सुरक्षा है। नवप्रदेश परिवार अपने सुधी पाठकों से यही उम्मीद करता है कि वे भी अपनी राष्ट्रभक्ति का परिचय देते हुए जनता कर्फ्यू व राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कोरोना से निपटने के लिए की गई अपील का पालन करेंगे।

– संपादक

खौफ नहीं, जनता कर्फ्यू कोरोना के खिलाफ युध्द

12 उड़ानें
5000 यात्री बस
171 ट्रेन सहित
सभी दफ्तर रहेंगे बंद

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना के संक्रमण से छत्तीसगढ़ लड़ने तैयार है। यह संक्रमण से खौफ की वजह से नहीं बल्कि उसके खिलाफ युध्द की तैयारी में है राजधानी रायपुर समेत पूरा प्रदेश। इस लड़ाई में फ्लाइट्स, बस सेवा, रेल सेवा ही नहीं बल्कि सरकारी दफ्तरों को भी शामिल किया गया है। रविवार से पहले ही इसकी शुरुआत आज शनिवार को ही सुबह से कर दी गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनता कर्फ्यू के समर्थन में छत्तीसगढ़ शासन और यहां की जनता ने भी स्वस्फूर्त कोरोना के खिलाफ डर की बजाए उसे हराने के लिए युध्द सी तैयारी किया है।

ये फ्लाइट रायपुर से रद्द

कोरोना वायरस के मद्देनजर एहतियात तौर पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से कई फ्लाइट रविवार 22 मार्च को रद्द हो सकती हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोरोना वायरस के प्रभाव को रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 मार्च को जनता कर्फ्यू का ऐलान किया है। इसे देखते हुए देशभर में कई ट्रेनों के अलावा फ्लाईट भी रद्द की जा रही हैं। प्रदेश की राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से भी कल कई फ्लाइट रद्द किए जाने की खबर आ रही है। संभावना है कि आज इसकी अधिकारिक घोषणा भी की जा सकती है। फ्लाइट 6ई245 रायपुर-इंदौर, 6ई2409 रायपुर-दिल्ली, 6ई473 रायपुर-हैदराबाद, 6ई2512 रायपुर-दिल्ली, 6ई252 रायपुर-कोलकाता और 6ई7263 रायपुर-कोलकाता की फ्लाइट सहित अन्य फ्लाइटें कल रद्द हो सकती हैं। वहीं कल रायपुर से उड़ान भरने वाली फ्लाइट इंडिगो की 6 फ्लाइट रद्द की गई थी।

रायपुर, बिलासपुर, नागपुर की 171 ट्रेन रद्द

कोरोना वायरस पर नियंत्रण के लिहाज से 22 मार्च को लगने वाले जनता कर्फ्यू के मद्देनजर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने जरूरी कदम उठाए हैं. इसमें 21 मार्च की मध्य रात्रि से लेकर 22 मार्च को रात 10 बजे तक रायपुर, नागपुर, बिलासपुर मंडल से चलने वाली 171 ट्रेनों के परिचालन को स्थगित किया है. इसमें 28 मेल-एक्सप्रैस और 143 पैसेंजर ट्रेन शामिल हैं. इन 143 पैसेंजर ट्रेनों में 64 मेमू और 29 डेमू शामिल हैं।

निजी, बीआरटीएस बसें भी रद्द

कोरोना से प्रदेश में बढ़े खतरों के बीच एक और बड़ा फैसला राज्य सरकार ने लिया है। बीआरटीसी की बसों के अलावे निजी और अन्य बस सेवाओं को बंद करने का फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री निवास में कोरोना से लड़ने को लेकर राज्य सरकार की बड़ी महत्वपूर्ण बैठक चल रही है। इस बैठक में ही शराब दुकानों को भी 3 दिन तक बंद रखने का फैसला लिया गया था। अब जो दूसरा बड़ा फैसला लिया गया है, उनमें बस सेवा को बंद करने का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार ने इन बसों को 29 मार्च तक बंद करने का फैसला लिया है।

दफ्तर-रजिस्ट्रई ऑफिस बंद

कोरोना संक्रमण के मद्देनजर प्रदेश की सभी रजिस्ट्री कार्यालय को बंद करने का आदेश राज्य सरकार ने जारी कर दिया है। ये ऑफिस 23 मार्च से 25 मार्च तक बंद रहेंगे। इस दौरान रजिस्ट्री से संबंधित कोई भी काम इन कार्यालयों में नहीं होगा। इस आदेश के बाद रजिस्ट्री के काम को लेकर लोगों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ सकती है। इसके पहले सरकार ने स्कूल कॉजेल, शॉपिंग मॉल,लाइब्रेरी और सिनेमा घर को बंद कराया था। अब सभी रजिस्ट्री कार्यलय को बंद कराने का आदेश जारी कर दिया है। बता दें कि 21 और 22 मार्च को भी राजधानी सहित पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश की दुकाने बंद करा दी गयी है। साथ ही आम लोगों से 22 मार्च को अपने घर में रहने की अपील की जा रही है।

रेल, मेट्रो, फ्लाइट्स रहेंगी बंद

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अब तक 258 मामले सामने आ चुके हैं। महाराष्ट्र में कोरोना के सबसे अधिक 63 पॉजिटिव मरीज पाए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में लोगों से रविवार को सुबह सात बजे से रात नौ बजे तक जनता कर्फ्यू का आह्वान किया है। उन्होंने देशवासियों से वैश्विक महामारी से लड़ने के लिए साथ आने की अपील की है। साथ ही उन्होंने बुजुर्ग लोगों से घर से बाहर नहीं निकले की अपील की है।' ऐसे में कई सरकारी और निजी कंपनियों ने रविवार को अपनी सेवाओं को बंद रखने का ऐलान किया है। जनता कर्फ्यू के लिए देशभर में पूरी तैयारियां हैं। ट्रेन से लेकर मेट्रो तक, कई सेवाओं को रविवार के लिए बंद कर दिया गया है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मेल, एक्सप्रेस ट्रेनें थमीं

जनता कर्फ्यू के मद्देनजर देश में शनिवार मध्यरात्रि से रविवार रात दस बजे के बीच किसी भी स्टेशन से कोई यात्री ट्रेन सफर शुरू नहीं करेगी। मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें भी रविवार तड़के थम जाएंगी। सभी उप-नगरीय ट्रेन सेवाएं भी बहुत कम कर दी जाएंगी। भारतीय रेलवे कोरोना वायरस के चलते गैर-जरूरी यात्रा पर रोक लगाने के मकसद से अबतक 245 ट्रेनें रद्द कर चुका है। दिल्ली मेट्रो की सेवाएं रविवार को बंद रहेंगी। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सतर्कता ही बचाव, घबराएं नहीं : पीएम मोदी

नई दिल्ली । कोरोना वारयस के खतरे के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने अपने निजी अकाउंट से ट्वीट करते हुए कहा कि यह समय घबराने का नहीं है बल्कि सतर्कता बरतने का है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'न सिर्फ घर के भीतर रहना जरूरी है, बल्कि आप जिस शहर कस्बे में हों, वहीं रहें। अनावश्यक यात्रा से न तो आपकी कोई मदद होगी न दूसरों की।' पीएम मोदी के अनुसार, 'ऐसे वक्त में, हमारी हर छोटी कोशिश बड़ा असर डालेगी। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मानें डॉक्टर्स की सलाह

पीएम मोदी ने लोगों से अपील की कि वे डॉक्टर्स और अधिकारियों की सलाह का पालन करें। उन्होंने कहा, इस वक्त हम सबको डॉक्टर्स और अधिकारियों की सलाह माननी चाहिए। जिन्हें होम क्वारंटाइन में रहने को कहा गया है, मैं आपसे अपील करता हूं कि कृपया निर्देशों का पालन करें। यह आपके साथ-साथ आपके परिवार और मित्रों को भी बचाएगा।

आज बेबाक

कोरोना ने हमे संभलने, एहतियात बरतने और कोरोना प्रभावित अन्य देशों से सबक लेने का बहुत समय दिया है। इसके बाद भी अगर हमारे देश में कोरोना स्टेज-3 पर पहुंचता है तो यह हमारी मूर्खता से ही होगा। एक कनिका कपूर ही नहीं कई और ऐसे पढ़े-लिखे मूर्ख है जो कोरोना वायरस प्रसाद की तरह बांट रहे है। अभी भी वक्त है सावधानी के साथ समझदारी भी दिखाएं। आज के जनता कर्फ्यू को सफल बनाएं और आगे भी ज्यादा से ज्यादा घर पर रहने की कोशिश करें। दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाएं, कोरोना को हराएं।

भूकंप : सुकमा से लेकर चेन्नई तक कांपी धरती

रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.2 मापी गई

रायपुर। देश में कोरोना जैसे विपदा के बाद छत्तीसगढ़ में भी मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है। बेमौसम बारिश के बीच आज सुबह जगदलपुर से 34 किलोमीटर दूर भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया है। मौसम विभाग प्रमुख एचपी चंद्रा ने बताया कि भूकंप का यह झटका जगदलपुर से 34 किलोमीटर दूर दक्षिण पूर्व दिशा में रिक्टर पैमाने में 4.2 की तीव्रता के साथ दर्ज किया गया है। भूकंप का यह झटका आज सुबह 11.14 मिनट पर दर्ज किया गया है। श्री चंद्रा ने बताया कि भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर मापा गया है तथा इसका केन्द्र भी इतने ही गहराई पर दर्ज किया गया है। भूकंप का केन्द्र अक्षांश 18.8 527 और देशांतर में 82.2315 है। इस भूकंप की तीव्रता सुकमा में भी दर्ज किया गया है। इधर जगदलपुर-सुकमा के ठीक पहले चेन्नई से पूर्व दिशा में 471 किलोमीटर दूर भी भूकंप का झटका महसूस किया गया है। भूकंप ■ शेष पृष्ठ 8 पर

यूपी : मजदूरों को दिए जाएंगे 1000 रुपये मासिक

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि अब तक 23 लोग वायरस से संक्रमित पाए जा चुके हैं, जिसमें नौ लोग ठीक हो चुके हैं। उन्होंने ऐलान किया कि राज्य के मजदूरों को भत्ते के रूप में एक हजार रुपये मासिक दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, '15 लाख दिहाड़ी मजदूरों और 20.37 लाख निर्माण श्रमिकों को उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में मदद करने के लिए मासिक 1000 रुपये की राशि दी जाएगी।' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'हमने प्रदेश में आइसोलेशन वार्ड बनाए हैं। इस वायरस से घबराने की नहीं, चुनौतियों से लड़ने की जरूरत है।' उन्होंने कहा कि मजदूरों, ठेला लगाने वालों आदि को तत्काल राशन उपलब्ध कराने का फैसला लिया है।

रायपुर की पीड़ित युवती के पिता का कोरोना टेस्ट निगेटिव : एम्स

एम्स के आयुष में प्रारंभ हुई कोरोना वायरस की स्क्रीनिंग और काउंसलिंग

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना से पीड़ित एम्स रायपुर में भर्ती 24 वर्षीय युवती के पिता और एक अन्य कर्मचारी का टेस्ट निगेटिव पाया गया है। एम्स रायपुर की ओर से शनिवार को यह जानकारी दी गई। वहीं एम्स में की आयुष बिल्डिंग में कोरोना वायरस के संदिग्ध रोगियों की स्क्रीनिंग और काउंसलिंग शनिवार से प्रारंभ हो गई। युवती के पिता व एक अन्य कर्मचारी का टेस्ट निगेटिव आना प्रदेश के लिए अच्छी खबर है। एम्स द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, गेट नंबर एक से कोरोना के संदिग्ध रोगियों को सीधे आयुष बिल्डिंग भेजने की व्यवस्था कर दी है। यहां विभिन्न प्रकार के जागरूकता फ्लेक्स लगाकर रोगियों को अपनी स्क्रीनिंग और काउंसलिंग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आयुष में हैल्प डेस्क से लेकर चिकित्सकों तक सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। शनिवार को यहां पहुंचे संदिग्ध रोगियों का सैंपल लेकर उसे एम्स में स्थित वीआरडीएल लैब में टेस्टिंग के लिए भेजा गया है। जिन्हें कोरोना वायरस के लक्षण नहीं थे उन्हें काउंसलिंग प्रदान की गई।

युवती की हालत स्थिर

कोरोना वायरस की पॉजीटिव छात्रा की हालत अभी भी पूरी तरह से स्थिर बनी हुई है। उसके परिजनों के सैंपल लिए गए हैं जिसमें पिता का टेस्ट नेगेटिव हुआ है। शेष की रिपोर्ट रविवार तक मिलने की उम्मीद है। एम्स के उप-निदेशक (प्रशासन) नीरेश शर्मा ने कहा है कि एम्स की ओपीडी में आने वाले रोगियों को जरूरी चिकित्सा सुविधा के लिए ही यहां आने की सलाह दी गई है।

कनिका कपूर से मिलने वाले यूपी के स्वास्थ्य मंत्री समेत 45 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव

लखनऊ ए.। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के लिए शनिवार को एक राहत देने वाली खबर आई। उनके स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह की रिपोर्ट में कोरोना के लक्षण नहीं मिले हैं। इतना ही नहीं कनिका कपूर के सीधे संपर्क में आए 45 लोगों की कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आई है। आपको बता दें कि बसपा के पूर्व सांसद अकबर अहमद डंपी के डालीबाग स्थित पैतृक आवास पर भतीजे आदिल अहमद की बर्थडे पार्टी 14 मार्च को हुई थी। इस पार्टी में ही कोविड-19 पॉजिटिव गायिका कनिका कपूर शामिल हुई थीं और जय प्रताप सिंह भी इस पार्टी में शामिल हुए थे। इस पार्टी के बाद वह राज्य के कई नेताओं से मिले थे ।

168 देशों में फैला कोरोना अब चीन में थमा

इटली में सबसे ज्यादा 4000 मौतें

बीजिंग, जेनेवा, नयी दिल्ली (ए.)। विश्व के 168 देशों में फैल चुके कोरोना वायरस 'कोविड 19' का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है और अब तक इस खतरनाक वायरस से 11,248 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि करीब 2,69,482 लोग इससे संक्रमित हुए हैं।

भारत में भी कोरोना वायरस का संक्रमण फैलता जा रहा है और अब तक इससे संक्रमितों की संख्या बढ़कर 258 हो गयी है। पंजाब के नवांशहर में एक व्यक्ति की मौत से देश में कोरोना वायरस के संक्रमण से कुल चार लोगों की मौत हो गयी है। कनार्टक, दिल्ली और महाराष्ट्र में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि देश में कोरोना के 258 मामलों की पुष्टि हो चुकी है जिनमें से 219 मरीज भारतीय हैं जबकि 39 विदेशी नागरिक हैं। कोरोना वायरस से संक्रमित 23 लोग उपचार के बाद स्वस्थ हो चुके हैं। कोरोना वायरस का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है और अब भी इससे सबसे सर्वाधिक प्रभावित चीन के लोग ही हैं हालांकि राहत की बात यह है कि वुहान में पिछले तीन दिन से कोई मामला सामने नहीं आया है। इस वायरस को लेकर तैयार की गयी एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन में हुई मौत के 80 प्रतिशत मामले 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के थे। चीन में 81,008 लोगों की कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है और करीब 3,255 लोगों की इस वायरस के चपेट में आने के बाद मौत हो गई है।

खाड़ी के देशों में भी कोरोना का कहर जारी

खाड़ी देश ईरान में भी कोरोना वायरस का कहर जारी है। ईरान में इस वायरस की चपेट में आकर मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,433 हो चुकी है जबकि 19,644 लोग इस वायरस से संक्रमित हुए हैं। इटली और ईरान के साथ स्पेन में भी कोरोना वायरस ने अपना कहर बरपाया है। स्पेन में कोरोना से अब तक 1,002 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 19,980 लोग इससे संक्रमित हुए हैं।

फ्रांस में 450 लोगों की मौत

फ्रांस भी इसकी गंभीर चपेट में है और यहां अब तक 450 लोगों की इस वायरस के कारण मौत हो चुकी है जबकि 12,612 लोग इससे संक्रमित हुए हैं। ब्रिटेन में कोरोना से अब तक 178, नीदरलैंड में 106,जर्मनी में 48, फ्रांस में 450, दक्षिण कोरिया 102,स्विट्जरलैंड 43, ऑस्ट्रिया छह, बेल्जियम 37, नॉर्वे सात, स्वीडन 16, डेनमार्क छह, कनाडा 12, मलेशिया तीन, पुर्तगाल छह, जापान 33, ब्राजील 11, ऑस्ट्रेलिया सात, क्रूज शिप (डायमंड प्रिंसेस) सात, आयरलैंड तीन, तुर्की नौ, पाकिस्तान तीन, लक्समबर्ग पांच, यूनान छह, इक्वेडोर सात, पोलैंड पांच, सिंगापुर दो, इंडोनेशिया 32, स्लोवेनिया, मिस्र सात, हॉगकॉग चार, पेरू तीन, फिलीपींस 18, इराक 13, लेबनान 4 अर्जेंटीना तीन, सैन मैरीनो 14, संयुक्त अरब अमीरात दो, ताइवान दो, बुल्गारिया तीन, कोस्टा रिका दो, अलजीरिया 11, मोरक्को तीन, हंगरी तीन, डोमिनिकन गणराज्य दो, अल्बानिया दो, मॉलदोवा और अज़रबैजान में एक , यूक्रेन तीन, बुर्किना फासो, ट्यूनीशिया, बांग्लादेश, परागुआ क्यूबा, जमैका, ग्वाटेमाला, गुयाना, केमैन टापू, कुराकाओ, इजरायल थाईलैंड, आइसलैंड, स्लोवेनिया, बहरीन, रुस, मेक्सिको, क्रोएशिया, पनामा, गैबॉन और सूडान में एक-एक की मौत हो चुकी है।

पाकिस्तान में भी कोविड-19 का असर

पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी कोरोना वायरस का असर अधिक है। वहां अब तक 461 लोगों में कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है जबकि इससे संक्रमित तीन लोगों की मौत हो चुकी है। बंगलादेश में अभी तक 20 लोगों के वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि की गयी है जबकि इससे संक्रमित एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। श्रीलंका में 70 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। नेपाल में अभी तक केवल इससे संक्रमित एक व्यक्ति का पता चला था जिसके ठीक होने के बाद उसे छुट्टी भी दे दी गयी है जबकि अफगानिस्तान में 24 संक्रमितों का पता चला है। घातक कोरोना वायरस के प्रकोप पर चिंता व्यक्त करते हुए संयुक्त राष्ट्र ने इस संक्रमण की रोकथाम के लिए एक करोड़ 50 लाख अमेरिकी डॉलर की सहायता की पेशकश की है। इस निधि का इस्तेमाल विशेष रूप से कमजोर स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली वाले देशों में किया जाएगा। डब्ल्यूएचओ ने कोरोनो वायरस के खिलाफ लड़ाई के लिए 67 करोड़ 50 लाख डॉलर जुटाने का आह्वान किया है। गौरतलब है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे के बीच इसे वैश्विक महामारी घोषित कर दिया है।

दक्षिण कोरियों में अब तक 102 लोगों की मौत

दक्षिण कोरिया में मृतकों की संख्या 102 पहुंच चुकी है जबकि 8,799 लोग इससे संक्रमित हुए हैं। चीनी नागरिकों की अच्छी-खासी संख्या वाले देश अमेरिका में भी यह बीमारी व्यापक रूप से फैल चुकी है। अमेरिका में कोरोना वायरस से अब तक 249 लोगों की मौत हो चुकी हैं जबकि 19,285 लोग इससे संक्रमित हुए हैं। अमेरिका ने पहले ही कोरोना वायरस महामारी के कारण देश में राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया। इससे अमेरिका के प्रांतों और अन्य क्षेत्रों में कोरोना वायरस महामारी से निपटने के लिए संघीय कोष से सरकार को 50 अरब डॉलर की राशि मिलेगी।

राष्ट्रपति कोविंद भी कराएंगे कोरोना टेस्ट? दुष्यंत सिंह ने की थी मुलाकात

नई दिल्ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी अपना कोरोना टेस्ट करवाएंगे। उन्होंने यह फैसला बीजेपी सांसद दुष्यंत सिंह के कोरोना पीड़ित गायिका कनिका कपूर की ओर से दी गई पार्टी में शामिल होने की खबर सामने आने के बाद लिया है। कनिका से मिलने के बाद दुष्यंत सिंह राष्ट्रपति से मिले थे। राष्ट्रपति भवन के द्वारा जारी की गई सूचना में कहा गया है कि सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश का अनुसरण राष्ट्रपति भी करेंगे। राष्ट्रपति ने अगले आदेश तक अपने सभी कार्यक्रमों को भी रद्द कर दिया है। इस बीच दुष्यंत सिंह के साथ किसी न किसी कार्यक्रम में रहे सांसद और अन्य लोग भी अपने आपको अलग-थलग कर रहे हैं। बॉलीवुड की मशहूर सिंगर कनिका कपूर के कोरोना पॉजिटिव होने के बाद राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और उनके सांसद बेटे दुष्यंत सिंह भले ही सेल्फआइसोलेशन में चले गए हैं, मगर इस खबर से उत्तर प्रदेश और राजस्थान के 96 सांसद परेशान हो गए हैं। दुष्यंत सिंह के संपर्क में आने वाले सांसद आइसोलेशन में जाने लगे हैं। मिजार्पुर की सांसद अनुप्रिया पटेल ने इसकी शुरुआत की। दरअसल, 18 मार्च को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उत्तर प्रदेश और राजस्थान के सांसदों को ब्रेकफॉस्ट पर बुलाया था। इसमें कुल 96 सांसदों ने हिस्सा लिया था। झालवाड़-बारां से सांसद दुष्यंत सिंह भी इस पार्टी में पहुंचे थे और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की मौजूदगी में हुई इस पार्टी में सभी सांसदों के साथ मेलमिलाप में शामिल रहे। इससे ठीक दो दिन पहले ही 16 मार्च को दुष्यंत सिंह लखनऊ में कनिका कपूर की पार्टी में शामिल होकर लौटे थे।

कोरोना वायरस का 'कनिका' इफेक्ट

नेता, पत्रकार समेत हजारों लोगों को आइसोलेट करने की चुनौती

कनिका कपूर का कोरोना टेस्ट निकला पॉजिटिव, आइसोलेशन में गए कई

- **वसुंधरा राजे, दुष्यंत सिंह समेत अनुप्रिया पटेल ने भी आइसोलेशन में जाने की दी सूचना**
- **कनिका कपूर कानपुर भी गई थीं, शहर के होटेल, रेस्ट्रॉन्ट बंद रखने के आदेश जारी**

लखनऊ (ए.)। बॉलिवुड सिंगर कनिका कपूर लंदन से लौटी थीं। वापसी के बाद लखनऊ की हाई प्रोफाइल पार्टी में शामिल हुईं। कानपुर में अपने रिश्तेदारों के घर में भी ठहरीं। बाद में जब पता चला कि कनिका कोरोना वायरस से संक्रमित हैं तो लोगों के होश फाख्ता हो गए। पार्टी का मतलब साफहै कि भीड़भाड़ वाला माहौल...ऐसे में संक्रमित शख्स ने किस-किस को संक्रमण दिया यह पता कर पाना भी मुश्किल है। कनिका कपूर की मौजूदगी वाली पार्टी में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उनके बेटे दुष्यंत सिंह, योगी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह समेत कई दिग्गज मौजूद थे। मामला हाई प्रोफाइल था तो पत्रकारों की मौजूदगी होना भी लाजमी है। संक्रमित कनिका ने किन-किन लोगों को वायरस की चपेट में ला दिया है, क्या सभी लोग खुद को आइसोलेट कर रहे हैं, किस तरह से पता लगाया जा रहा है कि उस पार्टी में कौन-कौन था...इन सभी सवालों के जवाब जानना अहम है। अब आइए कनिका को कोरोना इफेक्ट के बाद क्या स्थितियां हुई हैं।

होटल, रेस्ट्रॉन्ट बंद

कानपुर में स्थितियों को देखते हुए होटल, रेस्ट्रॉन्ट और खाने-पीने की दुकानें बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। कानपुर के कल्पना टॉवर, जहां सिंगर कनिका कपूर अपने रिश्तेदारों के घर में ठहरी थीं, उनके आवास को म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की तरफसे शुक्रवार को सैनिटाइज किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री भी आइसोलेशन में

उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने खुद को भी आइसोलेट कर लिया है। वह गायक कनिका कपूर की मौजूदगी वाली पार्टी में उपस्थित थे। जय प्रताप सिंह के आइसोलेशन में जाने के साथ ही उत्तर प्रदेश के विधायक पंकज सिंह, धीरेंद्र सिंह और तेजपाल नागर ने भी खुद को आइसोलेट कर लिया है।

कनिका को कोरोना, आइसोलेशन में दिग्गज

कनिका कपूर का टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद से राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, बेटे दुष्यंत सिंह और टीएमसी सांसद डेरेक ओ-ब्रायन ने खुद को क्वारंटाइन कर लिया है। हालात के मद्देनजर कई सांसदों ने संसद की कार्यवाही बंद करने की मांग कर रहे हैं। कनिका कपूर का मामला सामने आने के बाद वसुंधरा राजे ने ट्वीट कर कहा कि सावधानी के तौर पर मैं और दुष्यंत सेल्फआइसोलेशन में हैं और हम सभी आवश्यक निर्देशों का पालन कर रहे हैं।

...इसलिए लिया यह फैसला

मीरजापुर से सांसद और अपना दल प्रमुख अनुप्रिया पटेल ने भी ट्वीट कर कहा है कि वह कनिका कपूर की पार्टी में शामिल थीं, इसलिए वह आइसोलेशन में जा रही हैं। टीएमसी के सांसद डेरेक'ओ ब्रायन ने भी खुद को सेल्फआइसोलेट कर लिया है। उन्होंने अपना एक विडियो ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट किया कि वह सेल्फ आइसोलेशन में हैं और सभी प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि संसद में 18 मार्च को हुई एक बैठक में दुष्यंत सिंह के बगल में वह 2 घंटे तक बैठे थे, इसीलिए यह फैसला किया है।

सोसायटी सील, ट्रेनें रद्द...भारत में कोरोना वायरस का कहर

कोरोना का कहर भारत में बढ़ता जा रहा है। मामले अब पहले से ज्यादा तेजी से बढ़ रहे है। देश में अबतक 270 से ज्यादा पॉजेटिव केस सामने आ चुके हैं। लोगों से लगातार घर पर रहने की गुजारिश की जा रही है। राज्य सरकारों ने सख्त कदम उठाते हुए कहीं पर सोसोयाटी को सील किया तो कहीं पूरी तरह लॉकडाउन का आदेश दिया है।

नोएडा में कोरोना मरीज, सोसायटी दो दिन को सील

सेक्टर 74 नोएडा की सुपरटेक केपटाउन सोसायटी में कोरोना पॉजेटिव केस। सोसायटी को 23 मार्च कर के लिए सील किया गया। अब लोग अंदर बाहर नहीं जा सकेंगे। घर में ही रहना होगा।

कोरोना के चलते आज 709 ट्रेनें रद्द

जनता कर्फ्यू से पहले भारतीय रेल ने शनिवार को कई रेलगाड़ियां रद्द कर दी। रेलवे ने आज 709 ट्रेनें कैंसल कर दी। इसमें 584 रेलगाड़ियां पूरी तरह रद्द की गई हैं, जबकि 125 ट्रेनों को आंशिक रूप से कैंसल किया गया है। वहीं जनता कर्फ्यू के दिन यानी कल 3,700 ट्रेनें कैंसल हैं, वहीं 1000 उड़ानें भी रद्द हैं। जनता कर्फ्यू के दौरान रविवार को दिल्ली एनसीआर में अधिकांश स्थानों पर सार्वजनिक बस प्रणाली बंद रखी जाएगी। दिल्ली से सटे मिलेनियम सिटी गुड़गांव से दिल्ली आने-जाने वाली सभी बसों को बंद रखने का फैसला लिया गया है।

दिल्ली के सभी बाजार आज से 3 दिन तक रहेंगे बंद

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आज दिल्ली के सभी बाजार बंद रहेंगे। ये बाजार तीन दिनों तक बंद रहेंगे। कैट के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल के मुताबिक डेयरी, दवाएं, सब्जी और राशन की दुकानें खुली रहेंगी, ताकि लोगों को दिक्कत न हो और उनकी आम जरूरतें पूरी होती रहें। दिल्ली में 21, 22 और 23 मार्च 2020 को बाजार बंद रहेंगे। 23 मार्च की शाम को एसोसिएशन स्थिति की समीक्षा किए जाने के बाद आगे के बारे में फैसला करेगी।

गौरतलब है कि राजधानी दिल्ली में दिल्ली सरकार के आदेश के बाद सभी मॉल पहले ही बंद किए जा चुके हैं। खान मार्केट रविवार और सोमवार को बंद रहेगा।दिल्ली सरकार के अंतर्गत आने वाले सभी गैरजरूरी दफ्तर और सेवाएं 31 मार्च तक बंद कर दी गई हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को देश को संबोधित करते हुए लोगों से 22 मार्च को जनता कर्फ्यू का पालन करने की अपील की थी। रविवार 22 मार्च 2020 को लोगों से सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक जनता कर्फ्यू का पालन करने की अपील की गई है। जनता कर्फ्यू को सफल बनाने के लिए रेलवे ने शनिवार रात 12 बजे से रविवार रात 10 बजे के बीच शुरू होने वाली सभी ट्रेनें रद्द कर दी है। जो ट्रेनें पहले से चल रही हैं और शनिवार रात 12 बजे तक अपने गंतव्य स्थान को नहीं पहुंच पाई हैं उन्हें अपने गंतव्य स्टेशन तक जाने दिया जाएगा।

इधर यूपी में सभी मॉल बंद कर दिए गए हैं। राजस्थान के भीलवाड़ा में कर्फ्यू लगाया गया दिया गया है। बॉर्डर सील कर दी गई है। शहर को दो दिनों के लिए बंद किया गया है। पंजाब, हिमाचल, गुजरात, बिहार में भी सरकार ने सभी स्कूल कॉलेज और सभी सार्वजनिक प्रतिष्ठान बंद कर दिया है।

जनता कर्फ्यू का पालन करेगा आरएसएस शाखा के टाइमिंग में किया बदलाव

नई दिल्ली(ए.)। कोरोना वायरस के मद्देनजर रविलार को जनता कर्फ्यू (सुबह 7 बजे से रात 9 बजे) का पालन करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शाखा की टाइमिंग में बदलाव किया है। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की सुबह की शाखा साढ़े छह से पहले हो जाएगी और शाम की शाखा साढ़े 9 बजे के बाद होगी। दरअसल, कोरोना वायरस के प्रसार को कम करने के लिए पीएम मोदी ने रविवार को सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक जनता कर्फ्यू का ऐलान किया है, इस दौरान लोगों को अपने घरों से नहीं निकलने की अपील की गई है। दरअसल, आरएसएस की शाखा स्थानीय इकाइयां हैं जहां स्वयंसेवक एक्सरसाइज, प्रार्थना और अन्य कार्यक्रमों के लिए इकट्ठा होते हैं। शनिवार को जारी एक बयान में आरएसएस के महासचिव सुरेश भैयाजी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आहुत जनता कर्फ्यू को ध्यान में रखते हुए रविवार को सुबह 6.30 बजे से पहले या रात 9.30 बजे के बाद शाखा का आयोजन किया जाएगा। स्वयंसेवक अपनी सुविधा के अनुसार, अपने इलाके या सोसाइटी में इकट्ठा हो सकते हैं और प्रार्थना कर सकते हैं। कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए सरकार बड़े समारोहों को स्थगित करने का निर्देश दिया है। इन्हीं सरकारी निर्देशों के मद्देनजर कोरोना वायरस के चलते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बेंगलुरु में पिछले सप्ताह होने वाली अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक स्थगित कर दी थी। आरएसएस के एक अधिकारी के अनुसार, सभी राज्य इकाइयों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। चूंकि दैनिक और साप्ताहिक आधार पर आयोजित किए जाते हैं।

जागरूकता | सरकार ने कोरोना वायरस के खतरे को लेकर एडवाइजरी जारी कर दी है जिसके बाद भी लोग भीड़-भाड़ वाली जगहों परहेज नहीं कर रहे

अफवाहों पर ध्यान न दें, पैनिक खरीदारी से बचें और भीड़ का हिस्सा न बनें

बनारस (ए.)। कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को लेकर पूरे देश में दहशत का माहौल है। कोरोना को लेकर लोगों में सरकार अलग-अलग माध्यमों से जागरूकता फैला रही है। बावजूद इसके लोग संयम और सावधानी बरतने की बजाय पैनिक होते दिख रहे हैं। सरकार स्पष्ट कर चुकी है कि कोरोना से भयभीत या फिर पैनिक होने की जरूरत नहीं है, बस खुद को भीड़-भाड़ वाली जगह से दूर रखना है और कुछ दिनों तक सोशल डिस्टेंस कायम रखना है। मगर फिर भी देश की बहुत बड़ी आबादी है जो सरकार की इस चेतावनी को धता बता रही है और कोरोना के खिलाफजंग को कमजोर कर रही है।

दरअसल, सरकार कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए एडवाइजरी जारी कर चुकी है कि लोग भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचे। जब तक बहुत जरूरी नहीं हो, घर से बाहर न निकलें। मगर लोग हैं कि मानने का नाम ही नहीं ले रहे है। पीएम मोदी भी राष्ट्र के नाम संबोधन में कह चुके हैं कि अस्पतालों में जब तक इमरजेंसी न हो तब तक न जाएं और दैनिक जरूरत की चीजों की खरीदारी के लिए हड़बड़ी न करें। पीएम मोदी ने स्पष्ट कहा था कि देश में किसी भी चीज की कमी नहीं है और कोरोना को देखते हुए पैनिक बाईंग न करें। मगर यूपी के बनारस में इसके विपरीत नजारा देखने को मिल रहा है।

संक्रमणे घबराए नहीं

बनारस के अस्पतालों से लेकर सब्जी बाजार और चौक चौराहों पर लोगों की भीड़ कम नहीं हो रही है। बनारस के सब्जी बाजार में कोरोना से संक्रमण की चिंता किए बगैर लोग पैनिक खरीदारी करते दिखे। सामानों की किल्लत की अफवाहों के चलते लोग बाजार में बड़ी संख्या में दिखे। वहीं, अस्पताल में भी मरीजों की लंबी कतार देखने को मिली। नॉर्मल बीमारी के इलाज के लिए लोग सामान्य दिन की तरह ही अस्पताल में दिखे। चौक-चौराहों पर भी वही नजारे थे।

मंडी या बाजार बंद करने का कोई निदेश नहीं

कोरोना वायरस की दहशत के कारण बाजार बंद रहने की अफवाह पर लोगों ने घरेलू सामान की खरीदारी तेज कर दी है। सरकार की ओर से किसी मंडी या बाजार को बंद करने का कोई निदेर्श नहीं है, फिर भी लोगों ने दोगुना-तिगुना समान खरीदकर घर में जमा करना शुरू कर दिया है। लखनऊ के आलमबाग बाजार में वैसे तो सन्नाटा पसरा है, लेकिन गुरुवार की अपेक्षा शुक्रवार को कुछ लोगों ने ज्यादा सब्जियां खरीदी हैं। आलू के दुकानदार रमजान ने बताया, 'कल से हमारे यहां भीड़ ज्यादा बढ़ी है। जो ग्राहक दो-तीन किलो आलू ले जाते थे, वे आज 10 किलो ले जा रहे हैं।'

अफवाह के कारण सब्जी के दाम भी बढ़े

वहीं राशन की दुकानों में काफी भीड़ देखने को मिल रही है। अफवाह के कारण सब्जी के दाम भी बढ़े हुए हैं, लेकिन लोग मजबूरी में महंगा होने पर भी ज्यादा सामान खरीद रहे हैं। फतेहगंज गल्ला मंडी में शुक्रवार को रोज की अपेक्षा अच्छी खासी भीड़ नजर आई। राशन दुकानदार मनीष अग्रवाल ने बताया कि जो लोग महीनेभर का राशन लेते थे, वे लोग 6 माह का राशन ले रहे हैं। उन्होंने अफवाह की बात को खारिज करते हुए कहा कि दुकानें बंद करने का कोई आदेश तो नहीं आया है, फिर भी कुछ दुकानदार भीड़-भाड़ से बचने के लिए एहतियातन दुकान नहीं खोल रहे ।

यहां आपको बताना जरूरी है कि कोरोना वायरस से पूरी दुनिया ग्रसित है। इसका अब तक इलाज नहीं मिल पाया है। मगर अगर आप इससे बचना चाहते हैं तो आपको फिलहाल सोशल डिस्टेंस कायम करना होगा। भीड़ वाली जगहों से परहेज करना होगा और बिना जरूरत के घर से बाहर निकले से बचना होगा। साथ ही सोशल मीडिया पर चल रहे कोरोना वायरस से जुड़े अफवाहों से भी परहेज करने की जरूरत है।

न्यूज गैलरी

श्रम विभाग का नियोजकों को निर्देश स्टॉफ को दें सैलरी, अवकाश

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना के प्रभाव के चलते छत्तीसगढ़ सरकार के श्रम विभाग की ओर से कोरोना से उत्पन्न परिस्थितयों के मद्देनजर प्रदेश के सभी संस्थानों, दुकानों व प्रतिष्ठानों को अपने यहां कार्यरत स्टाफ व श्रमिकों को वेतन, अवकाश व अन्य अत्यावश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा है। इस संबंध का आदेश श्रम विभाग की ओर से जारी कर दिया गया है। श्रम विभाग के सचिव सोनमणी बोरा के मुताबिक प्रदेश के सभी संस्थानों, सिनेमाघरों व अन्य प्रतिष्ठानों के संचालकों से से कहा गया है कि वे अपने यहां काम कर रहे स्टाफव श्रमिकों को वेतन, अवकाश व अत्यावश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

जनता कर्फ्यू में संपूर्ण सराफा रहेगा बंद

रायपुर। रायपुर सराफा एसोसिएशन ने जनता कर्फ्यू का समर्थन करते हुए आज पुलिस के अनुरोध पर 21 व 22 मार्च को संपूर्ण सराफा बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष हरक मालू लक्ष्मीनारायण लाहोटी एवं अनिल कुचेरिया ने बताया कि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अनुरोध पर जनता कर्फ्यू का समर्थन करते हुए 21 एवं 22 मार्च को संपूर्ण सर्राफा बंद रखने का निर्णय लिया गया। उन्होंने सभी व्यवसाई बंधुओं से अनुरोध करते हुए कल 22 मार्च को प्रधानमंत्री जी के अनुरोध के अनुसार जनता कर्फ्यू में बंद रख घर पर रहे एवं बचाव के आवश्यक सभी उपाय करें।

पुलिस के सभी प्रशिक्षण तत्काल बंद करें : डीजीपी

- वारंट और मुलजिम पेशी में नहीं जाएंगे पुलिस कर्मी
- पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शासकीय कार्य से राज्य के बाहर नहीं जा सकेंगे

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य पुलिस प्रमुख डीजीपी डीएम अवस्थी ने सभी पुलिस अधीक्षकों (रेल एवं प्रशिक्षण सहित) को निर्देशित करते हुए पुलिस कर्मियों के लिए संचालित किए जा रहे सभी प्रशिक्षणों को तत्काल बंद किया जाए। यहां तक की राज्य के

सभी न्यायालयों में न्यायलीन प्रक्रिया पर रोक लगी हुई है, इसलिए समंस/ वारंट और मुलजिम पेशी में पुलिस कर्मचारियों को ना भेजने का भी निर्देश दिया गया है। पीएचक्यू सूत्रों ने बताया कि डीजीपी श्री अवस्थी के निर्देश में आगे कहा गया है कि किसी भी पुलिस अधिकारी, कर्मचारी को शासकीय कार्य से राज्य के बाहर बिना डीजीपी की अनुमति के ना जाने दें। यदि भेजा जाना जरूरी हो तो एसपी को डीजीपी से फोन पर अनुमति लेनी होगी। राज्य के अंदर भी बहुत जरूरी ना होने पर एक जिले से दूसरे जिले में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी के आवागमन पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। सभी थानों में अनावश्यक व्यक्तिओं को पूछताछ के लिए ना बुलाएं और ना ही भीड़ लगने दें। यदि किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी आवश्यक है तो उसके विरूद्ध शीघ्र कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जाए। प्रदेश के बाहर अवकाश पर अधिकारी, कर्मचारी के वापस आने पर आवश्यक रूप से स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। यथासम्भव पुलिसकर्मियों की ड्यूटी फिक्स पिकेट एवं पेट्रोलिंग में लगाई जाए। कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम के लिए बाहरी व्यक्ति से निश्चित दूरी बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया है।

ये मधुशाला है लाईन तो लगानी पड़ेगी

रायपुर (नव प्रदेश)। संक्रमण के बीच पांच दिनों तक शराब दुकानें बंद रहने के आदेश के बाद शौकिनों ने ठेकों के सामने लंबी लाईन लगाई है। हालांकि शराब का उपयोग न सिर्फ पीने बल्कि सेनेटॉइजर के बतौर भी उपयोग में लिया जा रहा है।

राजधानी रही सूनी-सूनी...

स्टेशन में थर्मा टैंप्रचर की जांच के लिए लगी लंबी लाईन

जगह-जगह बिक रहे हैं सड़क किनारे फर्जी मास्क, कोई सामान ले जाने झूला बनाने की कपड़े का मॉस्क बनाकर भेज बेच रहा है तो कोई नेट के कपड़े का मॉस्क बनाकर बेच रहे हैं।

मौसम छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के पांच जिलों में आज और कल रहेगा मौसम खुशगवार

राज्य के पांच जिलों में तेज गरज-चमक के साथ बौछारें-ओले पड़ने के आसार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर । राज्य के 5 जिलों में आज शाम-रात को एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग ने इन इलाकों में तेज गरज-चमक के साथ झंझावत चलने, वज्रपात और ओले गिरने की संभावना जताई है। मौसम विभाग से जारी त्वरित पूर्वानुमान में बताया गया कि आज शाम तक प्रदेश के सरगुजा, सूरजपुर, जशपुर, कोरबा और रायगढ़ जिले में एक-दो स्थानों पर तेज गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। इसके अलावा 30-40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, वज्रपात होने तथा ओले पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने दोपहर करीब पौने दो

बजे चेतावनी जारी करते हुए बताया कि मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के बीच इस तरह की परिस्थितियां बन सकती है। ज्ञात हो कि इस माह की शुरूआत से ही प्रदेश में मौसम का मिजाज लगातार बिगड़ रहा है। माह के शुरूआत में हुई बेमौसम बारिश से जहां फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है तो वहीं अब अचानक मौसम में बदलाव, तेज बौछारें पड़ने, तापमान में लगातार आ रहे बदलाव से मौसमी बीमारियों को पनपने का भरपूर मौका मिल गया है। वर्तमान में कोरोना वायरस का संक्रमण भी फैल रहा है।

राजधानी से संचालित सभी रूटों की बस सेवा 29 तक रहेगी बंद

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने अब परिवहन विभाग ने भी एक बड़ा फैसला लेते हुए अधिकांश रूटों की बसों को 29 मार्च तक बंद रखने का आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश के तहत अब शहर के अंदर सिटी बसें भी नहीं चलेगी।

परिवहन विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि विभाग ने एक आदेश जारी कर 29 मार्च तक बस सेवा को शटडाउन करने कहा है। इस आदेश के तहत राजधानी रायपुर को पूरी तरह से लॉकडोर किया जा रहा है, ताकि बाहर से कोई भी संक्रमण शहर तक न पहुंच सके। शहर में कोरोना पॉजीटिव मरीज को पहले ही एम्स में भर्ती करा दिया गया है। कोरोना का कहर और ज्यादा न फैले इसके लिए कल देश भर में जनता कर्फ्यू भी लगाया जाएगा। इसके पूर्व परिवहन विभाग ने सुरक्षा के लिहाज से राजधानी रायपुर से संचालित होने वाली सभी बस सेवाओं को 29 मार्च तक बंद रखने का आदेश दिया जारी कर दिया है। इसके तहत बीआरटीस की सेवा भी बंद रहेगी। रायपुर से बिलासपुर, अंबिकापुर, कोरबा, जगदलपुर, महासमुंद, नागपुर रूट के साथ ही अन्य रूटों की सभी बस सेवा को बंद रखने कहा गया है।

कोरोना

इस वायरस से सावधानी ही सुरक्षा है, अफवाहों से दूर रहे, अपने साथ अपनों की सुरक्षा करें

डरना नहीं लड़ना है

कोरोनो वायरस संक्रमण के लक्षण क्या हैं?

इंसान के शरीर में पहुंचने के बाद कोरोना वायरस उसके फेफड़ों में संक्रमण करता है. इस कारण सबसे पहले बुख़ार, उसके बाद सूखी खांसी आती है. बाद में सांस लेने में समस्या हो सकती है. वायरस के संक्रमण के लक्षण दिखना शुरू होने में औसतन पाँच दिन लगते हैं. हालांकि वैज्ञानिकों का कहना है कि कुछ लोगों में इसके लक्षण बहुत बाद में भी देखने को मिल सकते हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार वायरस के शरीर में पहुंचने और लक्षण दिखने के बीच 14 दिनों तक का समय हो सकता है. हालांकि कुछ शोधकर्ता मानते हैं कि ये समय 24 दिनों तक का भी हो सकता है.

कोरोना वायरस उन लोगों के शरीर से अधिक फैलता है जिनमें इसके संक्रमण के लक्षण दिखाई देते हैं. लेकिन कई जानकार मानते हैं कि व्यक्ति को बीमार करने से पहले भी ये वायरस फैल सकता है. बीमारी के शुरुआती लक्षण सर्दी और फ्लू जैसे ही होते हैं जिससे कोई आसानी से भ्रमित हो सकता है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत, ब्रिटेन और अमरीका समेत कोरोना वायरस कोविड 19 अब दुनिया के 166 देशों में फैल गया है और इसके कारण 10000 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं. जब कोरोना वायरस से संक्रमित कोई व्यक्ति खांसता या छींकता है तो उसके थूक के बेहद बारीक कण हवा में फैलते हैं. इन कणों में कोरोना वायरस के विषाणु होते हैं. संक्रमित व्यक्ति के नज़दीक जाने पर ये विषाणुयुक्त कण सांस के रास्ते आपके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं. अगर आप किसी ऐसी जगह को छूते हैं, जहां ये कण गिरे हैं और फिर उसके बाद उसी हाथ से अपनी आंख, नाक या मुंह को छूते हैं तो ये कण आपके शरीर में पहुंचते हैं. ऐसे में खांसते और छींकते वक्त टिश्यू का इस्तेमाल करना, बिना हाथ धोए अपने चेहरे को न छूना और संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचना इस वायरस को फैलने से रोकने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं.

कितना घातक है कोरोना वायरस?

कोरोना वायरस के संक्रमण के आँकड़ों की तुलना में मरने वालों की संख्या को देखा जाए तो ये बेहद कम हैं. हालांकि इन आंकड़ों पर पूरी तरह भरोसा नहीं किया जा सकता, लेकिन आंकड़ों की मानें तो संक्रमण होने पर मृत्यु की दर केवल एक से दो फ़ीसदी हो सकती है. फ़िलहाल कई देशों में इससे संक्रमित हज़ारों लोगों का इलाज चल रहा है और मरने वालों का आँकड़ा बढ़ भी सकता है. 56,000 संक्रमित लोगों के बारे में एकत्र की गई जानकारी आधारित विश्व स्वास्थ्य संगठन का एक अध्ययन बताता है कि - 6 फ़ीसदी लोग इस वायरस के कारण गंभीर रूप से बीमार हुए. इनमें फेफड़े फेल होना, सेप्टिक शॉक, ऑर्गन फेल होना और मौत का जोखिम था. 14 फ़ीसदी लोगों में संक्रमण के गंभीर लक्षण देखे गए. इनमें सांस लेने में दिक्क़त और जल्दी-जल्दी सांस लेने जैसी समस्या हुई. 80 फ़ीसदी लोगों में संक्रमण के मामूली लक्षण देखे गए, जैसे बुखार और खांसी. कइयों में इसके कारण निमोनिया भी देखा गया।

स्वयं को रहना होगा इससे दूर

अगर आप किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आते हैं तो आपको कुछ दिनों के लिए खुद को दूसरों से दूर रहने की सलाह दी जा सकती है. जिन्हें लगता है कि वो संक्रमित हैं वो डॉक्टर, फ़ार्मेसी या अस्पताल जाने से बचें और अपने इलाक़े में मौजूद स्वास्थ्य कर्मी से फ़ोन पर या ऑनलाइन जानकारी लें. जो लोग दूसरे देशों की यात्रा कर के यूके लौटे हैं उन्हें सलाह दी गई है कि वो कुछ दिनों के लिए खुद को दूसरों से अलग कर लें. दूसरे देशों ने भी इस वायरस से बचने के लिए अपने अपने देशों में स्कूल कॉलेज बंद करने और सर्वजनिक सभाएं रद्द करने जैसे क़दम उठाएं हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी लोगों के लिए एहतियात बरतने के तरीक़ों के बारे में जानकारी जारी की है. संक्रमण के लक्षण दिखने पर व्यक्ति को अपने स्थानीय स्वास्थ्य सेवा अधिकारी या कर्मचारी से संपर्क करना चाहिए. जो लोग बीते दिनों कोरोना वायरस संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए हैं उनकी जांच की जाएगी.

बार बार हाथ धोएं

टीशु का इस्तेमाल

टीशु को फेंके

बाजु का इस्तेमाल करें

चेहरे को छूने से बचें

बीमारों के पास न जाएं

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्रधानमंत्री जी द्वारा

प्रधानमंत्री जी द्वारा थाली बजाकर आभार देनेवाली बात पर कुछ अज्ञानी मूर्खतापूर्ण टिप्पणियाँ कर रहे हैं ये वही लोग हैं जो असली भारत से कोसों दूर हैं आदिकाल से आजतक,सिर्फ थाली ही नही कलसा, मटका, चिमटा, चम्मच सबसे हर्ष-निनाद की परंपरा रही है शिशुजन्म पर आज भी थाली बजाकर खबर दी जाती है बैलों का गांव नहीं होता।

- राजीव रंजन मिश्रा

मुहब्बत जताओ जरा

मुहब्बत जताओ, जरा फासले से। के यारी निभाओ, जरा फासले से। ये आया करोना है विकराल बनकर। चलो सब हराओ, जरा फ़ासले से। मुनासिब यही है रखो सावधानी। मुसीबत भगाओ,जरा फ़ासले से। सदा वक्त की है रखो खुद पे बंदिश। मिलो और मिलाओ जरा फ़ासले से।। अनिल साफरहना औ रखना सफाई। डरो ना डराओ जरा फ़ासले से। - अनिल शर्मा

ख़ास पाती | लगे बरसों सज़ा-ए-मौत को

लगे बरसों सज़ा-ए-मौत को सच कर दिखाने में, जुटे कुछ लोग थे वहशी दरिन्दों को बचाने में। किसी की आबरू को लूटकर बेखौफ़जो रहते, डरेंगे अब ज़रा वो भी बहू बेटी सताने में। मिला इंसाफ आख़िर हो गई माँ की सफल कोशिश, समय ने भी नहीं छोड़ी कसर पर आजमाने में। घुटन आँसू तड़प देकर ज़हाँ में चैन जो करते, सबक उनको सिखाने में न डरना सच बताने में। हँसें लखुते-जिगर हर पल यही माँ-बाप की चाहत, गुजरती ज़िंदगी पूरी फक़त खुशियाँ कमाने में। मुनासिब है कभी जीने न मरने दें फरेबो-ग़म, न करना काम ऐसे तुम अकड़ अपनी जताने में। 'अधर' पाकीज़गी हर एक रिश्ते को मयस्सर हो, बसर हो ज़िंदगी सबकी मुहब्बत से ज़माने में। - शुभा शुक्ला मिश्रा 'अधर

बस इतना ही करना है मुझे

बस इतना ही करना है मुझे तुम्हारी तरह ढ़लना है मुझे पहले चुभ जाते थे बिना चुभे ही कई काँटे अब चल लेती हूँ काँटों पर बिना रुके बिना थके ही पहले कह लेती थी बिना बात के ही बहुत बातें अब सुन लेती हूँ अनसुनी कर देने वाली बातें भी पहले जानना चाहती थी तुम्हारे दिल के अहसास भी अब भूलना चाहती हूँ अपनी हर आरज़ू..हर खुशी.. हर उम्मीद को भी... निचोड़कर अपने अधरों को मिलाकर आँसुओं को उसमें बस यहीं अम्ल पीना है मुझे अब तुम्हारी तरह ढ़लना है मुझे। - नीरू श्रीवास्तव

पिछ्ले कई दिनों की स्टडी के पश्चात

पिछ्ले कई दिनों की स्टडी के पश्चात मैने ये निष्कर्ष निकाला है कोरोना बहुत ही स्वाभिमानी और आत्मसम्मान से भरा हुआ वायरस है । वो तब तक आपके घर नहीं आएगा जब तक आप उसे लेने खुद बाहर नहीं निकलते । घर पर ही रहे। उसे लेने बाहर न जाए। - सीमा राय द्विवेदी

दुनिया भर के समाचार देखे

दुनिया भर के समाचार देखे आस पास पोखर ताल देखे! बड़ेअस्पताल के सिंगार देखे झोपड़पट्टी सारे बेहाल देखे! हवाई अड्डे खबरदार देखे फुटपाथ पे बेघर बार देखे ! शहरों में पहने मास्क देखे गाँव का हाट बाजार देखे! महलों में एहतियात देखे झोपड़ों पे हंसते ठाठ देखे! मरीज़ मरीज़ में फर्क है जो उस बार देखे, इसबार देखे!

- जावेद उस्मानी

करोना वायरस से बचाव ही

करोना वायरस से बचाव ही सबसे बड़ा ईलाज है। हम सभी के लिए जरूरी है कि हम सावधानियाँ बरतें। अनावश्यक रूप से न घूमें और कहीं जाना बहुत जरूरी न हो तो घर से न निकलें। जो काम फोन से हो सकता है उसे फोन से ही बात करके निपटा लें। आप सभी के बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामना सहित। - निश्चय वाजपेयी

इंसान की भूख प्यास जीव जंतु

इंसान की भूख प्यास जीव जंतु तक निगल गई, कोरोना बना ख़ौफ़ए कहर यमराज मेड इन चाइना हो गई । कोहराम दहशत व खामोशी छींकने खांसने से सांसें थमी नमस्ते, ट्रेंड झलके सारे जहां डर भी हमें जीना सिखा गई । - सुरेश वैष्णव

भय कोरोना देखिए, नहीं थूकता पीक

भय कोरोना देखिए, नहीं थूकता पीक। सड़कें भी सुनसान हैं,न खाँसी न छींक।। धरती तल से आसमाँ, कोरोना का गीत। सावधान रहना सभी, होना मत भयभीत।। दूर दूर सबसे रहो, कहते यही उपाय। हाथ मिलाओ एक जुट, कोरोना भग जाय।। अंशु विनोद गुप्ता

QUIZ TIME

1) बिहार का करण्डा कुण्ड किसके जीवन से संबंधित है?
2) किसके जयंती पर नेपाल सेण्ट्रल बैंक ने 100रूपये, 1000रूपये और 2500 (नेपाली रूपये) के मूल्य वर्ग के तीन स्मारक सिक्के जारी किए?
3) किस संस्थान से शोधकर्ता ने पहली बार भारतीय ब्रेन एटलस विकसित किया है?
4) 700 वर्ष की आयु में जलवायु परिवर्तन के कारण किस देश ने ओक्जोकुल ग्लेशियर खो दिया है?
5) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की पहली महिला मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

उत्तरमाला- (1) गौतम बुद्ध (2) गुरूनानक देव की 550वीं जयंती पर (3) आईआईआईटी, हैदराबाद (4) आइसलैंड (5) गीता गोपीनाथ

Ramaquiz

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1739 - आक्रमणकारी नादिर शाह ने अपनी सेना को दिल्ली मे जनसंहार की इजाजत दी। 1890 - रामचंद्र चटर्जी बैलून में उड़ान भरने और पैराशूट से उतरने वाले पहले भारतीय बने। 1893 - चटगांव विद्रोह का सफल नेतृत्व करने वाले महान क्रांतिकारी सूर्य सेन का जन्म। 1923 - पहली बार आइस हाकी मैच का रेडियो से प्रसारण। 1947 - आखिरी वायसराय लार्ड माउंटबेटन भारत पहुंचे। 1956 - अमरीका में रंगभेद विरोधी नेता मार्टिन लूथर किंग को एक नस्लवादी कानून का विरोध करने के कारण कैद की सजा हुई। 1957 - शक संवत पर आधारित राष्ट्रीय कैलेंडर अंगीकार किया गया। 1964 - पुरानी कारों की पहली रैली कोलकाता में आयोजित।1 969 - इंडियन पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड का उद्घाटन।

कोरोना का इकोनॉमी पर कहर

व्यापारियों से दो दिन दुकानें बंद रखने का आव्हान

कोरोना वायरस के खिलाफ छेड़े जंग का समर्थन करने का निर्णय

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की दुर्ग जिला इकाई ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनता कफ्यू के आह्वान और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कोरोना वायरस से बचाव के लिए किए गए सुरक्षा संबंधी उपायों का समर्थन करते हुए 22 व 23 मार्च को व्यापारियों से अपनी प्रतिष्ठानें बंद रखने का आह्वान किया है। दो दिवसीय इस बंद से आवश्यक सेवाएं मेडिकल स्टोर्स, पेट्रोल पंप, किराना दुकान व सब्जी व्यवसाय को अलग रखा गया है। यह निर्णय छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की दुर्ग इकाई ने शनिवार को समस्त व्यापारी संगठन की बैठक में लिया है। बैठक उपरांत समस्त व्यापारियों ने इंदिरा मार्केट, सराफा बाजार, गांधी चौक, मोती काम्पलेक्स, हटरी बाजार एवं अन्य व्यापारिक क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यापारियों से दो दिन अपनी दुकानें बंद कर कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में अपनी जागरुकता का परिचय देने की अपील की गई। इस दौरान व्यापारियों को कोरोना वायरस से बचाव के उपाय बताते सेनीटाइजर व मास्क का उपयोग करने कहा गया। साथ ही दुकानें बंद के दौरान घरों से नहीं निकलने का आग्रह किया गया। इस दौरान प्रदेश सराफा एशोसिएशन के अध्यक्ष मदन जैन, जिला सराफा संघ अध्यक्ष प्रकाश सांखला, राईस मिल एशोसिएशन अध्यक्ष विनीत जैन, दुर्ग जिला चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज अध्यक्ष अशोक राठी, इंदिरा मार्केट व्यापारी संघ सचिव दिलीप बाकलीवाल, दिलीप मारोटी, बहादुर अली थर्रानी, पवन बडज़ात्या, महेन्द्र संचेती, राधेश्याम भूतड़ा, महेन्दी भाई समनानी, प्रवीण भाई अड़तिया के अलावा विभिन्न व्यापारी संगठन के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

कैट का जनता कफ्यू को समर्थन

देश की सबसे बड़ी व्यापारी संगठन कन्फ्रेडेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 22 मार्च को सुबह 7 से रात्रि 9 बजे तक जनता कफ्यू के आह्वान का समर्थन करते हुए जिले के सभी व्यापारियों से अपनी दुकानें पूर्णतः बंद रखने की अपील की है। बंद से आवश्यक सेवाओं की दुकानें मेडिकल स्टोर्स, पेट्रोल पंप, किराना दुकान व सब्जी व्यवसाय को छूट दी गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला कन्फ्रेडेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के अध्यक्ष प्रहलाद रुंगटा ने कहा कि देश में कोरोना वायरस का संक्रमण बढ़ रहा है। जनता की स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी ने जनता कर्फ्यू का आह्वान किया हैए जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा बचाव के लिए सुरक्षा संबंधी उपाय किए गए है। हमें कोरोना से लडऩा है न कि डरना है। सावधानी ही बचाव काण्मूलमंत्र है। इसलिए परिवार व समाज के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए सभी व्यापारी 22 मार्च को अपनी दुकानें बंद रखकर शासन. प्रशासन की मुहिम में अपनी भागीदारी निभाएं। जिला कन्फ्रेडेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन बडज़ात्या, मिडिया प्रभारी संजय चौबे, मोहम्मद भाई, महामंत्री मनोज गोयल, कोषाध्यक्ष अमर कोटवानी, उपाध्यक्ष सुनील जैन, सुधीर खंडेलवाल एवं अन्य पदाधिकारियों ने व्यापारियों से अपनी दुकानें बंद रखने की अपील की है।

खूबसूरती....

दुर्ग (नवप्रदेश)। नगर निगम द्वारा रेल्वे स्टेशन सौंदर्यीकरण स्थल के पेड़ पौधों में डाले जा रहे खाद और पानी डालने का कार्य का शहर विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होनें शहर में निगम से स्थित समस्त उद्यान, चैराहों में स्थित सौंदर्यीकरण गार्डनों को हरा-भरा रखने निरंतर पानी डालें साथ ही वहॉ साफ-सफाई बनाकर रखें। शहर में स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय उद्यान, राजेन्द्र पार्क स्थित सीए चौक, जीईरोड डिवाईडर, रेल्वे स्टेशन के सामने सड़क किनारे निर्मित सौंदर्यीकरण कार्य व गमलों में टैंकर के माध्यम से पेड़ पौधों में पानी सींचा गया। विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा उद्यान विभाग को निर्देशित कर कहा गया है कि गर्मी ने दस्तक दे दी है।

न्यूज गैलरी

5 तक सभी कार्यक्रम प्रतिबंधित

दुर्ग। कलेक्टर अंकित आनंद ने धारा 144 अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए समस्त होटल, मैरिज पैलेस, रिसोर्ट क्लब, सामुदायिक भवन इत्यादि में सार्वजनिक, अर्धशासकीय, निजी आयोजन 5 अप्रैल तक तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है।

आगामी आदेश तक व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे

दुर्ग। कोरोना वायरस के संक्रमण की आशंका को देखते हुए कलेक्टर श्री अंकित आनंद ने एपिडेमिक डिसीज एक्ट 1897 के अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए 5 अप्रैल या आगामी आदेश तक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बंद किये जाने के लिए आदेशित किया है। जिले के नगरीय सीमा क्षेत्रांतर्गत संक्रमण से बचाव एवं स्वास्थ्यगत् आपातकालीन स्थिति को नियंत्रण में रखने हेतु निम्नलिखित संस्थानों सभी मण्डियों व दुकान व ठेला सब्जी, फल अनाज, मेडिकल स्थापनायें एवं मेडिकल दुकान, ट्रांसपोर्ट नगर व गुड्स एवं कैरियरी सेवाए, पेट्रोल पंप, गैस एजेन्सी, बैंकिग सेवाए जिनमें एक समय में दस से अधिक व्यक्ति एकत्र नहीं होंगे।

विधायक, महापौर ने वार्ड कार्यालय में किए मुलाकात

आवेदनों की ली जानकारी, कोरोना संक्रमण से सजग रहने किए अपील

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल और आयुक्त इंद्रजीत बर्मन द्वारा आदित्य नगर वार्ड कार्यालय का निरीक्षण कर वहॉ उपस्थित आम जनता से मुलाकात की। उन्होनें वार्ड में गंदा पानी आने की समस्या और सड़क से गायों हटाने की समस्या का जल्द निराकरण करने निर्देश दिए। उन्होनें मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में शिकायत और मांग का आवेदन देने पहुॅचे लोगों से मुलाकात कर उन्हें नेवेल कोरोना वायरस के संक्रमण और नियंत्रण रोकथाम का उपाय करने की जानकारी दी गई। इस दौरान पार्षद अरुण सिंह, श्रीमती निर्मला साहू, मनीष यादव, अरुण देवांगन, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, पूर्व पार्षद राजेश शर्मा, प्रकाश गीते, अलताफअहमद, के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

आदित्य नगर मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में आज आदित्य नगर की दो दर्जन से अधिक महिलाओं के अलावा वार्ड पार्षद देवनारायण चंद्राकर, निर्मला साहू ने सड़क नाली निर्माण के साथ वार्ड की सफाई, अमत मिशन के तहत् नल कनेक्शन देने, सड़क से मवेशियों को हटाने, तथा गंदा पानी आने से आवेदकों ने अवगत कराये। विधायक, महापौर ने जनता की समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द कर उन्हें अवगत कराने निर्देश दिये। साथ ही उन्होनें आम नागरिकों से अपील कर कहा चीन से फैले कोरोना वायरस का संक्रमण से बचाव का उपाय अवश्य करें। मास्क लगायें, हैण्ड सेनेटरीज का उपयोग करें, अधिक भीड़-भाड़ जगहों पर ना रहें। हाथ का उपयोग के बाद तुरंत उसे धोयें। आदित्य नगर मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में वार्ड 20 और 21 के शीला दत्त, इंद्रजीत कौर, मिलिंद महजन, रामप्रसाद श्रीवास्तव, रेणु ग्लानी, वीणा ग्लानी, द्रोपती तलरेजा तथ सुखह नामक करदाताओं ने कार्यालय समय पर पहुॅचकर अपने टैक्स की अदायगी की।

उन्होनें कुल 32368 रु0 टैक्स जमा करायें। वहीं निराश्रित पेंशन के निराकरण का आवेदन, सफाई की समस्या और गंदा पानी आने, राशन कार्ड बनाने के आवेदन कार्यालय में प्राप्त हुआ है।

कोरोना वायरस में जनता कर्फ्यू का पालन करें : कुरैशी

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने प्रदेश की जनता से अपील है कि देश कोरोना वायरस संकमण से गुजर रहा है इससे बचने के लिए अपने अपने घरों में ज्यादा से ज्यादा समय दे और स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा दिये जा रहे सलाह के मुताबिक अपने परिवार और इष्ट मित्रों में पालन करवाने का प्रयास करें। कोरोना वायरस पूरी दुनिया में फैल चुका है लोगों द्वारा तरह.तरह की अफवाह दुष्ट प्रचार किया जा रहा है उस दुष्ट प्रचार से दूर रहे इसमें ईमानदारी के साथ जितनी जरूरत है उतने ही काम के लिए बाहर निकले और भिड़.भाड़ वाली जगह से अपने आप को बचा कर रखें। देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश के मुताबिक 22 मार्च को जनता कर्फ्यू का दिन घोषित किया गया है उसे हम सब मिलकर सफल बनाये। शासन प्रशासन के नैतिक दायित्व के साथ.साथ अपने भी कर्त्वयों का निर्वाह करें। निश्चित तौर पर हमें कोरोना वायरस को समाप्त करने में सफलता मिलेगी।

कोरोना से बचाव हेतु नेहरू केन्द्र का अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग द्वारा ग्राम उमरपोटी, हनोदा एवं ग्राम चीचा में कोरोना वायरस से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही धमधा और पाटन में भी नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग द्वारा जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन नितिन कुमार शर्मा जिला युवा समन्वयक नेहरु युवा केन्द्र के नेतृत्व में किया गया। जिसमें सभी को घर - घर जाकर बचाव के उपाय में हाथ न मिलाने, कम से कम 1 मीटर की दूरी बनाए रखने, छीकते व खॉसते समय मॉस्क/रूमाल का उपयोग करने, सार्वजनिक स्थानों पर न थूकने, एवं अपने हाथों को बार - बार धोने की हिदायत दी गई। नेहरु युवा केन्द्र द्वारा आगे भी स्थिति सामान्य होने तक इसी प्रकार स्वयं व दूसरों को भी वीडियो कॉल एवं डिस्टेंश फॉलों कर कोरोना के प्रति लोगों को सावधान करने का कार्य किया जाएगा एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में 22 मार्च को सुबह 07 बजे से रात्रि 09 बजे तक जनता कर्फ्यू की जानकारी दी गई एवं इसका समर्थन करने हेतु लोगों से आग्रह किया गया।

बकाएदारो ने किया 6.75 लाख जमा

ग्रामों में अभियान चलाकर बकायेदारों को बिजली बिल जमा करने किया प्रोत्साहित

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के विभागीय संचारण, संधारण संभाग दुर्ग के वितरण केन्द्र अर्जुन्दा व सिकोसा के भरदाकला, मोहंदीपाट, कांदुल, चंदनबिहरी, कुरदी व हल्दी ग्राम मुख्यालयों के विभिन्न ग्रामों में पिछले दो सप्ताह से लगातार विद्युत बकाया वसूली अभियान चलाकर बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का लाइन विच्छेदन किया जा रहा है। अभियान षुरु करने के पहले बकायेदारों से विद्युत बकाया भुगतान करने की अपील की गई। बार.बार अपील किये जाने पर पिछले दो सप्ताह में 250 बकायेदारों द्वारा 06 लाख 75 हजार रुपए का भुगतान कर दिया गया। इसी कड़ी में बार.बार नोटिस अथवा अपील करने के बावजूद भी बिजली बिल की राषि का भुगतान नहीं करने वाले 24 बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्षन काट दिया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक संजय पटेल ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि समय पर बिजली बिल का भुगतान करें एवं अप्रिय विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही से बचें। कार्यपालन अभियंता एडी टंडन, सहायक अभियंता पीके अग्रवाल, कनिष्ठ अभियंता उत्तम कुमार सोनी एवं कमलेश कुमार साहू तथा लाइन स्टाफ की टीम के द्वारा विद्युत बकाया वसूली एवं लाईन विच्छेदन के साथ.साथ विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत के समुचित उपयोग हेतु प्रचार.प्रसार किया गया एवं हाफ बिजली बिल योजना की जानकारी भी दी गई। विद्युत चोरी करते पाये जाने पर सख्त कार्यवाही किये जाने की भी जानकारी उपभोक्ता को लगातार दी जा रही है।

सीएमओ का किया स्वागत

नवप्रदेश संवाददाता

जामुल। नगर पालिका परिषद में नवपदस्थ सीएमओ राजेन्द्र नायक ने कार्यभार ग्रहण किया। पालिका के अधिकारी कर्मचारियों ने गुलदस्ता भेंट कर नये सीएमओ का स्वागत किया। श्री नायक ने कहा कि पालिका में हम सभी मित्रवत संबंध से कार्य करेंगे साथ ही राजस्व विभाग के संबंध में विशेष चर्चा किए। चूंकि मार्च का महीना है इसलिए राजस्व वसुली के संबंध में सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को वसुली के संबंध में दिशा निर्देश दिए। नए सीएमओ के कार्यभार ग्रहण के दौरान सहायक अभियंता दिनेश नेताम, उप अभियंता एके लोहिया, हेमन्त वर्मा, पूनीत वर्मा, मोहन वर्मा, रामू देवांगन, केदार बंछोर, महेन्द्र परगनिहा, प्रीति गुप्ता, प्रकाश मानिकपुरी, डोमार बंछोर, नीलकंठ वर्मा, सेन कुमार उपस्थित थे ।

जीवन ने आस्था को किया देहदान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। जीवन कुमार चौधरी 89 वर्ष का शरीर मेडिकल कॉलेज में दान किया गयारु आस्था संस्था भिलाई नगर छत्तीसगढ़ के माध्यम से 89 वर्ष के वृद्ध देश की सेवा निर्मित जीवन कुमार चौधरी बंगाली समाज के इन्होंने मरने के बाद अपने शरीर को मेडिकल कॉलेज में दान करने की इच्छा वह प्राण लिया था आज 21 मार्च को उनके निवास स्थान बोरसी में देहांत हो गया। इनकी इच्छा को ध्यान में रखते हुए उनके शरीर को 80 वर्षीय पत्नी मंजू चौधरी पुत्र मृणाल चौधरी बहु रीता चौधरी किच्छा से उनके शरीर को रूंगटा डेंटल कॉलेज भिलाई में बच्चों के रिसर्च हेतु प्रैक्टिकल हेतु दान कर दिया गया इस अवसर पर परिवार के तीनों सदस्यों ने भी अपने शरीर दान करने के लिए भी घोषणा की है श्रीमती मंजू चौधरी जीने यह शरीर नश्वर है जलाने के बजाय इसे देश और समाज हित के लिए मेडिकल कॉलेज में दिया जाए तो सबसे बेहतर होगा यह सब के लिए प्रेरणा दी है संस्था के सभी सदस्य व संरक्षक सांसद विजय बघेल ने मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की है और शरीर दान सर्वस्व दान यह एक नोबेल काम है सभी लोगों के लिए इससे प्रेरणा लेनी चाहिए।

गंदगी फैलाने पर उड़नदस्ता टीम ने लगाया जुर्माना

कार्यवाही करते हुए वसूले 92 सौ के अर्थदण्ड

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगम के उड़नदस्ता टीम ने वार्ड 23 सकुर्लर मार्केट, वार्ड 06 सुपेला बाजार तथा केम्प 02 बाजार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले व्यवसासियों से प्रतिबंधित प्लास्टिक, बिना व्यवसायिक लाईसेंस के व्यवसाय करने वालों, गंदगी फैलाने वालों का निरीक्षण कर कार्यवाही करते हुए 9200 रूपए के अर्थदण्ड की वसूली की। उड़नदस्ता की टीम ने निगम क्षेत्र का सघन दौरा कर बाजार क्षेत्र में गंदगी फैलाने वाले, सड़क बाधा एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक, कैरी बैग उपयोग एवं विक्रय करने वालों के यहां निरीक्षण करते हुए कार्यवाही की। टीम ने वार्ड 23 सकुर्लर मार्केट एवं सब्जी मंडी में चालानी कार्यवाही की जिसमें दिनेश फल दुकान से प्रतिबंधित कैरी बैग जप्त कर 200 रूपए, व्यापारिक लाइसेंस नहीं होने पर शेखर गन्ना वाले से 500 रूपए, शिवलाल बूट हाउस द्वारा गंदगी फैलाने पर 500 रूपए, जनता बूट हाउस के लाइसेंस नहीं होने पर 1000 रूपए, हिन्दूस्तान बूट हाउस द्वारा गंदगी फैलाने पर 500 रूपए, पूजा वस्त्र भंडार के पास लाइसेंस नहीं होने पर 500 रूपए, प्रभुदयाल वस्त्र भंडार के पास लाइसेंस नहीं होने पर 2000 रूपए जुर्माना लिया गया। वार्ड 06 नेहरू भवन के सामने नीनाशीष के द्वारा सड़क पर कचरा फेंकते पाए जाने पर 2000 रूपए अर्थदंड लिया गया। वार्ड 21 के संतोष साहू के द्वारा सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल रखकर सड़क बाधा करने पर 2 हजार अर्थदंड लिया गया।

निधन

दिनेश कुमार सेन

दुर्ग। दिनेश कुमार सेन 56 वर्ष शिक्षक नगर गार्डन के सामने का निधन 21 मार्च को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 22 मार्च को सुबह 10 बजे अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान शिक्षक नगर गार्डन के सामने से निकलकर हरनाबांधा मुक्तिधाम में जाएगी। वे विमल सेन के छोटे भाई एवं वरुण सेन के पिता विकास, जतिन, भावेश, हनी, मिंटू के चाचा थे।

बीएन सिंह

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त सीनियर मैनेजर सडक 03 प्रगति नगर रिसाली निवासी बीएन सिंह 84 वर्ष का 21 मार्च की दोपहर 12 बजे रायपुर के निजी अस्पताल मे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रिसाली मुक्तिधाम में किया गया। वे राजेश सिंह, अरूण सिंह, तारा सिह, वंदना सिंह के पिता थे। क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

84 का सम्मान. छग यादवीं शौर्य के प्रतीक प्रथम योध्दा नर्तक ने अस्त्र-शस्त्र के साथ यादवीं शौर्य का किया प्रदर्शन।

प्रथम योद्धा नर्तक के द्वितीय स्थापना दिवस संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। गहिरा गुरू राजेश यादव के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि भारत देश के प्रथम योद्धा नर्तक के द्वितीय स्थापना दिवस उरला मे सम्पन्न हुआ। कोरोना वायरेश के बचाव को ध्यान में रखते हुए भव्य यादवीं शौर्य प्रतिस्पर्धा स्थगीत कर यादव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। यादवीं शौर्य का प्रदर्शन करते हुए, राऊत बाजा के धुन मे पारम्परिक दोहो का पाठ कर थिरकते हुए यादव ने मुख्य अतिथि अरुण वोरा विधायक, महापौर धीरज बाकलीवाल, महिला एवं बाल विकास प्रभारी जमुना साहू, विधायक छाया बृजेश यादव, मंगलकरण पांडे, अलताफ अहमद, प्रकाश गीते, सुबेदार यादव, संतोष यादव चंद्रहास यादव, निलीमा सोनी का अगुवाई करते हुए यादवों व अथितियों ने योध्दा प्रतिमा मे पुष्प हार पहनाकर प्रणाम किया। इस अवसर पर निःशुल्क 2 माह प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 84 बाल बालिकाओं को प्रमाण पत्र देकर अथितीयो ने सम्मान किया, यादवों पारम्पारिक यादव पगडी, तेंदु सार की लाठी व तलवार से अथितियो का स्वागत किया। विधायक वोरा ने विधायक विकास निधी से राऊत नाच पारम्पारिक परिधान व वादय यंत्र क्रय करने राशि देने की बात कही। महापौर धीरज बाकलीवाल ने नगर निगम द्वारा स्वच्छता पेंटिंग मे छत्तीसगढ़ के राऊत सिंबाल व योध्दा सिंबाल को प्रमुख चौक-चौराहौ मे अंकित करने का वचन दिया यादवों को, गहिरा गुरू के नेतृत्व में विगत 14 वर्षो से राऊत नाच को योद्धा नर्तन का गौरवशाली नाम देकर आयोजित करा रही हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ के 50 राऊत नर्तक दल महोत्सव मे सम्मलित होती है जिन्हें विभिन्न स्तर पर पुरस्कृत व सम्मानित किया जाता रहा हैं, बहुचर्चित श्रृंखला हत्याकांड कांड के मुख्य आरोपी को कडी सजा दिलाने के लिए जनप्रतिनिधियों से मांग की और यादव संघ मित्र कल्याण मंडल के ने नेतृत्व में बालक-बालिकाओं को निःशुल्क देशी मार्शल आर्ट की सहराहना कि। आभार प्रदर्शन करते हुए सांस्कृतिक सचिव राकेश यादवों ने कहां कि आज हमारे यादवों के सिधेपन का लोग कमजोर समझ रही हैं, कहते हुए कहां कि एक तरफ कौरव के सेना, दूसरे तरफ पाडव। महाभारत के युध्द मे भैय्या भारी पड गे यादवों, प्रमुख रुप से उपस्थित थे। संस्था के अध्यक्ष कमलेश यादव, सचिव उमराव यादव, महामंत्री बृजेश यादव, बाबूलाल आदि उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

डायलिसिस यूनिट व आइसोलेशन वार्ड का निरीक्षण

महासमुंद। विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने शुक्रवार को जिला हॉस्पिटल में डायलिसिस यूनिट व आइसोलेशन वार्ड का निरीक्षण किया। यहाँ डायलिसिस यूनिट में भर्ती मरीज का हालचाल पूछते हुए सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान प्रमुख रूप से अपर कलेक्टर शरीफ मोहम्मद, सिविल सर्जन डॉ आरके परदल, डीपीएम संदीप ताम्रकार, जिला नोडल अधिकारी डा अनिरूद्ध कसार मौजूद थे।

कचरा फेंकने पर दो पक्षों में विवाद

महासमुंद। घर के सामने कचरा फेंकने की बात पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने काउंटर केस दर्ज कर लिया है। चिंगरौद में गुरूवार शाम 7 बजे पवन नायक पिता घनश्याम नायक के घर के सामने कचरा फेंकने की बात पर विवाद हुआ। पवन की शिकायत अनुसार खिलावन ध्रुव, खेलू ध्रुव, गंगा बाई और राजू ध्रुव ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। इसी तरह खिलावन ध्रुव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पवन नायक और अनिता नायक ने गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में 6 लोगों के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

हादसे में एक की मौत

महासमुंद। पिकअप की ठोकर से बाइक सवार की मौत के बाद पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक बुधवार रात सवा 8 बजे पिथौरा-बया मार्ग पर एक स्कूल के सामने पिकअप क्रमांक सीजी 22 आर 8235 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को चपेट में ले लिया। जिससे बाइक चालक नयापारा पिथौरा निवासी विवेक बंजारे (24) की मौत हो गई। पुलिस ने पिकअप चालक गबौद जिला बलौदाबाजार निवासी विपिन बरिहा पिता सुंदर लाल के खिलाफ धारा 279, 337, 338, 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

जुआ खेलते 6 सपड़ाए

महासमुंद। सरायपाली थानांतर्गत ग्राम माधोपाली में चल रहे जुआ फड़ से पुलिस ने 6 जुआरियों को पकड़ा। गुरुवार रात 10 बजे जुआ फड़ संचालित होने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की। इस दौरान जुआ खेल रहे गांव के खेमलाल साहू, खेमकुमार साहू, केशव साहू, लव कुमार साहू, संतोष और छिर्राबाहरा निवासी जगराज साहू के कब्जे से नकदी 8 हजार रुपए और ताशपत्ती बरामद की। जिस पर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

तेंदूए ने बछड़े को मार डाला

महासमुंद। पिथौरा वनपरिक्षेत्र के गोपालपुर स्थित दसवांपारा में एक किसान की बाड़ी में घुसकर तेंदूआ ने बछड़े को शिकार बनाया। घटना गुरूवार-शुक्रवार दरम्यानी रात की है। सुबह किसान ने बछड़े को मृत अवस्था में पाया। इसकी खबर पूरे गांव में फैल गई। बाद वन अमला को सूचना दे दी। आसपास के गांवों में अलर्ट किया जा रहा है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष रश्मि 31 तक नहीं लेंगी पदभार

महासमुंद। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री हरदेव ढिल्लो ने बताया कि कोरोना (कोविड-19) वायरस का प्रभाव विश्व के अनेक देशों के साथ भारत के विभिन्न राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ में प्रभावशील है। इसे ध्यान में रखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने 31 मार्च तक पदभार नहीं करने का निर्णय लिया है। डा चंद्राकर द्वारा कोरोना (कोविड-19) से बचने के लिए राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे सलाहों को पूरी तरह अमल में लाने की अपील जिले के कांग्रेसजनों तथा जनता से की है और कहा कि सावधान रहें स्वस्थ रहें और अन्यों को भी स्वस्थ रखें। इस बीच आवश्यकता पडने् पर कांग्रेसजन नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

दो दिन ही बंद रहेगी सब्जी दुकान

महासमुंद। शहर में 21 मार्च से सब्जी बाजार अनिश्चितकालीन बंद होने की खबर मोबाइल के सोशल मीडिया व्हाटसअप ग्रुप में वायरल होने के बाद से बंद को लेकर लोगों में हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया में वायरल हुई खबर की जानकारी सब्जी व्यावसायियों तक पहुंचने के बाद उन्होंनें नाराजगी जताते हुए मामले की थाने में शिकायत करने की बात की है। संघ के अध्यक्ष संतोष चंद्राकर ने लोगों से इस खबर को अफ्वाह बताते हुए इस पर ध्यान नहीं देने अपील की है। उन्होंनें बताया है कि सब्जी दुकानें केवल दो दिन रविवार को जनता कर्फ्यू और सोमवार को सब्जी व्यावसायियों के साप्ताहिक अवकाश के कारण ही बंद रहेगी। 21 मार्च से अनिश्चितकालीन के लिए बंद होने की बातों पर ध्यान ना दें।

ट्रेनें रद्द

महासमुंद। कोविड-19 कोरी वायरस के कारण ईस्ट कोस्ट रेलवे ने पुरी स्टेशन से महासमुंद के रास्ते अपने गंतव्य तक जाने वाली दो ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इनमें से ट्रेन नंबर 22866 और 22865 पुरी- एलटीटी शामिल है। इसके साथ ही ट्रेन नंबर 1840718408 पुरी-सांईधाम(सिरडी) एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। शुक्रवार को रेलवे की ओर से यह आदेश जारी किया गया।

अवासीय प्रशिक्षण के दौरान मितानिनों को कैटरर्स परोस रहा, फर्जी ब्रांड के खाद्य तेल से बना भोजन

- घरेलू उपयोग के सिलेण्डर धड़ल्ले से उपयोग कर रहा कैटरर्स
- घरेलू सिलेण्डर उपयोग की सूचना देने के बावजूद नही पहुंचे खाद्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी
- नकली तेल के उपयोग पर तत्काल कार्यवाही करते सैम्पल जप्त की एफ्एसओ ने

> सूचना मिलने के बाद संबंधित कैटरर्स भागचंद जैन से पूछताछ की गई संबंधित फ्र्म में पहुंचकर एक मिथ्या ब्रॉड के खाद्य तेल की जब्ती के साथ ही इसका सैम्पल जॉच के लिए भेजा जा रहा है।
>
> **डोमन ध्रुव,** एफएसओ

कोण्डागांव। जिला मुख्यालय में फर्जी ब्रॉड के खाद्य तेलो की खपत धड़ल्ले से चल रही है और उसका फ़ायदा लोगों की जान जोखिम में डाल कैटरर्स उठा रहे हैं ।

मामला शुक्रवार को सामने आया जानकारी के मुताबिक पुराने आरएनटी हॉस्पिटल परिसर में इन दिनों चल रहे मितानिनों के अवासीय प्रशिक्षण के दौरान केटरिंग वाले के द्वारा मितानिनों को फर्जी ब्रॉड के खाद्य तेल से उनके लिए भोजन आदि बनाया जा था । जिसकी सूचना मिलने के बाद जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन्द्र ध्रुव सहित अन्य अधिकारी मौके पर तत्काल पहुंच केटरर्स से तेल के टीन की जॉच आदि किया गया। जिसमें आवश्यक जानकारी उत्पादन सहित अन्य का उल्लेख ही नही था।

अधिकारियों द्वारा पूछताछ में कैटरर्स के द्वारा कोण्डागांव के महावीर ट्रेडर्स से तेल खरीदे जाने की बात कही। जिस पर अधिकारियों की टीम संबंधित दुकान में पहुंचकर मौके से तीन टीन फर्जी ब्रॉड के खाद्य तेल की जब्ती करते हुए इसका सैम्पल जॉच के लिए लैब भेजने की कार्यवाही की है। बताया जा रहा है कि, महावीर ट्रेडर्स के संचालक ने अधिकारियों को मौके पर इन खाद्य तेलों से संबंधित कोई दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं करवा पाया। आपको बता दे कि केटर्स के द्वारा खरीदी गई जिस खाद्य तेल से बने पकवानों को रोजाना 73 से अधिक मितानिनों को भोजन करवाया जा रहा है उससे कही प्रशिक्षण में पहुंचे लोगों को यदि फूड पायजनिंग हो जाती तो इसका जिम्मेदार कौन होता।

वहीं घरेलू उपयोग के सिलेंडर के उपयोग पर कैटरर्स जानकारी देने से बचता रहा। वहीं इसकी सूचना जिला खाद्य अधिकारी को देने के बाबजूद कोई विभागीय जांच व कार्यवाही के लिए जिम्मेदार विभाग के नुमाइंदों का मौके पर न पहुंचने से खाद्य विभाग की अपने कर्तव्य के प्रति उदासीनता नजर आई। जिसके कारण बे ख़ौफ़ हो कैटरर्स अपनी मनमानी कर रहे हैं।

प्रशासन व पुलिस कोरोना वायरस को लेकर अलर्ट

प्रशासन व पुलिस ने बनाया वाटसएप ग्रुप

- पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को कोरोना वायरस से बचाव व रोकथाम को लेकर दिए निर्देश
- थानों में लगी कोरोना वायरस से बचाव व रोकथाम की फ्लैक्सी

नवप्रदेश संवाददाता

प्रशासन व पुलिस की ज्वाईन्ट वाटसएप ग्रुप बनी

सीईओ अश्वनी देवांगन एवं एएसपी हरीश राठौर की पहल पर कोरोना वायरस की रोकथाम एवं बचाव तथा इससे जुड़ी किसी प्रकार की सूचना पर त्वरित कार्यवाही को लेकर प्रशासन व पुलिस विभाग की ज्वाईन्ट वाटसएप ग्रुप बनाई गई है ताकि जिम्मेदारी अधिकारी व डॉक्टर किसी सूचना पर तत्काल एक्शन ले सके।

सूरजपुर। कोरोना वायरस को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस ने सुरक्षा व सतर्कता को लेकर कई एहतियातन कदम उठाए है और पूरी सजगता से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर सूरजपुर श्री दीपक सोनी व पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुकरेजा के निर्देशन व मार्गदर्शन में शुक्रवार 20 मार्च 2020 को जिला चिकित्सालय में जिले के पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को कोरोना वायरस के लक्षण एवं बचाव की जानकारी दी गई।

सीईओ अश्वनी देवांगन, सीएचएमओ डॉ. आर.एस.सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, अपर कलेक्टर एम.एस.मोटवानी की मौजूदगी में डॉ. राजेश पैंकरा एवं डॉ. दीपक जायसवाल ने कोरोना वायरस से सुरक्षा के उपाए एवं क्या करें और क्या न करें इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस कैसे फैलता है, इसकी रोकथाम किस प्रकार से की जा सकती है इसकी विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान कई थाना प्रभारियों ने कोराना वायरस की रोकथाम एवं बचाव से जुड़े कई सवाल किए जिसका जवाब कार्यशाला में मौजूद डॉ.आर.एस.सिंह एवं डॉ. शशि एक्का ने दिए।

कोरोना से लड़ाई में एक कदम आगे ...!

गंडई पंडरिया। नगर पंचायत गंडई द्वारा कोरोना वायरस से लड़ाई की कमर कस ली है । गंडई नगर में अन्य राज्य से लोग आ रहे है । राज्य के बाहर से आने वाले सभी लोगों की जांच भी की जा रही है ।फिर भी कई लोग छुपकर आ रहे है ऐसे मास्क लगाने पर बाहर से आये लोगों की खाँसी आदि से होने वाले वायरस फैलाव से बचा जा सकता है । कोरोना वाइरस के नियंत्रण एवम रोकथाम के लिए नगर पंचायत गंडई पहल से माँ शारदा महिला समूह के द्वारा मास्क तैयार किया गया है । यह मास्क डॉ श्री प्रशांत सोनी के मार्गदर्षन में कपड़े द्वारा तैयार किया किया गया है । मास्क का किफायती दर पर 21 फरवरी को स्टाल लगाकर विक्रय किया गया।

स्वास्थ्य केंद्र में सैनिटाइजर का उपयोग

गंडई के स्वास्थ्य केंद्र मे विधायक प्रतिनिधि भिगेश यादव ने स्वास्थ्य केन्द्र मे आने जाने वाले मरीजो और व्यक्तियों को सैनिटाइजर से हाथ साफकराया फिर स्वास्थ्य केंद्र मे अंदर प्रवेश कराया और मावस पहनकर ही घर से बहर निकलने की भी समझाइस दी । उन्होने कहा की कोरोना वाइरस के चलते स्वक्षता बतरना जरूरी है । घर मे हैंडवास या साबुन से हाथ को अच्छे तरीके साए धोये व साफरखे । जिससे इस महामारी से बचा जा सकता है । सावधानी हमे खुद बरतनी पड़ेगी । लोगो से अपील भी की जरूरी कम आने पर ही घर से बाहर निकले । शादी ब्याह मे जाने से बचे ।

अध्यक्ष श्यामपाल ताम्रकार द्वारा कोरोना से लड़ने के लिए एक रोडमैप तैयार किया गया है जिसके लिए स्वच्छता का प्रयास लगातार किया जा रहा है । सबसे पहले थोक सब्जी मंडी को स्थानांतरित करके नगर को स्वच्छ किया गया । गंडई शहर के अंदर साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित किया गया । गंडई के चिल्हर सब्जी बाजार को भी स्वच्छ किया गया । चाट गुपचुप ठेला को बंद कराया गया । ब्यूटी पार्लर को बंद कराया गया । शादी व अन्य समारोह में दिए जाने वाले भवन को किराए से देने के लिए आगामी आदेश तक रोका गया यदि विशेष परिस्थिति हो तो एसडीएम की अनुमति से दिया जाएगा । नालियों व मूत्रालय में बिलीचिंग पावडर का छिड़काव कराया गया है । शासकीय अस्पताल के सामने कबाड़ी को हटाकर स्वच्छ किया गया है । नगर पंचायत कार्यालय के सभी कर्मियों को मास्क वितरण किया गया है । स्वच्छता के लिए हर आवश्यक कदम को उठाया गया है ।

देश भर में फैल रही कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम के तहत् शहर के तालाबों और नाला, नालियों, सड़कों की साफ्सफाई अभियान प्रारंभ किया गया है। उल्लेखनीय है कि देश भर में कोरोना वायरस संक्रमण फैलने की सूचना पर नगर की सफाई को लेकर गंभीर व सक्रिय हो गये हैं। रायपुर शहर मे कोरोना वाइरस के सामने आने पर नगर मे आम जनता भी सक्रिय हो गए है ।

नपा. अधिकारी घूम-घूम कर लोगों को कर रहे जागरूक

- मटन मार्किट की दुर्गंध से नगरवासियो को हो रही थी परेशानी जनप्रतिनिधियों द्वारा कराई गई सफाई।

बचेली। पूरे भारत मे कोरोना वाइरस को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। वही लौहनगरी में भी नगरपालिका प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पूरे नगर में भ्रमण कर मुनादी करवाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है। आज मुख्य बाजार में स्थित मटन मार्किट में जनप्रतिनिधियों द्वारा सफाई करवाई गई एवं नगरपालिका इंजीनियर प्रवीण साहू द्वारा मटन, मछली, मुर्गा, विक्रेताओं को आवश्यक सुझाव दिए गए एवं चेतावनी भी दी गयी। वही नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पूजा साव द्वारा विक्रेताओं को साफ सफाई रखने एवं वेस्टेज को अलग अलग करके रखने एवं उचित स्थान में फेकने के निर्देश दिए। साथ ही 22 मार्च रविवार को एक दिवसीय जनता कर्फ्यू में सहयोग करने हेतु नगरवासियो से अपील की। जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्य बाजार में भी सब्जी विक्रेताओं को आवश्यक सुझाव दिए गए एवं भीड़ नही लगाने हेतु अपील की गई मास्क एवं सेनेटाइजर का उपयोग करने की सलाह दी गयी। इस दौरान सीएमओ आई.एल.पटेल, उपाध्यक्ष उस्मान खान,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सलीम उस्मानी,संजीव साव,वीके मंडल,पार्षद अप्पू कुंजाम,रीना दुर्गा एवं नगरपालिका कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने थाना प्रेमनगर का किया निरीक्षण

- कोरोना वायरस को लेकर थाना-चौकी परिसर की साफ-सफाई सहित सेनेटाइजर का उपयोग के दिए निर्देश

सूरजपुर। शुक्रवार 20 मार्च 2020 को पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री राजेश कुकरेजा ने थाना प्रेमनगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना के सभी दस्तावेज व रिकार्ड का अवलोकन किया। कोरोना वायरस के मददेनजर पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों को जागरूक रहकर किस प्रकार सुरक्षित रहा जाए, यह कैसे फैलता है, इस वायरस से सर्तक एवं सुरक्षित रहने के निर्देश दिए है।

एसपी सूरजपुर शुक्रवार को वार्षिक निरीक्षण हेतु थाना प्रेमनगर पहुंचें जहां उन्होंने थाना के सभी दस्तावेज का अवलोकन किया तथा रिकार्ड दुरूस्तीकरण के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। उन्होंने थाना प्रेमनगर, चौकी उमेश्वरपुर व तारा में पदस्थ कई पुलिस कर्मियों को उनके अच्छे कार्यो हेतु ईनाम भी दिया। निरीक्षण पर थाना पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों की समस्याओं को जाना तथा उसका निराकरण किया।

पुलिस अधीक्षक ने कोरोना वायरस से बचाव एवं रोकथाम को लेकर सतर्कता बरतने, थाना परिसर में नियमित रूप से साफ सफाई कराने के साथ ही सेनेटाइजर का उपयोग किए जाने, फेस मास्क का उपयोग करने, थाना में आने वाले फरियादियों को एल्कोहल सेनेटाइजर से हाथ साफ करवाकर प्रवेश कराने के निर्देश दिए है।

लोगों से सतर्कता और सावधानी बरतने की अपील

बीजापुर। पूरे देश मे हाहाकार मचाने वाली कोरोना वायरस को लेकर सामाजिक संगठन आगे आकर सतर्कता बरतने और जागरुक होने की अपील कर रहे हैं। अखिल भारतीय हल्बा समाज के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष जगबंधु मांझी ने अपने समाज के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों से सतर्कता और सावधानी बरतने की अपील की है। साथ ही सरकारों द्वारा लागू नियमों का पालन के साथ अन्य लोगों को भी जागरूक करने की बात कही है। रविवार को लगने वाली जनता कर्फ्यू का समाजहित में पालन करने घर से किसी भी सदस्य को बाहर न निकलने की अपील के साथ 60 वर्ष से अधिक के लोगों को भारी सतर्कता बरतने एंव दूसरे प्रदेश से जिले में आने वाले लोगों का बार्डर पर अच्छी तरह से जांच होने पश्चात ही नगर में प्रवेश दिया जाए ऐसा प्रशासन से भी अपील की है। कोरोना वायरस से अपना देश दूसरे स्टेज पर है सावधानी न बरतने पर यह स्थिति भयावह होने की पूरी संभावना है जिसका समाधान आम जनता की सतर्कता है अपना-अपना योगदान देकर इस परिस्थिति से निपटने की बात कही है।

'धार्मिक-सामाजिक आयोजन स्थगित करें'

महासमुंद। प्रशासन और चेंबर की बैठक में निर्णय लिया गया कि ऐहतियात के तौर पर मेडिकल, पेट्रोल पंप और किराना स्टोर्स को छोड़कर अगले दो दिनों तक दुकानें बंद रखी जाएगी। इधर, बागबाहरा एसडीएम, सरायपाली एसडीएम ने जनपद पंचायत क्षेत्र बागबाहरा के सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिनों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के आवश्यक उपाय करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

कोरोना वायरस : व्यवस्था का विधायक विनोद चन्द्राकर ने लिया जायजा

- जिला हॉस्पिटल परिसर में तैयार किया गया है अस्थाई ओपीडी

महासमुंद। विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने शुक्रवार को जिला हॉस्पिटल पहुंचकर कोरोना वायरस को लेकर की गई व्यवस्था का जायजा लिया। यहां अलग से जीएनएम सेंटर में बनाए जा रहे आइसोलेशन वार्ड का मुआयना भी किया। हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि उपचार के लिए हॉस्पिटल में पूरी व्यवस्था की गई है। सर्दी, खांसी व बुखार के मरीजों के इलाज के लिए जिला हॉस्पिटल के बाहर एक अस्थाई ओपीडी तैयार किया गया है।

गौरतलब है कि कोरोना वायरस से पूरी दुनिया भयभीत है और हर दिन मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। कोरोना वायरस से बचाव के लिए महासमुंद जिले में भी सतर्कता बरती जा रही है। इसी तारतम्य में विधायक श्री चंद्राकर शुक्रवार को जिला हॉस्पिटल पहुंचे। जहां जीएनएम सेंटर में बनाए जा रहे आइसोलेशन वार्ड का जायजा लिया। सिविल सर्जन डा आरके परदल ने बताया कि ऐहतियात के तौर पर यहां हॉस्टल से प्रशिक्षणार्थियों को खाली करा दिया गया है।

कोरोना वायरस से बचाव के लिए सावधानी जरूरी

विधायक श्री चंद्राकर ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना वायरस से सावधानी बरतकर बचा सकता है। इसलिए सभी सतर्क रहे और सार्वजनिक जगहों पर जाने से बचे। उन्होंने कहा कि आने वाला एक सप्ताह बेहद महत्वपूर्ण है और इस दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतनी है। ऐहतियात के तौर पर जितना कम हो सके, उतना कम बाहरी संपर्क में रहें। भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें। सरकार द्वारा ऐहतियात के लिए जो निर्देश दिया जा रहा है उसका कड़ाई से पालन करें। विधायक श्री चंद्राकर ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील भी की है।

अपोलो अस्पताल प्रबंधन ने लोगों को अफवाह नहीं फैलाने एवं सावधानी बरतने की अपील की

■ डॉक्टर हक के मुताबिक अफवाहों पर ध्यान देने की बजाए स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों का करे पालन

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरो द्वारा लगातार बाहर से आये हुए लोगो पर नजर रखी जा रही है। आज इसी कड़ी में बचेली में स्वास्थ्य विभाग एवं अपोलो अस्पताल प्रबंधन द्वारा एक युवक का उसके घर जाकर परीक्षण किया गया। दरअसल युवक हैदराबाद के किसी कम्पनी में कार्य करता है। कम्पनी के कार्य से 1 सप्ताह पहले गया था अमेरिका ख़बर लगते ही जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपोलो अस्पताल के सीएमए, तहसीलदार, जनप्रतिनिधि पहुंचे युवक के घर। डाक्टर हक के मुताबिक युवक की प्राथमिक जांच में कोई लक्षण दिखाई नही दिए है। एहतियातन युवक को आज शाम जांच के लिए बुलाया गया अस्पताल, युवक की एयरपोर्ट में भी स्क्रिनिग हो चुकी है। युवक पूरी तरह स्वस्थ है परंतु एहतियातन युवक को घर पर रहने के निर्देश दिए गए है एवं शाम को अस्पताल बुलवाया गया है। जहां युवक की पूरी तरह से जांच की जाएगी।

इससे पहले महाराष्ट्र से आये हुए युवक को एहतियातन अपोलो अस्पताल के आईसुलेशन वार्ड में रखा गया है। अफ़वाह फैली थी कि युवक कोरोना संक्रमित है। परंतु ऐसा नही है युवक स्वस्थ है घबराने की कोई बात नही है युवक के रक्त के नमूने को जांच हेतु भेज दिया गया है। डाक्टर हक के मुताबिक सारी व्यवस्था की गई है एक स्पेशल वार्ड भी तैयार किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से लगातार सम्पर्क बना हुआ है किसी भी प्रकार की अफ़वाहों पर ध्यान ना देवे सावधानी रखें एवं निर्देशो का पालन करे।

जिला प्रशासन ने चौपाटी में जितने भी चाट गुपचुप फ़ास्ट फ़ूड के ठेले थे सभी को आगामी आदेश तक बंद रखने हेतु निर्देश दिए है।

■ न्यूज गैलरी

नोवेल कोरोना वायरस: सभी जनपद सीईओ कोटवारों से ग्राम पंचायतों में मुनादी करायें -कलेक्टर

कोरिया। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने मनेन्द्रगढ़ एवं चिरमिरी पहुंचकर नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम हेतु मेडिकल दुकान संचालक एवं विभिन्न व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर शासन द्वारा जारी किए गए आदेशों से अवगत कराया। उन्होंने दुकान में आने वाले व्यक्तियों को हाथ धोने की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध कराने के आग्रह किया। कलेक्टर श्री सिंह ने उपस्थित लोगों को मास्क एवं हैंड सैनिटाइजर के आवश्यक वस्तु अधिनियम में शामिल होने की जानकारी दी तथा दुकानों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए इसकी कालाबाजारी ना करने निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों को दुकानों में अनावश्यक रूप से भीड़ इक्कट्ठा ना होने देने तथा नियम विरुद्ध भंडारण नहीं करने को कहा। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों का पालन ना करने पर आवश्यक कार्यवाही भी की जाएगी।

कलेक्टर की अध्यक्षता में कोरोना वायरस के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु कोर कमेटी गठित

नारायणपुर। भारत सरकार द्वारा कोरोना वायरस की रोकथाम एवं नियंत्रण व आम लोगों में जागरूकता लाने के लिए जारी निर्देश एवं एडवाइजरी के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री ए.एस.एल्मा की अध्यक्षता में ज़िला स्तरीय कोर कमेटी का गठन किया गया है। कोर कमेटी में पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, वनमंडलाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास, ज़िला शिक्षाधिकारी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सदस्य नामांकित किया गया है। कार्यालय कलेक्टर नारायणपुर से इस आशय के आदेश जारी कर दिए गए है। कोर कमेटी प्रतिदिन कोरोनावायरस की रोकथाम नियंत्रण आदि तैयारियों की जानकारी प्राप्त करेंगी। इसके साथ ही संसाधनों की उपलब्धता जिले में राज्य और राज्य ओर विदेशों से आने वाले लोगों की जानकारी लेगी। इसके साथ ही उनके संपर्क में आए व्यक्तियों, संस्था की जानकारी पर अद्यतन रहेगी।

कोरोना वायरस के चलते एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की परीक्षा तिथि में संशोधन

रायगढ़। नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व सावधानी को ध्यान में रखते हुए रायगढ़ जिला अंतर्गत संचालित एकव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार विकासखण्ड खरसिया एवं संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बायसी विकासखण्ड धरमजयगढ़ हेतु कक्षा 6 वीं में प्रवेश दिए जाने के 29 मार्च 2020 प्रवेश परीक्षा की तिथि निर्धारित की गई थी। जिसमें संशोधन करते हुए अब नवीन परीक्षा तिथि 19 अप्रैल 2020 दिन रविवार को प्रातः10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक निर्धारित की गई है।

नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं सार्थक उपाय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

रायगढ़। कलेक्टर श्री यशवंत कुमार ने जिले में नोवेले कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम एवं सार्थक उपाय के लिए जिला एवं तहसील स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिला एवं तहसील स्तर पर 23 मार्च 2020 से आगामी आदेश पर्यन्त कलेक्ट्रेट रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 19 को कंट्रोल रूम बनाया गया है। कलेक्टर श्री यशवंत कुमार ने समस्त तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने तहसील मुख्यालय में 23 मार्च 2020 के पूर्व नियंत्रण कक्ष की स्थापना करना सुनिश्चित करें। तहसील एवं जिला स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारी अपने-अपने अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में कार्य संपादित करेंगे। नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं सार्थक उपाय के जिला स्तर पर डिप्टी कलेक्टर श्री युगल किशोर उर्वशा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह तहसील स्तर पर रायगढ़ तहसील में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी तहसीलदार रायगढ़ श्री अरूण कुमार सोम, तहसील पुसौर में नायब तहसीलदार/प्रभारी तहसीलदार पुसौर सुश्री माया अंचल, तहसील सारंगढ़ में तहसीलदार सारंगढ़ श्री जगतराम सतरंज, तहसील बरमकेला में नायब तहसीलदार/प्रभारी तहसीलदार बरमकेला श्री राकेश वर्मा, तहसील खरसिया में तहसीलदार खरसिया श्रीमती अवंती गुप्ता, तहसील घरघोड़ा में नायब तहसीलदार / प्र.तहसीलदार घरघोड़ा श्री हितेश कुमार साहू को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक

कोरोना वायरस की रोकथाम व नियंत्रण हेतु हर वो सावधानी बरती जाये, जो आवश्यक हो : कलेक्टर एल्मा

नारायणपुर। कलेक्टर पी.एस. एल्मा की अध्यक्षता में आज जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में हुई। बैठक में कलेक्टर ने जिले के अधिकारियों से कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण ने महामारी का रूप ले लिया है और अब तक विश्व के 100 से अधिक देश प्रभावित हो चुके हैं। इनमें से हमारा देश भारत भी एक है। उन्होंने कहा कि नोवेल कोरोना वायरस संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए इसके रोकथाम व नियंत्रण के लिए हर वह सावधानी बरती जाये, जो इससे बचने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिले में कोरोना वायरस से बचाव के लिए जरूरी है कि विदेशों और दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों की पहचान कर उन्हें जांच हेतु अस्पताल में लाया जाये। अगर वे अस्पताल जाकर जांच करवाने से इंकार करें, तो उन्हें समझायें कि यह जांच उनके लिए और दूसरों के बचाव के लिए जरूरी है। बैठक में डीएफओ श्री डी.के.एस चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रेम कुमार पटेल, अपर पुलिस अधीक्षक श्री जयंत वैष्णव, एसडीएम श्री दिनेश कुमार नाग, डिप्टी कलेक्टर श्री गौरीशंकर नाग, वैभव क्षेत्रज्ञ, जिला शिक्षा अधिकारी श्री गिरधर मरकाम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री केएस मसराम के अलावा स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री एल्मा ने कहा कि आने वाले दिनो में त्यौहार आदि एवं इस अवसर पर रैली, सभा आदि का आयोजन नहीं करने हेतु आम नागरिकों से आग्रह करें और लोगों को जागरुक करें। कलेक्टर श्री एल्मा ने कहा कि जिलेवासी ऐसे कार्यक्रम आयोजित न करें जिसमें भीड़ एकत्रित होती है। भीड़ वाले क्षेत्रों में कोरोना वायरस के फैलने की संभावना अधिक है। कलेक्टर ने आमजन द्वारा मास्क का उपयोग कैसें करें, मास्क किसकों लगाना चाहिए, उपयोग की अवधि, सही विधि आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने क्वॉरेंटीन केन्द्र और होम आईसोलेशन हेतु दिये गये दिशा-निर्देशों की विस्तृत रूप से जानकारी दी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि कोरोना वायरस फैलने वाला वायरस है। इसके फैलने की संभावना बहुत अधिक है। हमारा मुख्य उद्देश्य इसे फैलने से रोकना है। उन्होंने कहा कि जैसा की आप सभी को पता है कि जिले में धारा 144 लागू है। इसलिए जिले में मेला, मड़ई, बाजार या ऐसी जगह जहां पर ज्यादा भीड़ एकत्रित होगी उन जगहों पर पाबंदी रहेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी जगहों पर साफ-सफाई का ध्यान रखा जाये। करोना वायरस से जानकारी देने हेतु जिले के मुख्य स्थानों पर हेल्प डेस्क सेंटर बनाया जाये। श्री गर्ग ने जिले में कारोना वायरस से बचाव हेतु किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी अधिकारियों को दी।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए.आर गोटा ने कोरोना वायरस के लक्षण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यदि व्यक्ति को बुखार, सांस लेने में तकलीफ, नाक बहना, जुकाम, सीने में जकड़न खासी सिरदर्द, निमोनिया हो तो कोरोना के लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि संक्रमित व्यक्ति के खुली जगह में छींकने या खांसने, संक्रमित व्यक्ति से हाथ मिलाने, गले लगने से, संक्रमित जगह से संपर्क में आने के बाद बिना हाथ धोय अपनी आंख मुह व नाक को छूने से संक्रमण फैलता हैं। डॉ गोटा ने कोरोना वायरस से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें इस बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने की हर सम्भव कोशिश ज़रूरी : कलेक्टर तम्बोली

■ कलेक्टर की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक

जगदलपुर। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने और इसका नियंत्रण के लिए गठित जिला स्तरीय कोर कमेटी की बैठक कलेक्टर डॉ. अय्याज तम्बोली के द्वारा लिया गया। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने और इसका नियंत्रण के लिए पैम्फ़लेट-पोस्टर और गाँव में मुनादी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित मास्क का वितरण सभी शासकीय कार्यालयों में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी फ़ील्ड में दौरा करे, मेला मड़ई की तिथि को बढ़ाने की ग्रामीणों अपील करने कहा। मुर्गा लड़ाई को कुछ दिनों के लिए बंद करने पर भी चर्चा किया गया। स्प्रिट की उपलब्धता के सम्बंध में चर्चा किया गया। साथ ही प्रशासन द्वारा किए गए कार्यवाहियों में सभी चौपाटियों में लगने वाले टेले गुमटियों को बंद करवा दिया है और शहर में स्थित माल, शॉपिंग माल को भी बंद करने के सम्बंध में चर्चा किया गया। बैठक में राजस्व अधिकारियों ने बताया कि कुछ जगहों में मास्क को अधिक दर में बेचने और कालाबाज़ारी की शिकायत पर उन्होंने कार्यवाही भी किया।

प्रशासन द्वारा शहर के नागरिकों से अपील की गई है कि भीड़ भाड़ वाले मार्केट में सामान ख़रीदने की बजाय घर के क़रीब के मार्केट में ज़रूरी समान का क्रय करे। संजय मार्केट सहित अन्य स्थानों की सभी दुकान खुली रहेगी किंतु व्यक्तियों को अन्य व्यक्तियों से पर्याप्त दूरी बना कर सामानों का क्रय करने की अपील की गई है।साथ ही नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि अगर आपकी जानकारी में कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसने विगत दिनों विदेश यात्रा की है अथवा उसे बुख़ार, खांसी एवं साँस लेने में तकलीफ़ आदि के लक्षण हैं, ऐसे व्यक्तियों की सूचना तत्काल टोल फ़्री नम्बर 1100 अथवा 104 पर दें। शासन ने ऐसे व्यक्तियों के त्वरित परीक्षण एवं इलाज की बेहतर व्यवस्था की है।आपकी सजगता आपको, आपके परिवार, आपके शहर, आपके प्रदेश को COVID-19 के संक्रमण से बचा सकती है।

अपर कलेक्टर मोटवानी ने दौरा कर कोरोना वायरस से बचाव संबंधित निदेशों के पालन हेतु किया जागरूक

सूरजपुर। कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव हेतु कलेक्टर श्री दीपक सोनी के निर्देषानुसार अपर कलेक्टर श्री एस.एन. मोटवानी के नेतृत्व में जिलाप्रषासन की टीम ने आज जिला परिवहन कार्यालय में पहुंचकर जिले के सभी पब्लिक ट्रांसपोर्ट संचालकों व चालकों की बैठक लेकर चर्चा की गई इस दौरान आवागमन व परिचालन के दौरान प्राथमिकता से स्वच्छता को बनाये रखने के साथ लोगों को उक्त वायरस से किसी भी तरह से भयभीत न होने की बाते कहने के साथ आवष्यक बचाव से संबंधित मानकों को अपनी दिनचर्या में शामील करने के लिए जागरूक किया गया। इसके बाद एसडीएम कार्यालय में जिले के अंतर्गत आने वाले चारों रेलवे स्टेषनों के प्रभारियों को आहुत कर स्टेषन परिसर में नियमित सफाई के साथ भीड़ इकट्ठा न हो इस पर ध्यान देने के साथ संक्रमण के प्रभाव से बचाव की जानकारियों को लोगों के लिए निर्देष दिया गया।

जिले के सभी नगरीय क्षेत्र में धारा 144 प्रभावशील

■ कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

कोरिया। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के सभी नगरीय क्षेत्र हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश में उल्लेखित है कि नोवल कोरोना वायरस संक्रमण एक संक्रामक बीमारी है जो विश्व के विभिन्न देशों में कुछ ही हफ्तों में महामारी का रूप ले रही है। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह परिलक्षित है कि कोरोना वायरस से संबंधित पीड़ित, संदेही से दूर रहने संगरोध की सख्त हिदायत है। कोरोना वायरस रेग्युलेशन के अंतर्गत इस बीमारी को फैलने से रोकने के लिए संक्रामक व्यक्ति को संगरोध/घर में चिकित्सा हेतु लाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा भी यह निर्देशित किया गया है कि इससे बचने के सभी संभावित उपाय अमल में लाया जाए। संक्रमण से बचाव हेतु जिला कोरिया में स्वास्थ्यगत आपातकालीन स्थिति को नियंत्रण में रखने हेतु नगरीय क्षेत्र बैकुण्ठपुर, शिवपुर-चरचा, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, खोंगापानी, झगराखाण्ड, नई लेदरी में विभिन्न प्रकार के सभा, धरना, रैली, जुलूस, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, खेल के आयोजन, अवांछित विचरण, सार्वजनिक स्थानों में वैवाहिक तथा अन्य आयोजन, क्लब हाउस में कार्यक्रम, एसोसिएशन बिल्डिंग में कार्यक्रम आदि को प्रतिबंधित किया जाता है।

कोरोना वायरस से संक्रमण के रोकथाम हेतु जिले में धारा 144 लागू

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री यशवंत कुमार द्वारा नोवेल कोरोना वायरस से संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए रायगढ़ जिले में धारा 144 लागू कर दिया गया है। जिसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आगामी आदेश पर्यन्त तक कार्यस्थल क्षेत्र में ड्यूटी लगाई गई है। संपूर्ण अनुविभाग क्षेत्र रायगढ़ के लिए एसडीएम रायगढ़ श्री आशीष कुमार देवांगन की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह कोतवाली थाना क्षेत्र रायगढ़ में डिप्टी कलेक्टर श्री अरूण कुमार सोम एवं नायब तहसीलदार सुश्री रूचिका अग्रवाल, चक्रधर थाना क्षेत्र रायगढ़ में डिप्टी कलेक्टर सुश्री अभिलाषा पैंकरा एवं ना.तहसीलदार श्री लीलाधर चंद्रा, कोतरा रोड थाना क्षेत्र रायगढ़ में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे नायब तहसीलदार श्री आयुष तिवारी तथा जूटमिल चौकी क्षेत्र रायगढ़ में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे की ड्यूटी लगाई गई है।

कोरोना वायरस से बचाव एवं संक्रमण के रोकथाम हेतु 31 मार्च तक नियत प्रकरणों की कार्यवाही स्थगित

रायगढ़। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा जारी अधिसूचना के परिपालन में जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायगढ़ श्री रमाशंकर प्रसाद द्वारा कोरोना वायरस (कोविड-19) फैलाव से बचाव एवं एहतियाती उपायों के अन्तर्गत रायगढ़ जिला एवं तहसील स्थित न्यायालयों में 31 मार्च 2020 तक लम्बित सिविल एवं दाण्डिक प्रकरणों को प्रकरणों की कार्यवाही को स्थगित करते हुए आगामी माह अप्रैल 2020 के लिए तिथि निर्धारित की गई।

जिसमें 19 मार्च 2020 को आयोजित प्रकरण की सुनवाई अब 20 अप्रैल 2020 को होगी। इसी तरह 20 मार्च को आयोजित प्रकरण 21 अप्रैल 2020 को, 23 मार्च को आयोजित प्रकरण 22 अप्रैल 2020 को, 24 मार्च को आयोजित प्रकरण 23 अप्रैल 2020 को, 25 मार्च को आयोजित प्रकरण 24 अप्रैल 2020 को, 26 मार्च को आयोजित प्रकरण 25 अप्रैल 2020 को, 27 मार्च को आयोजित प्रकरण 27 अप्रैल 2020 को, 28 मार्च को आयोजित प्रकरण 28 अप्रैल 2020 को, 30 मार्च को आयोजित प्रकरण 29 अप्रैल 2020 को तथा 31 मार्च को आयोजित प्रकरण को आगामी तिथि 30 अप्रैल 2020 निर्धारित की गई है।

उक्त आदेश के अनुसार, पक्षकारों एवं गवाहों को आगामी आदेश तक न्यायालय आने की आवश्यकता नहीं है। इसकी सूचना न्यायालयों के बाहर लगे नोटिस बोर्ड एवं बैनर के अतिरिक्त मैसेज से भी प्रेषित किया जा रहा है। किन्तु, न्यायालयों में जमानत याचिका, अग्रिम जमानत याचिका, अत्यावश्यक आदेश हेतु आवेदन, दण्ड प्रक्रिया संहित की धारा 164 के अन्तर्गत कथन, रोक (स्टे) प्रदान किये जाने हेतु आवेदन तथा अन्य ऐसे अत्यावश्यक मामले ही ग्रहण किये जा रहे हैं साथ ही जिला जेल रायगढ़ एवं उपजेल सारंगढ़ के अधीक्षक को निर्देशित किया गया है कि वे न्यायालयों के स्पष्ट आदेश के बिना दिनांक 31 मार्च 2020 तक अथवा आगामी आदेश तक किसी विचाराधीन बंदी को न्यायालय में पेश नहीं करेंगे।

कोरोना वायरस : दुकान, गुमटी, ठेला, चैपाटी को समझाइश देकर कराया गया खाली

नवप्रदेश संवाददाता

सूरजपुर। राज्य शासन के आदेश एवं कलेक्टर श्री दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में नोवेलकोरोना वायरस (कोविड -19) सुरक्षा एवं बचाव की दृष्टि से सभी नगरीय निकायों में लगायें जाने वाले ठेलो, चैपाटी एवम् ऐसे स्थान जहां भीड़ जमा होती है के संचालकों को विभागीय अधिकारियों के द्वारा समझाइस देते हुए खाली कराया जा रहा है। इसी क्रम में सूरजपुर के बाद नगर पंचायत बिश्रामपुर क्षेत्र के अंतर्गत जयनगर, शिवनंदनपुर, सतपता, कुंजनगर आदि क्षेत्रों में नायब तहसीलदार पिलखा श्रीमति गरिमा ठाकुर के द्वारा राजस्व निरीक्षक शिवषंकर ठाकुर एवं नगर पंचायत विश्रामपुर की टीम को लेकर बस स्टैण्ड, चैपाटी, होटल, ठेले संचालको को समझाईस देकर बंद कराया गया वहां अनेक लोग इकटठे हो गये थे एवं भीड़ वाले स्थानों में लोगों को न जाने की अपील की गई साथ ही पांच व्यक्ति से ज्यादा इकटठा न होकर जिले में लागू की गई 144 धारा के निषेधाज्ञा का पालन करने की समझाईस देकर जागरूक किया गया। जिससे नोवेलकोरोना वायरस (कोविड -19) सुरक्षा एवं बचाव हो सके। शासन के आगामी आदेषउपरांत तक यथा संभव निर्देषों का पालन किया जायेगा। इस अवसर पर नगरीयप्रषासन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बाहरी राज्यों से आने वालों की सूची लेकर स्वास्थ्य दल घर-घर करेगा जांच

■ भीड़ से जनता को बचाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। राजधानी रायपुर में कोरोना के एक प्रकरण की पुष्टि के उपरांत शासन-प्रशासन स्तर से जनता को जागरूक करने की मुहिम तेज कर दी गई है, इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी कर समस्त आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। आज जिला कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ,चारों विकासखण्ड के बीएमओ, सिविल सर्जन व जिला निगरानी दल की बैठक लेकर तमाम जानकारी ली। उन्होंने भीड़ से जनता को बचाने के उद्देश्य से बाहर राज्य से आने वाले लोगों का होम आइसोलेशन करने को कहा। उन्होंने कहा कि बाहर राज्य से आने वाले लोग फोन नम्बर समेत अपनी जानकारी अवश्य उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें सेवाएं प्रदाय की जा सके। श्री शरण ने जनता से आग्रह किया है कि किसी भी प्रकार के अफवाहों से बचें व सही जानकारी के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बर राज्य सर्विलेंस इकाई 0771223509, जिला सर्विलेंस इकाई 07741-232078, मोबाइल नंबर 9993491300 या टोल फ्री नंबर 104 पर सम्पर्क करें। कलेक्टर ने जनता से अपील की है कि सोशल मीडिया पर भ्रामक, अपुष्ट और फेक खबरों पर विश्वास करने और उसे अन्य ग्रुप में प्रसारित करने से बचें। ऐसी खबरों से आम जनता में भय और अनिश्चितता का वातावरण पैदा होता है।

फील्ड पर सेवाएं देने स्वास्थ्य दल गठितः मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेश कुमार तिवारी ने बताया कि बाहर राज्य से आने वाले लोगों को काउंसलिंग कर होम आइसोलेशन के लिए जानकारी देने हेतु स्वास्थ्य दल गठित कर ली गई है। यह टीम बस स्टैंड, बाजार व अन्य आवश्यक स्थलों पर जनता को कोरोना सम्बन्धी आवश्यक परामर्श देने का कार्य भी करेंगे। डॉ तिवारी ने जानकारी दी कि अब तक जिले में कोरोना के एक भी संदिग्ध प्रकरण की पुष्टि नही की गई है।

कैसे करें होम आइसोलेशन

- कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए यह नितांत आवश्यक है कि हम भीड़ में जाने से बचें।
- विदेश या बाहर राज्य से आने वाले लोगों को कम से कम 28 दिनों तक सम्पूर्ण स्वक्षता के साथ घर पर ही रहने की अपील की गई है। ऐसा नही करने पर समुदाय में संक्रमण का खतरा अधिक हो सकता है।
- 60 वर्ष तक के बुजुर्गों, छोटे बच्चों और मधुमेह, एचआईव्ही, अस्थमा आदि से पीड़ित लोगों को खास तौर पर सुरक्षा में रखें।
- लक्षण रहित लोगों अर्थात सर्दी, खाँसी, बुखार के कोई लक्षण नही होने पर मास्क उपयोग करने की आवश्यकता नही है। जरूरत पड़ने पर घर पर ही कपड़े से निर्मित साफसुथरे मास्क का उपयोग किया जा सकता है।
- हर सम्भव प्रयास करें कि पानी और साबुन की उपलब्धता हो तो 20 सेकेंड तक घिसकर हाथ इसी से धोएं। पानी और हैंडवाश अथवा साबुन की उपलब्धता न होने पर ही सेनेटाइजर का इस्तेमाल करें।
- किसी प्रकार के भ्रम या आंतक का माहौल पैदा न करें , ऐसी स्थिति की जानकारी मिलने पर तत्काल हेल्पलाइन नम्बरों पर जानकारी प्रेषित करें।

न्यूज गैलरी

दावा.आपत्ति 25 मार्च तक आमंत्रित

धमतरी। महिला एवं बाल विकास परियोजना नगरी के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। आवेदनों के अनुमोदन के बाद सूची एकीकृत बाल विकास परियोजना नगरी तथा जनपद पंचायत नगरी में चस्पा किया गया है। उक्त संबंध में किसी भी आवेदनकर्ता को आपत्ति हो तो वह आगामी 25 मार्च तक दावा.आपत्ति परियोजना कार्यालय नगरी में प्रस्तुत कर सकती हैं। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना नगरी ने बताया कि नियत समय अवधि के बाद मिले दावा.आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

31 मार्च तक जनशताब्दी कैन्सल

भाटापारा। कोनोरा वायरस के चलते ट्रैन में यात्रियो की संख्या में आई कमी को देखते हुए रेल प्रशासन ने 21 मार्च से 31 मार्च तक गोंदिया से रायगढ़ के मध्य चलने वाली जन शताब्दी एक्सप्रेस को निरस्त कर दिया है। रेल सूत्रो ने रेल यात्रियो से आगाह भी किया है की रेल में जरूरी होने पर ही यात्रा करे और भीड़ भाड़ वाले स्थानों से अपने आप को बचे तथा रेल टिकट लेते समय एक निश्चित दुरी बनाकर रेल टिकट लेवे।

महात्मा गांधी नरेगा तहत जिला अभिसरण समन्वय समिति गठित

बेमेतरा/साजा। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा)श्री शिव अनंत तायल ने राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश पर एक आदेश जारी कर बेमेतरा जिले मे 14 सदस्यीय जिला अभिसरण समन्वय समिति का गठन किया है। महात्मा गांधी नरेगा का अन्य विभाग/योजनाओं से अभिसरण अंतर्गत लिए जाने वाले कार्यों की सुनियोजि कार्य योजना तैयार करने यह समिति गठित की गई है। समिति के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2020-21 मे मनरेगा से साथ-साथ अन्य विभागों से अभिसरण करवाये जाने वाले कार्यों की कार्य योजना तैयार करवाने के अलावा डिस्ट्रिक कन्वर्जेन्स प्लान तैयार किया जायेगा। समिति मे कलेक्टर जिला बेमेतरा अध्यक्ष, सीईओ जिला पंचायत सदस्य सचिव, अन्य सदस्यों मे उप संचालक कृषि विभाग, उप वनमण्डलाधिकरी, सहायक संचालक उद्यान, सहायक संचालक मछली पालन विभाग, उप संचालक पशुधन विकास विभाग, खाद्य अधिकारी, कार्यपालन अभियंता-ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, क्रेडा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी म.बा.वि. शामिल है।

बिना कलेक्टर की अनुमति के ठेकेदार या एजेंट श्रमिकों को राज्य में नहीं ला सकेंगे और न ही बाहर ले जा सकेंगे

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा । कोरोना वायरस से संक्रमण के विस्तार से बचाव हेतु श्रम विभाग द्वारा निर्देशित किया गया है कि कोई भी ठेकेदार, सट्टेदार या एजेंट बिना जिला कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के संज्ञान में लाए हुए श्रमिकों को अन्य राज्यों में लेकर नहीं जायेंगे एवं अन्य प्रदेषों से छत्तीसगढ़ में लेकर नहीं लायेंगे। यह कार्यवाही आगामी 30 अप्रैल 2020 तक सुनिश्चित करने कहा गया है।

कोरोना वायरस के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के बाहर जाने वाले प्रवासी श्रमिकों तथा राज्य में प्रदेश के बाहर से आने वाले श्रमिकों पर निगरानी रखा जाना आवश्यक है, जिससे संक्रमण के विस्तार को रोका जा सके। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए श्रमायुक्त एवं सचिव सोनमणी बोरा द्वारा इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम 1979 के प्रावधानों के तहत 5 अथवा 5 से अधिक श्रमिकों का अन्य प्रदेशों में ठेकेदार, सट्टेदार, एजेंट के माध्यम से नियोजन की स्थिति में ठेकेदार को श्रम विभाग अथवा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से लायसेंस लेना अनिवार्य है, साथ ही प्रत्येक प्रवासी श्रमिक की जानकारी ग्राम पंचायत द्वारा संधारित पंजी में दर्ज किया जाना अनिवार्य है।

पांडातराई। नगर की समुचित विकास के उद्देश्य लिए नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान ने किया वार्ड नंबर 2 व वार्ड नं 3 का औचिक भ्रमण, साफसफाई, विधुत व्यवस्था, पेय जल की व्यवस्था का किया निरीक्षण कर संबंधित विभाग के कर्मचारी को दिशा निर्देश दिये ।

बगैर अनुमति के श्रमिकों अंतरराज्यीय प्रवास प्रतिबंधित

■ कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के संज्ञान में लाना अनिवार्य

दंतेवाड़ा। राज्य शासन ने कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव सुनिश्चित करने की दिशा में श्रमिकों के अंतरराज्यीय प्रवास को प्रतिबंधित किया है। जिसके तहत कोई भी ठेकेदार अथवा प्लेसमेंट एजेंट द्वारा बिना अनुमति के छत्तीसगढ़ से अन्य राज्य अथवा अन्य राज्य से छत्तीसगढ़ में श्रमिकों को न ही ले जाया जायेगा और न ही लाया जायेगा। इस सम्बंध में सम्बन्धित को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को पूरी तरह अवगत कराना अनिवार्य होगा। उक्त परिप्रेक्ष्य में सभी कलेक्टर्स, सीईओ जिला पंचायत और श्रम पदाधिकारियों को परिपत्र जारी कर निर्देशों का परिपालन सुनिश्चित किये जाने कहा गया है। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार देश और प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में नॉवेल कोरोना वायरस से संक्रमण के कुछ प्रकरण संज्ञान में आये हैं। उक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर जाने वाले प्रवासी श्रमिकों तथा प्रदेश में बाहर से आने वाले प्रवासी श्रमिकों पर निगरानी रखा जाना आवश्यक है।

नगरीय क्षेत्र की चैपाटी और फास्ट फूड वाले अस्थायी ठेले तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय (महानदी भवन)से जारी ताजा आदेश के परिपालन में कवर्धा सहित सभी नगरीय नगरीय क्षेत्रो की सभी चैपाटी, बाजार एवं अन्य स्थलों जहां चाट-पकौड़ी, फास्ट फूड तथा अन्य खाद्य वस्तु के विक्रय के लिए अस्थायी ठेले आदि लगाये जाते हैं, उन्हें आगामी आदेश तक बंद रखने के निर्देश दिए गए है । इसके साथ ही नगरीय क्षेत्रों में स्थित छात्रावासों और छात्रों को किराये पर उपलब्ध कराए जाने वाले पी.जी. को भी खाली कराया जाने अथवा उनमें निवास करने वाले छात्र-छात्राओं के बाहर आने -जाने वाले को मना करने कहा है। नगर पालिका एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर श्री शरण ने कहा कि कबीरधाम जिले के ऐसे लोग जो केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलांगाना यात्रा के लिए गए होंगे या , वे बड़ी संख्या में वापस लौट होंगे तो ऐसे लोगो की कड़ी निगरानी की जरूरत हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और एसडीएम को इन पर निगरानी रखने कहा है।

कोरोना वायरस को लेकर जनपद पंचायत तिल्दा का आदेश प्रसारित

खरोरा। जनपद पंचायत तिल्दा जिला रायपुर नोबल कोरोना वायरस वर्तमान मे पूरे देश मे संक्रमणशील है। अतःजनपद पंचायत तिल्दा के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच,सचिव व रोजगार सहायकों व ग्राम पंचायतों के आम नागरिकों को एहतियात बरतने हेतू आदेश जारी की गई है ,साथ ही यदि संक्रमण की आशंका हो तो तुरंत नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र मे जॉच कराई जावे। तथा स्वास्थ्य शिविर विभाग के हेल्प लाईन नंम्बर 104 पर काल कर अधिक जानकारी लें ,31 मार्च 2020 तक सभी ग्राम पंचायतों की समस्त सभा,मिटिंग एवं शिविर कार्यक्रम स्थगित किया गया है। साथ ही इसके संबंध मे नागरिकों को जागरुक किया जाये । स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी अधिसूचना का उल्लंघन करने पर संबंधित ब्यक्ति के ऊपर भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत् दॉडिक कार्यवाही की जावेगी। नोवल कोरोना वायरस से संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के संबंध मे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,कलेक्टर , जिला दण्डाधिकारी रायपुर व जनपद पंचायत तिल्दा के मुख्यकार्यपालन अधिकारी के आदेशानुसार यह सूचना जनहित मे प्रसारित की गई है।

मानस गान प्रतियोगिता स्थगित

खरोरा। समीपस्थ ग्राम केसला मे सरस्वती मानस मंडली द्वारा आयोजित पांच दिवसीय रामायण गान प्रतियोगिता कोरोना के चलते स्थगित किया गया। सरस्वती मानस मण्डली के द्वारा आयोजित मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था जिसे कोरोना के चलते स्थगित किया गया ,आयोजन कर्ताओ ने बताया कि राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा कोरोना से निपटने के लिये भीड भाड वाले धार्मिक आयोजन रोके जाने के अनुरोध पर विचार करते समिति ने आयोजन पर रोक लगाते पांच दिवसीय रामायण गान कार्यक्रम को स्थगित करने का निर्यण लिया।

नगरीय क्षेत्रों के सभी क्लब, ब्यूटी पार्लर, स्पॉ-मसाज सेंटर तत्काल बंद के निर्देश

कवर्धा। नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए राज्य शासन द्वारा पूर्व में जारी आदेशों के अतिरिक्त यह निर्णय लिया गया है कि, नगरीय क्षेत्रों में स्थित समस्त क्लबों जिनमें विभिन्न शहरी कालोनियों में संचालित किए जाने वाले स्थानीय क्लब भी सम्मिलित हैं, के साथ-साथ ब्यूटी पार्लरों, स्पॉ-मसाज सेंटरों को आगामी आदेश तक तत्काल बंद कराया जाए। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मंत्रालय से शुक्रवार को इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों, नगर पालिक निगम के आयुक्तों और नगर पालिका तथा नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आदेश जारी कर इसका कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए है।

वाहन संचालक नोवेल के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें

कवर्धा। जिला परिवहन अधिकारी ने समस्त बस, टैक्सीकैब, मैक्सीकैब, स्कूल बस और ऑटो रिक्शा संचालकों एवं अन्य सभी वाहन संचालकों से कहा है कि नोवेल के संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु अपने वाहनों में साफ-सफाई रखें एवं वाहनों को सेनेटाईज करें एवं छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 94 के प्रावधानों के तहत राज्य के संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा अनुमोदित कीटनाशी द्रव्य के द्वारा विसंक्रामण किया जाना सुनिश्चित करेंगे। परिवहन मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने हेतु संघ के समस्त सदस्यों को आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रेरित करने एवं कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण में जनभागीदारी निभायें।

टोल फ्री नम्बर निदान-1100 में भी कोविड-19 से संबंधित शिकायत दर्ज की जा सकेगी

कवर्धा । माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कोविड-19 के संक्रमण के रोकथाम हेतु प्रतिबद्ध छत्तीसगढ़ शासन ने आज महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए शहरी क्षेत्र के समस्त नागरिकों हेतु निदान-1100 की सेवाओं में कोरोना वायरस से संबंधित शिकायतों किए जाने के प्रावधान हेतु जोड़ा गया है। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में निवासरत नागरिक अब टोल फ्री नम्बर निदान-1100 में भी कोरोना वायरस से संबंधित शिकायतध्सुझाव दर्ज करा सकते हैं। ज्ञात हो कि प्रदेश में कोविड-19 के संक्रमण को रोकने हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के समस्त स्विमिंग पूल, जिम, मॉल, स्पा, ब्यूटी पार्लर, कोचिंग सेंटर, क्लब, वॉटर पार्क आदि बंद किए जाने के निर्देश प्रसारित किए गए हैं।

मास्क और सेनेटाईजर की मांग बढ़ी

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कोरोना वायरस की दहशत के बाद जिले में फेस मास्क और सेनेटाईजर की मांग तेजी से बढी, लेकिन अफसोस बाजार में यह दोनो नही मिल रहे है। कमी के बीच लोग मेडिकल स्टोर से लेकर जिला अस्पताल तक की दौड लगा रहे है। बाजार से फेस मास्क गायब हो चुके है। इसमें न तो एम-95 मिल रहा है और न ही सस्ते मास्क। जबकि दाम तीन गुना तक बढ चुका है। इसके साथ ही जिले के किसी भी मेडिकल स्टोर, किराना दुकान में सेनेटाईजर भी नही मिल पा रहा है। जबकि डिमांड बनी हुई है। व्यापारियो का कहना है कि डिमांड के अनुरूप माल की सप्लाई नही हो पा रही है। चूंकि देश मे भी कोरोना से पीडितो की संख्या बढ चुकी है, जिसके कारण फेस मास्क और सेनेटाईजर की बिक्री मे इजाफा हुआ है। बताया जाता है कि फेस मास्क निर्माण कंपनी मांग के अनुरूप पूर्ति नही कर पा रहे है, जबकि लोगो की डिमांड बनी हुई है। रोजाना बडी संख्या में लोग जिला अस्पताल पहुंच रहे है, लेकिन जांच के लिए नही बल्कि फेस मास्क के लिए।

मास्क की बनी कमी

मुख्य रूप से अन्य जिले रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव से ही मास्क सप्लाई होती है लेकिन बडे शहरो मे भी इसकी सप्लाई कम हो चुकी है। चूंकि रायपुर में एक मामला सामने आ चुका है ऐसे मे लोगो को कोरोना काडर और भी बढ चुका हैं खासकर रायपुर और भिलाई मे। इसके कारण छोटे शहरो के लिए सप्लाई भी नही हो पा रही है।

बढ़ते जा रहे दाम

सामान्यः मास्क की कीमत 8 से 10 रूपय होता है लेकिन इन दिनों यह भी नही मिल पा रहा है। वही इस मास्क की कीमत अब 25 से 30 रूपय हो चुकी है। वही सबसे बेहतर क्वालिटी का मास्क 150 से 200 रूपय मे मिलता है। लेकिन फिलहाल जिले मे किसी भी तरह का मास्क उपलब्ध नही हो पा रहा है।

प्रवासी श्रमिकों के संबंध मे श्रम विभाग द्वारा निर्देश जारी

बेमेतरा/साजा। देश एवं प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में नोवेल कोरोना कोविड19 वायरस से संक्रमण के कुछ प्रकरण संज्ञान में आये है। उक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए छ0ग0 प्रदेश से कार्य हेतु प्रदेश से बाहर जाने वाले प्रवासी श्रमिकों तथा राज्य में प्रदेश के बाहर से आने वाले प्रवासी श्रमिकों पर निगरानी रखा जाना आवश्यक है जिससे कि नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण के विस्तार को रोका जा सके। जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि अंतर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार (नियोजन का विनियमन और सेवा शर्ते) अधिनियम, 1979 के प्रावधानों के तहत 5 अथवा 5 से अधिक श्रमिकों का अन्य प्रदेशों में ठेकेदार/ सट्टेदार/ एजेंट के माध्यम से नियोजन की स्थिति में ठेकेदार को अनुज्ञप्ति श्रम विभाग, साथ ही प्रत्येक प्रवासी श्रमिकों की जानकारी ग्राम पंचायत द्वारा संधारित पंजी मे दर्ज किया जाना अनिवार्य है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

रेल, मेट्रो, फ्लाइट्स...

'गो एयर' ने रविवार को जनता कर्फ्यू के दिन स्वेच्छा से अपनी सभी उड़ानें रद्द करने की घोषणा की है। एयरलाइन ने शुक्रवार को कहा, 'गो एयर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तावित जनता कर्फ्यू के समर्थन में रविवार 22 मार्च को स्वेच्छा से अपनी सभी उड़ानें रद्द करने का फैसला लिया है। विस्तारा ने भी रविवार को अपनी घरेलू उड़ानों में कटौती करने का ऐलान किया। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, 'जनता कर्फ्यू के मद्देनजर विस्तारा 22 मार्च को अपनी उड़ानों में कटौती करेगा। उड़ानें रद्द होने से प्रभावित यात्रियों से जल्द संपर्क किया जाएगा।' जनता कर्फ्यू के चलते दिल्ली में कनॉट प्लेस रविवार को बंद रहेगा। नई दिल्ली व्यापार संघ के अध्यक्ष अतुल भार्गव ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कल जनता कर्फ्यू की अपील किए जाने के कारण कनॉट प्लेस 22 मार्च को बंद रहेगा।' कोरोना वायरस महामारी के संकट को देखते दिल्ली के बाजार शनिवार से तीन दिन के लिए बंद रहेंगे। व्यापारियों के संगठन कैट ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। कैट ने कहा कि हालांकि, दवा, डेयरी और सामान्य जरूरतों की दुकानें खुली रहेंगी। ताकि लोगों की सामान्य जरूरतें पूरी होती रहें।

मेल, एक्सप्रेस ट्रेनें थमीं...

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने बताया, '22 मार्च को जनता कर्फ्यू को देखते हुए दिल्ली मेट्रों ने अपनी सेवाएं बंद रखने का फैसला किया है।'

सतर्कता ही बचाव...

प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना-19 से लड़ाई में 'फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस' का रोल अदा कर रहे लाखों सिक्योरिटी गार्ड्स, कैश वैन क्रू, क्लीनिंग, पेस्ट फ्यूमिगेशन स्टाफका शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि ये लोग 'हीरो' हैं और इनका योगदान आने वाले सालों तक याद रखा जाएगा। आईटी प्रोफेशनल्स पर गर्व जताते हुए पीएम ने कहा कि वे अन्य नागरिकों को निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कोरोना-19 से लड़ाई में इनोवेटर्स और इंडस्ट्रियस प्रोफेशनल्स की बड़ी भूमिका है।

भूकंपः सुकमा से लेकर...

4.8 मेग्नीट्यूड का आया है। इस भूकंप की गहराई भी 10 किलोमीटर है। इधर शासन-प्रशासन को भी भूकंप आने की सूचना दे दी गई है, पूर्व में इस पूरे इलाके को सेफ जोन माना जाता था, लेकिन भूकंप के झटके महसूस होने के बाद अब इन इलाकों को भी भूकंप प्रभावित माना जा रहा है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग

डीएएफ एवं बीजेआरएनएफ के सदस्य सचिव हेतु आवेदनों की प्राप्ति के लिए अंतिम तारीख का बढ़ाया जाना।

डॉ. अंबेडकर प्रतिष्ठान एवं बाबू जगजीवन राम राष्ट्रीय प्रतिष्ठान के सदस्य सचिव के पद हेतु संविदा के आधार पर आवेदन आमंत्रित करने के लिए समाचारपत्रों में दिनांक 22.02.2020 को प्रकाशित मंत्रालय के विज्ञापन संख्या डीएवीपी 38101/11/0044/1920 के अनुसरण में एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि उक्त पद के लिये आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को दिनांक 31.03.2020 तक बढ़ा दिया गया है। उक्त परिपत्र की अन्य शर्त एवं निबंधन यथावत रहेंगे तथा इन्हें 04 फरवरी, 2020 को मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित विज्ञापन में देखा जा सकता है।

डीएवीपी 38101/11/0049/1920

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

प्रियंका की आवाज और दीपिका की मुस्कान चाहती हैं करीना

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर का कहना है कि वह प्रियंका चोपड़ा की आवाज और दीपिका पादुकोण की मुस्कान चाहती हैं। करीना कपूर खान अपने रेडियो टॉक शो 'व्हॉट वुमन वॉन्ट' के दूसरे सीजन के साथ वापसी कर रही हैं। करीना से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की एक्ट्रेसेस से क्या चाहती हैं। करीना ने कहा कि वह प्रियंका चोपड़ा की आवाज चाहती हैं। उन्हें प्रियंका की आवाज बेहद प्यारी लगती है। दीपिका पादुकोण से करीना उनकी मुस्कान चाहती हैं।

करीना को दीपिका की मुस्कुराहट काफी पसंद है। इसके अलावा आलिया भट्ट के बारे में करीना ने कहा कि आलिया काफी प्रतिभाशाली हैं. इसलिए वह आलिया से कुछ टैलेंट चाहती हैं। करीना ने कहा कि वे मीडियाकर्मी और फोटोग्राफर्स से उनका कैमरा चाहती हैं और रिपोर्टर्स से जानकारियां चाहती हैं।

कृति सेनन ने कजरारे पर किया क्लासिकल डांस

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन ने ऐश्वर्या राय के सुपरहिट गाना 'कजरारे' पर क्लासिकल डांस किया है। कृति ने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना ली है। कृति का एक डांस वीडियो सामने आया है जिसमें वह ऐश्वर्या राय बच्चन को टक्कर देती नजर आ रही है। उन्होंने ऐश्वर्या के 'कजरारे' पर शानदार क्लासिकल डांस करके तारीफें बटोरी हैं। इंस्टाग्राम पर कृति का एक नया वीडियो सामने आया है जिसे देखकर ऐश्वर्या राय भी उनकी तारीफकिए बिना नहीं रह पाएंगीं। कृति इस वीडियो में काफी बेहतरीन अंदाज में डांस करती नजर आ रही हैं। ऐसा लग रहा है जैसे वह इन दिनों क्लासिकल डांस में परफेक्शन ला रही हैं। इसका वीडियो एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम एकाउंट पर भी शेयर किया है। इस छोटे से वीडियो में कृति के एक्सप्रेशन काबिले तारीफहैं। इस वीडियो को देखने के बाद उनके फैंस उनकी तारीफकरते नहीं थक रहे हैं।

इस वीडियो में कृति कजरारे गाने की शुरुआत वाली शायरी पर परफॉर्म कर रही हैं।

कोरोना वायरस को खत्म करने के लिए सुपरमैन बनना चाहते हैं अमिताभ

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन कोरोना वायरस को खत्म करने के लिये सुपरमैन बनना चाहते हैं।

कोरोना वायरस महामारी के आने के बाद पूरी दुनिया इसका इलाज खोजने में लग गई है। लोग तरह-तरह के उपायों से खुद को बचा रहे हैं। अमिताभ ने भी कोरोना वायरस से लड़ने के लिए कुछ स्पेशल विश मांगी है। उन्होंने एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए सुपरमैन बनने की इच्छा जतायी है।

अमिताभ ने ट्विटर पर एक पुरानी तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में वे सुपरमैन जैसे कपड़े पहने देखे जा सकते हैं। फोटो के साथ उन्होंने लिखा, ÷काश कि वास्तव में हम सुपरमैन बनकर इस भयंकर महामारी कोरोना वायरस को सदा के लिए नष्ट कर सकते।÷ अमिताभ ने फोटो का जिक्र करते हुए बताया कि यह अभिषेक बच्चन के एक जन्मदिन की फोटो है जिसका थीम फैंसी ड्रेस था।

बेटे अरहान संग घर में समय बिता रहीं मलाइका अरोड़ा

कोरोना वायरस के कारण बॉलीवुड सेलिब्रिटीज काफी सावधानी बरत रहे हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए सभी सेलेब्स घर पर ही परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। खूबसूरत अदाकारा मलाइका अरोड़ा भी अपने बेटे के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रही हैं। सभी सितारों की तरह मलाइका अरोड़ा भी एहतियात बरत रही हैं और सेल्फ क्वारंटाइन कर रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर बेटे अरहान की फोटो शेयर की है। पोस्ट के माध्यम से उन्होंने बताया है कि वह डिस्टेंस और बॉन्डिंग दोनों साथ में मेंटेन कर रही हैं। मलाइका ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर बेटे अरहान की तस्वीर साझा की है, जिसमें वह सोफे पर बैठे नजर आ रहे हैं। वे मोबाइल चलाते दिख रहे हैं। फोटो को देखकर ऐसा लग रहा है कि अरहान को बिल्कुल पता नहीं है कि मां मलाइका ने उनकी फोटो क्लिक की है। फोटो के कैप्शन में मलाइका ने लिखा, 'अरहान खान के साथ कुछ डिस्टेंस और बॉन्डिंग। इस फोटो को खूब लाइक और शेयर किया जा रहा है। मलाइका के प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें इस समय वे इंडियाज टॉप मॉडल और सुपर डांसर जैसे रियलिटी शोज को जज कर रही हैं।

बढ़ती जा रही अटकलें, आईपीएल-13 होगा या नहीं?

सभी फ्रैंचाइजी के साथ कॉन्फ्रेंस कॉल पर बोर्ड करेगा चर्चा

नई दिल्ली। सूत्रों ने बताया कि बीसीसीसाई अधिकारी और इस प्रतिष्ठित टी20 लीग की सभी फ्रैंचाइजी मंगलवार को आईपीएल-2020 के बारे में चर्चा करेंगे। यह चर्चा कॉन्फ्रेंस कॉल पर होगी।

आईपीएल के 13वें एडिशन की संभावनाओं पर चर्चा के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आगामी मंगलवार को लीग फ्रैंचाइजी के साथ एक कॉन्फ्रेंस कॉल करेगा। एएनआई न्यूज एजेंसी ने बोर्ड के एक अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी।

बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया कि बोर्ड अधिकारी और इस प्रतिष्ठित टी20 लीग की सभी फ्रैंचाइजी मंगलवार को आईपीएल-2020 के बारे में चर्चा करेंगे। यह चर्चा कॉन्फ्रेंस कॉल पर होगी। बीसीसीआई ने गत 13 मार्च को कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए एहतियात के तौर पर 15 अप्रैल तक इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) को स्थगित करने का फैसला किया। बोर्ड ने अपने कर्मचारियों को भी घर से काम करने के लिए कहा था।

आईपीएल पर गांगुली, हर हफ्ते लेंगे हालात का जायजाभारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने 14 मार्च को कहा कि बीसीसीआई और सरकार दोनों ने हालात पर नजर बनाई हुई है। और हर सप्ताह इसका आकलन किया जाएगा। उन्होंने इसके साथ ही लोगों की सुरक्षा पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हम आईपीएल करवाना चाहते हैं लेकिन लोगों की सुरक्षा काफी मायने रखती है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत में ष्टह्रङ्कढ्ढष्ठ-19 मामलों की कुल संख्या 230 के पार हो गई है, जिसमें 32 विदेशी भी शामिल हैं। देश में इस संक्रमण से अब तक 23 लोग ठीक भी हो गए हैं। इस बीमारी ने वैश्विक स्तर पर 10,000 से अधिक लोगों की जान ले ली है।

किसी भी पिच पर किसी भी बोलिंग का सामना कर सकते हैं विराट कोहली: जावेद

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद मैदान पर हों या मैदान के बाहर वह भारत के खिलाफ हमेशा आक्रामक ही नजर आते हैं। दोनों देशों की क्रिकेट में जो प्रतिद्वंद्विता है, मियांदाद उस प्रतिद्वंद्विता को हमेशा बनाए रखते हैं। लेकिन जब बात भारतीय खिलाड़ियों की तारीफकी आती है, तो भी मियांदाद इसमें भी पीछे नहीं हटते। ऐसा ही इस बार उन्होंने टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली के लिए किया है। अपने यू-ट्यूब चैनल पर मियांदाद ने विराट कोहली के खेल की जमकर प्रशंसा की है। मियांदाद ने कहा कि उन्हें विराट की बेखौफबैटिंग बहुत पसंद है। इस पूर्व दिग्गज कप्तान ने कहा, 'मुझसे पूछा गया कि भारतीय क्रिकेट टीम में कौन बेस्ट है, तो मैं विराट कोहली को चुनूंगा।' इस 62 वर्षीय पूर्व कप्तान ने कहा, 'मुझे उनकी बारे में ज्यादा कुछ कहना भी नहीं पड़ेगा। उनकी परफॉर्मेंस खुद ही सब कुछ बताती है। उनके आंकड़े देखकर लोगों को मानना ही पड़ेगा कि वह बेस्ट हैं।' अपने करियर में 124 टेस्ट और 233 वनडे खेलने वाले इस खिलाड़ी ने कहा, 'विराट ने साउथ अफ्रीका में भी शानदार खेल दिखाया था।

बीडब्लूएफ ने पांच और टूर्नामेंट निलंबित

नई दिल्ली (वार्ता)। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्लूएफ) ने कोरोना वायरस के खतरे के चलते पांच और टूर्नामेंट शुक्रवार को निलंबित कर दिए। बीडब्लूएफ ने एक सप्ताह पहले अपने सभी टूर्नामेंट 12 अप्रैल तक निलंबित कर दिए थे। बीडब्लूएफ ने एक बयान में बताया कि पांच और टूर्नामेंटों को निलंबित किया गया है। निलंबित टूर्नामेंटों में तीन महाद्वीपीय चैंपियनशिप शामिल हैं जो ओलम्पिक क्वालिफिकेशन के लिए आखिरी मौका हैं। बैडमिंटन के लिए रैंकिंग की समय सीमा 26 अप्रैल है। निलंबित टूर्नामेंटों में क्रोएशियन इंटरनेशनल (अप्रैल 16-19), पेरू इंटरनेशनल (अप्रैल 16-19), यूरोपियन चैंपियनशिप (अप्रैल 21-26), बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप (अप्रैल 21-26) और पैनम इंडिविजुअल चैंपियनशिप (अप्रैल 23-26) शामिल हैं। ये सभी पांच टूर्नामेंट टोक्यो ओलम्पिक की क्वालीफाइंग अवधि में खेले जाने थे लेकिन अब ये ओलम्पिक क्वालीफाइंग में कोई योगदान नहीं दे पाएंगे क्योंकि ये क्वालिफिकेशन विंडो से बाहर रहेंगे। बीडब्लूएफ ओलम्पिक क्वालिफिकेशन अवधि को लेकर बाद में घोषणा करेगा।

महिला क्रिकेटर की सड़क हादसे में मौत

कैथल (वार्ता)। हरियाणा के कैथल-अंबाला मार्ग पर शुक्रवार को उझना गांव के निकट एक सड़क हादसे में कैथल क्रिकेट टीम की कप्तान वृंदा जुनेजा की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अंबाला शहर के मॉडल टाऊन की निवासी कैथल में एमडीएन क्रिकेट अकादमी में प्रैक्टिस के बाद पिता के साथ मोटरसाइकल पर लौट रही थीं। एक कार से बाईक की टक्कर हो गई। वृंदा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पिता को भी चोटें आईं। उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वृंदा के कोच मनोज ने बताया कि वृंदा तेज गेंदबाज थी और कई वर्षों से क्रिकेट खेल रही थीं। उन्होंने बताया कि पिछले महीने ही कैथल की 12 खिलाड़ियों में से वह हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के रोहतक में हुए एक शिविर में हिस्सा लेने के लिए चुनी गई थीं।

उमर अकमल पर भ्रष्टाचार के दो आरोप

कराची (वार्ता)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने उमर अकमल पर भ्रष्टाचार उल्लंघन के दो आरोप लगाए हैं और यदि अकमल दोषी पाए जाते हैं तो उनपर छह महीने के निलंबन से लेकर आजीवन प्रतिबन्ध लग सकता है। ये आरोप धारा 2.4.4 के तहत आते हैं जिसके अनुसार किसी भी तरह के आमंत्रण या संपर्क करने के पूर्ण विवरण को पीसीबी के सतर्कता और सुरक्षा विभाग को नहीं देना भ्रष्टाचार रोधी संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।

कोरोना का खौफ: क्रिकेट जगत की लगभग सारी गतिविधियां हुई बंद

इंग्लैंड का बड़ा फैसला, 28 मई तक देश में प्रोफेशनल क्रिकेट पर रोक

नई दिल्ली। पूरी दुनिया में खतरनाक कोरोना वायरस अपने पैर पसार चुका है। इसका असर खेल जगत भी पड़ा है जिसके चलते अधिकतर बड़ी सीरीज और टूर्नामेंट रद्द या स्थगित हो चुके हैं। कोरोना को ध्यान में रखते हुए इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट ने एक बड़ा कदम उठाया है। ईसीबी ने अपने सभी प्रोफेशनल क्रिकेटर को 28 मई तक निलंबित कर दिया है। हाल ही में इंग्लैंड की टीम श्रीलंका टेस्ट सीरीज खेलने गई थी लेकिन वहां से बिना खेले ही वापस लौट गई। वहीं पाकिस्तान सुपर लीग में खेलने गए सभी खिलाड़ियों को भी वापस बुला लिया गया।

पूरी दुनिया में कोरोना वायरस का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। इसे देखते हुए क्रिकेट बोर्ड ने बड़ा कदम उठाया है। इस बात की जानकारी देते हुए कहा, ईसीबी आज इस बात पर जारी हुई है कि इंग्लैंड और वेल्स में 28 मई तक किसी भी तरह का पेशेवर क्रिकेट नहीं खेला जाएगा। इसकी वजह कोविड 19 महामारी है।

बता दें कि से चीन से फैले कोरोना वायरस ने पूरी दुनियाभर के करोड़ों लोगों को अपने घरों में रहने को मजबूर कर दिया है। महामारी से अब तक करीब 11 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, कुल मामलों की संख्या बढ़कर 2,65,867 से अधिक हो गई है। महामारी से लड़ने के लिए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने पूरे ब्रिटेन में देशव्यापी बंद (लॉकडाउन) के आदेश दिए हैं। इस दौरान कर्मचारियों का 80 फीसदी वेतन करीब 2.20 लाख प्रतिमाह तक सरकार वहन करेगी।

स्कॉटलैंड के पूर्व स्पिनर माजिद कोरोना से संक्रमित

ग्लास्गो (वार्ता)। स्कॉटलैंड के पूर्व ऑफस्पिनर मज़िद हक़ कोरोना वायरस की चपेट में आ गए हैं। माजिद ने शुक्रवार को ट्विटर पर खुद ही यह जानकारी दी। 37 वर्षीय माजिद ने बताया कि उनका ग्लास्गो के पैस्ले क्षेत्र के रॉयल अलेक्सेंडरा हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह जल्दी ठीक होकर वापसी करेंगे। माजिद ने स्कॉटलैंड के लिए 54 वनडे और 21 टी-20 मैच खेले थे। वह आखिरी बार अपने देश के लिए 2015विश्व कप में खेले थे। स्कॉटलैंड में कोरोना के 266 पुष्ट मामले हैं जबकि पूरे यूनाइटेड किंगडम में 3269 मामले हैं।

चीन ओपन और हांगकांग ओपन निलंबित

बीजिंग (वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) ने 2020 आईटीटीएफ वर्ल्ड टूर के दो टूर्नामेंटों हांगकांग ओपन और चीन ओपन को कोरोना के खतरे के चलते शुक्रवार को स्थगित कर दिया।

हांगकांग ओपन का आयोजन पांच से 10 मई तक तथा चीन ओपन का आयोजन 12 से 17 मई तक होना था। इन दोनों टूर्नामेंटों की नयी तारीखों के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गयी है। हांगकांग ओपन और चीन ओपन के निलंबन से पहले आईटीटीएफ ने पुष्टि की थी कि वह इस महीने बाद में दक्षिण कोरिया में होने वाली विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप, 21 से 26 अप्रैल तक होने वाले जापान ओपन और जून में होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन तथा कोरियन ओपन को स्थगित कर देगा।

सौर सुजला से नहीं बुझेगी जिले के खेतों की प्यास

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा । खेतों में सिंचाई सुविधा को विस्तार देने के लिए सरकारी सौर सुजला का लाभ जिले के किसानों को नहीं मिल रहा है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में 600 किसानों को सब्सिडी योजना के तहत लाभ दिया जाना था। कृषि विभाग में 1042 किसानों ने आवेदन किया है। वर्ष समाप्ति की कगार पर है। अब तक केवल 50 किसानों को ही सुविधा का लाभ मिला है। पंप की स्थापना क्रेडा विभाग से किया जाता है। कृषि और क्रेडा में आपसी सामंजस्य नहीं होने के कारण किसानों को सिंचाई सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है।

सौर सुजला योजना के माध्यम से खेतों में सिंचाई सुविधा को विस्तार देने प्लानिंग शासन ने सिंचाई सुविधा से वंचित जिलों के लिए की है। गांवों में क्रेडा के माध्यम से सौर ऊर्जा के माध्यम से सिंचाई के लिए सिस्टम लगाया जाना है। योजना के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी कृषि विभाग को दी गई है। विभाग में आवेदन के बाद योजना को लाभ किसानों को दिया जाना सुनिश्चित किया गया है। इधर आवेदक किसानों के प्रकरण तैयार कर क्रेडा विभाग को प्रेषित करने औपचारिकता का निर्वहन कृषि विभाग से किया जा रहा है। किसानों के खेतों सौर सुजला स्थापित हो रही है या नहीं, इससे उसे कोई सरोकार नहीं। प्रशासनिक अधिकारियों के उपेक्षित रवैये का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 1042 आवेदकों में 50 किसानों के खेतों में सौर सुजला का सिस्टम लग पाया है। आवेदकों मे नरवा गरवा घुरवा बाड़ी के तहत गोठान में जलापूर्ति के लिए भी स्वीकृति देने का प्रावधान है। वित्तीय वर्ष में 35 गोठानों के लिए ही सौर सुजला प्लांट स्थापित की गई है। विभाग की मानें तो अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को 7000 रुपये के अंशदान पर 25000 रुपये का अनुदान कृषि विभाग से दिया जाना है। तीन लाख 60 हजार की लागत से लगने वाली

योजना का वित्त प्रबंध राज्य व केंद्रीय मद से किया जाएगा। योजना के लिए जिला कृषि विभाग से इस वर्ष 350 सौर पंप का लक्ष्य रखा गया है। सही जानकारी नहीं होने के कारण ऐसे भी किसान आवेदन कर रहे हैं जिनके पास 2.50 एकड़ भूमि नहीं है। वनांचल ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से काबिज आदिवासियों को जमीन का पट्टा प्रदान नहीं किया गया है। वन भूमि को कृषि भूमि के तौर पर विकसित किया जा सकता है। किसानों को पट्टा प्रदान नहीं किए जाने के कारण वे बंजर भूमि को खेत बनाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। बहरहाल कृषि विभाग की योजना का लाभ उन सीमित किसानों को ही मिल रहा है, जिनके पास 2.50 एकड़ से अधिक भूमि है

63 फीसदी खेत अब भी असिंचित

बांगो बांध जैसे वृहत सिंचाई योजना के बाद भी यह जिले किसानों के लिए दिया तले अंधेरा ही साबित हो रहा है। जिले का 37 प?रसदी कृषि भूमि ही सिंचित है। कोरबा व कटघोरा विकासखंड के किसानों के खेत पहले ही औद्योगिक प्रबंधन, खदानों व राखड़ डैम की भेंट चढ़ चुके हैं। ऐसे से कृषि रकबा दिन-ब-दिन घटते जा रहा है। एकमात्र करतला ब्लॉक को ही सिंचाई सुविधा का लाभ मिल रहा है।

27 हजार किसानों का पंजीयन

कृषि विभाग की मानें तो जिले में किसानों की संख्या एक लाख 24 हजार है। 27 हजार किसानों ने पिछले पांच साल से धान बिक्री के लिए पंजीयन कराया है। शेष 97 हजार ऐसे किसान हैं, जिनके पास इतनी सिंचित जमीन नहीं है कि वे बेहतर उपज लेकर धान की बिक्री कर सकें। साल भर उपभोग के लिए उन्हें धान नहीं मिल पाता। ऐसे में वे दीगर मजदूरी कर अपना जीविकोपार्जन करते हैं। सरकारी योजना के बाद भी खेतों के लिए सिंचाई सुविधा नहीं मिलना विडंबना बनी हुई है।

फेल हो चुकी है शाकंभरी योजना

जिले में संचालित शाकंभरी नल कूप योजना पहले से प?ल हो चुकी है। पांच साल पहले संचालित योजना में कूप खनन के लिए कृषि से सब्सिडी दी जाती थी। इनमें कई कुओं का निर्माण रोजगार गारंटी से भी होना था। खेतों के निकट किसानों ने कुएं तो खोदवाए लेकिन सब्सिडी राशि जारी नहीं होने के कारण वह ध्वस्त हो चुके हैं। नलकूप से लाभ लेने वाले किसानों का विभाग के पास रिकॉर्ड नहीं है।

कब कितने आवेदन और स्वीकृति

वर्ष	आवेदन	स्थापित
2016	17626	245
2017	18870	660
2018	19461	675
2019	20959	50

किसानों को सिंचाई सुविधा के लिए आवेदन कृषि विभाग से लिया जा रहा है। क्रेडा को 959 किसानों के दस्तावेज वित्तीय वर्ष की शुरुआत से अब तक दिया जा चुका है। अब तक 50 किसानों को सौर सुजला का लाभ मिला है। लक्ष्य देरी से मिलने के कारण कम किसानों को लाभ मिला है।

एमजी श्याम कुंवर, उप संचालक, कृषि विभाग

कौशल विकास प्रशिक्षण देने हेतु 24 तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। लाइवलीहुड कॉलेज कारली दन्तेवाड़ा द्वारा एलईडी लाईट रिपेयर टेक्नीशियन, सिक्युरिटी गार्ड,सिलाई मशीन ऑपरेटर, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, सीसीटीवी इंस्टालेशन टेक्नीशियन, प्लम्बर, टूरिज्म एन्ड हॉस्पिटालिटी, फूड प्रोसेसिंग, बम्बू यूटिलिटी, हेंडीक्राफ्ट एस्सेम्बलर, कामर्शियल व्हीकल ड्राइवर, डेयरी फार्मर इंटरपेनर और आर्गेनिक ग्रोवर ट्रेड में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए इच्छुक प्रतिष्ठित एजेंसियों, संस्थाओं, समितियों, फर्मो आदि से आगामी 24 मार्च तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया गया है। रुचि की अभिव्यक्ति रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट से कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी, ग्राम एवं पोस्ट कारली, तहसील गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छत्तीसगढ़) पिनकोड-494449 के पते पर प्रेषित किया जा सकता है। नियत तिथि तक प्राप्त रूचि की अभिव्यक्ति 25 मार्च 2020 को प्रातः 11 बजे लाइवलीहुड कॉलेज कारली दन्तेवाड़ा में खोली जायेगी। रूचि की अभिव्यक्ति सम्बन्धी प्रपत्र निःशुल्क है, जिसे जिले की वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। रुचि की अभिव्यक्ति सम्बन्धी विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट दन्तेवाड़ा डॉट एनआईसी डॉट इन पर लॉगिन कर देखी जा सकती है।

गेवरा खदान के कर्मी बदल सकेंगे कैडर, बनेंगे चालक

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा । एसईसीएल ने सीधी भर्ती की बजाय पहले विभागीय कर्मियों को कैडर बदल कर ड्राइवर बनने का अवसर दिया है। कैडर बदलने पर कर्मियों को केटेगरी दो का पद दिया जाएगा। गेवरा क्षेत्र में पहले चरण में कर्मियों का कैडर बदला जाएगा।

खदानों में उत्खनन कार्य से जुड़े भारी वाहनों के ऑपरेटरों के सेवानिवृत्त होने पर मैनपावर कम होते जा रहा है। इससे निपटने के लिए प्रबंधन विभागीय स्तर पर कर्मियों का कैडर बदल ऑपरेटर बनने का अवसर प्रदान कर रहा है। एसईसीएल की सबसे बड़ी माइंस गेवरा में कैडर बदलने का अवसर कर्मियों को प्रदान किया गया है। पहले चरण में केटेगरी दो के तहत प्रशिक्षु चालक पद हेतु विभागीय कर्मियों से आवेदन मांगा गया है। इसके लिए कम से कम आठवीं पास एवं भारी वाहनों को चलाने योग्य ड्राइविंग लाइसेंस भी देने कहा गया है। प्रबंधन का कहना है कि विभागीय कर्मचारी अपना आवेदन कार्मिक विभाग के माध्यम से जमा करा सकेंगे। इसके बाद अभ्यर्थियों की विभागीय परीक्षा एवं वाहन चालन का टेस्ट लिया जाएगा। सफल होने वाले अभ्यर्थी ही कैडर बदल सकेंगे। बताया जा रहा है कि अभ्यर्थियों को छह माह से एक वर्ष तक प्रशिक्षु के रूप में अपना काम करना होगा। बेहतर परफारमेंस होने से चयनित कर्मी को चालक बनाया जाएगा।

कितने कर्मी चालक, स्पष्ट नहीं

कितने कर्मियों का चयन प्रशिक्षु चालक के रूप में करेगा, इसका खुलासा गेवरा प्रबंधन ने नहीं किया है। इससे कर्मियों के मध्य संशय की स्थिति बनी हुई है। आवेदन करने वाले कर्मियों को समझ नहीं आ रहा है कि पद स्पष्ट नहीं होने से उनका चयन हो पाएगा अथवा नहीं। श्रमिक संघ प्रतिनिधियों का कहना है कि प्रबंधन को स्पष्ट करना चाहिए कि प्रशिक्षु चालक के लिए कितने पद स्वीकृत किए गए हैं।

पहले भी बदला कैडर, पर जारी नहीं हुई सूची

एसईसीएल समय-समय पर कैडर बदल कर दूसरा काम कर्मियों को प्रदान करता है, पर कई बार चयन प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी कर्मियों की सूची जारी नहीं की जाती। जानकारों का कहना है कि दो साल पहले लिपिक बनने की प्रक्रिया शुरू की गई और विभागीय स्तर पर परीक्षा भी ली गई, इसके बाद अभी तक परिणाम की घोषणा नहीं की गई। कर्मचारी अपने पुराने पद ही कार्य कर रहे हैं और उनकी लिपिक बनने की मंशा पूरी नहीं हो सकी है।

कोरोना से निपटने के उपायों का लिया जायज़ा

बलौदाबाजार। राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा कोरोना वाइरस के संक्रमण से बचाव एवं इलाज के लिए तमाम इंतज़ाम किये गए हैं। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल और एसपी नीतु कमल ने आज शाम बलौदाबाजार शहर का दौरा कर इन व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने धारा 144, मेडिकल दुकानों में मास्क-सैनिटाइजर की उपलब्धता, चौपाटी -ठेलों और लोगों के जमावड़े को ध्यान में रखते हुए निरीक्षण किया। उन्होंने शहर स्थित वृद्धाश्रम पहुचकर वहां निवासरत बुजुर्गजनों से मुलाकात की। उनके निर्देश पर उन्हें सावधानी बतौर नगरपालिका द्वारा मास्क वितरित किये गये। उन्होंने बृद्धजनों को आश्वस्त किया कि कोरोना से भय खाने की कतई जरूरत नहीं है। जरा भी सर्दी-खासी आये तो बताएं। जिला अस्पताल से डॉक्टर पहुंचकर वृद्धाश्रम में ही इलाज करेंगे। इसके साथ ही कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर जोगेंद्र नायक ने भाटापारा शहर के प्रमुख चौक चौराहों, बाजारों में जाकर धारा 144 का जायजा लिया। रेल्वे स्टेशन स्थित कोरोना हेल्थ डेस्क सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान भाटापारा एसडीएम महेश राजपूत, तहसीलदार प्रवीण तिवारी, सीएमओ आशीष भी उपस्थित रहें।

जिले के नगरीय क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से धारा 144 लागू

- **सभा, धरना-रैली, जुलूस सहित धार्मिक-राजनैतिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिबंधित**

दंतेवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री टोपेश्वर वर्मा ने नॉवेल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव तथा जिले में स्वास्थ्यगत आपातकालीन स्थिति को नियंत्रण में रखने के मद्देनजर सभा, धरना-रैली, जुलूस, धार्मिक-राजनैतिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि आयोजन को प्रतिबंधित करने के लिये जिले के नगरीय क्षेत्रों में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 प्रभावशील कर दिया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री टोपेश्वर वर्मा ने इस बारे में पारित आदेश में कहा है कि कोरोना वायरस के संक्रमण के मद्देनजर विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कोरोना वायरस एक संक्रामक बीमारी है, जो विश्व के विभिन्न देशों में कुछ ही हफ्तों में महामारी का रूप धारण कर चुकी है। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह तथ्य परिलक्षित है कि कोरोना वायरस के सम्पर्क से पीड़ित, संदेही से दूर रहने की संगरोध की सख्त हिदायत है। इस बीमारी को फैलने से रोकने के लिए संक्रामक व्यक्ति को घर/संगरोध में चिकित्सा हेतु लाया जाना आवश्यक है। राज्य शासन के द्वारा भी इससे बचाव हेतु सभी सम्भव उपाय अमल में लाये जाने के निर्देश दिये गए हैं। अतएव दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया जाता है कि जिले में स्वास्थ्यगत आपातकालीन स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए विभिन्न प्रकार के सभा, धरना-रैली, जुलूस, धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल गतिविधियों इत्यादि के आयोजन, अवांछित विचरण, सार्वजनिक स्थानों पर वैवाहिक तथा अन्य आयोजन, क्लब हाउस, एसोसिएशन बिल्डिंग आदि को प्रतिबंधित किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति को पर्याप्त कारण/जानकारी या यह मानने के लिए यह कोरोना वायरस से संक्रमित है या किसी ऐसे व्यक्ति के सम्पर्क में है जो संक्रमित हो सकता है तो यह अनिवार्य होगा कि ऐसे व्यक्ति द्वारा तत्काल सहयोग कर सारी जानकारी घोषित करे।

कोरोना वायरस के रोकथाम के लिये जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार

- **जिले में बनाये गए 28 आइसोलेशन वार्ड**
- **परीक्षण में अब तक सभी की रिपोर्ट निगेटिव**

अम्बिकापुर। कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में जिले में कोरोना वायरस कोविड-19 से बचाव के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। विदेशों से यात्रा कर आने वाले तथा अन्य यात्रियों की पहचान कर परीक्षण एवं जांच किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीएस सिसोदिया ने बताया कि कई लोग अकसर अपनी नाक, मुंह और आंखों को बार-बार हाथ लगाते रहते हैं। इस वायरस से बचना चाहते हैं तो ऐसा बिल्कुल न करें। सावधानी के तौर पर दिन में कई बार हाथों को कम से कम 20 सेंकेण्ड तक धोंए। इसके अलावा हाथों से बैक्टीरिया साफ करने के लिए उपयोगी सेनेटाइजर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। वर्तमान में विदेशों से आए हुए कुल 12 संदिग्ध यात्रियों का जांच एवं परीक्षण किया गया जिनमें सभी का कोरोना संक्रमण नेगेटिव पाया गया है। सावधानी के तौर पर इनमें से 5 संदिग्ध लोगों को होम आईसोलेशन में रखा गया है एवं प्रतिदिन आईडीएसपी टीम द्वारा उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली जा रही है। सरगुजा जिले में कुल 28 आईसोलेशन वार्ड कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव तथा उपचार के लिए बनाया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एडवाइजरी जारी कर वायरस के संक्रमण से बचने हेतु सावधानी बरतने के लिए निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शहरी क्षेत्रों में नगर निगम के सहयोग से 5 जगहों को चिन्हांकित कर कोरोना वायरस से बचाव की जानकारी प्रदान की जा रही है साथ ही बाहर से आने वाले यात्रियों की जानकारी प्राप्त कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अपने आस-पास के लोगों से कम से कम 3 फीट का फासला बनाए रखें। जिन लोगों को खांसी या जुकाम हो उनसे भी दूर रहें। ऐसा इसलिए क्योंकि आपके हाथ कई चीजें को छूते हैं। ऐसे मे उन पर कई तरह के वायरस लगे हो सकते हैं। हथेली पर लगे वायरस नाक, मुंह या आंखों के जरिए शरीर में प्रवेश कर सकते हैं।

जनगणना कार्य हेतु तकनीकी सहायक एवं एमटीएस की सेवा हेतु आवेदन आमंत्रित

अम्बिकापुर। सरगुजा जिले में जनगणना कार्य के लिए तकनीकी सहायक एवं एमटीएस की नियुक्ति हेतु पात्र अभिकर्तृत्व से 3 अप्रैल 2020 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है । आवेदन मय दस्तावेज जिला जनगणना अधिकारी कार्यालय अम्बिकापुर में 3 अप्रैल 2020 तक अपरान्ह 4 बजे तक जमा कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये वेब साईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यु.जीओवी.इन का अवलोकन कर सकते है।

कलेक्टोरेट में जनचौपाल स्थगित

धमतरी। कोरोना वायरस बीमारी के संक्रमण से बचाव के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा हर तरह की कवायद की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री रजत बंसल ने हर सोमवार को कलेक्टोरेट में आयोजित होने वाले जनचैपाल आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया है।

दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं स्थगित

धमतरी। कोरोना वायरस बीमारी के संक्रमण से बचाव के लिए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ी माध्यमिक शिक्षा मण्डल की आयोजित होने वाली दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड की शेष परीक्षाएं भी आगामी आदेश तक स्थगित कर दी गई हैं। इसके अलावा राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित की जाने वाली मुख्य परीक्षाएं आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दी गईं हैं।

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को किए जाने वाले गोपनीय सामग्री का वितरण स्थगित

धमतरी। राज्य स्तरीय आकलन के तहत शासकीय स्कूलों में समेटिव आकलन सत्र 2019-20 के लिए संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् रायपुर द्वारा कक्षा पहली से आठवीं तक के लिए प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी से मिली जानकारी के मुताबिक आगामी 23 एवं 24 मार्च को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को किए जाने वाले गोपनीय सामग्री का वितरण आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण एवं रोकथाम हेतु कलेक्टर ने अधिकारियों को किया निर्देशित

कोरिया। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज यहां जिला कलेक्टोरेट के प्रथम तल स्थित अपने चेम्बर में अधिकारियों की बैठक लेकर नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण एवं रोकथाम हेतु अधिकारियों को निर्देशित करते हुए राज्य शासन द्वारा विभिन्न विभागों को नोवेल कोरोना वायरस के संबंध में जारी परिपत्रों का पालन सुनिश्चित करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए इसके प्रभावी रोकथाम हेतु सभी आवश्यक पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने अंतर्राज्यीय सीमाओं पर कड़ी नजर रखने, बसों की साफ-सफाई रखने, सार्वजनिक परिवहन के साधनों जैसे बस, ऑटो, टैक्सी, एवं जीप में भीड़ ना होने देने एवं बसों में पर्याप्त दूरी पर यात्रियों को बैठाने के निर्देश दिए।

जागरूकता | **कलेक्टर को संक्रमण से बचाने पहनाया मॉस्क**

लाइट आफ हैप्पीनेस ग्रुप का कार्यक्रम

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। कोरोना वायरस से बचाव के लिए लाइट-आफ-हैप्पीनेस ग्रुप ने जन जागरूकता अभियान छेड़ दिया है। कलेक्टर, एएसपी का सेनीटाइजर से हाथ धुलाकर संक्रमण से बचने उन्हें मॉस्क पहनाया। इसके बाद शासकीय कर्मचारियों को मॉस्क का वितरण किया गया।

कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए लाइट-ऑफ-हैप्पीनेस धमतरी की ओर से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर बंगला में पहुंचकर समाजसेवियों ने कलेक्टर रजत बंसल से मिलकर समिति के कार्यों से अवगत कराया। इसके बाद संक्रमण से

बचाव के लिए सेनीटाइजर से हाथ धुलवाया और मॉस्क पहना कर उन्हें अपनी सेहत का ख्याल करते हुए आम जनता की सेवा ऐसे ही करते रहने की अपील की। कलेक्टर रजत बंसल ने कहा कि लाइट-ऑफ -हैप्पीनेस का यह जागरूकता कार्यक्रम निश्चित ही आम जनता के बीच अच्छा संदेश देगा। कोरोना वायरस को देखते हुए हर किसी को इससे बचाव का उपाय करना चाहिए। लोगों को कुछ दिनों के लिए भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक जगह, कार्यक्रम में जाने से परहेज करना चाहिए। लगातार हाथ को साबुन या सेनीटाइजर से धोते रहना चाहिए। इसके बाद जिला पुलिस मुख्यालय पहुंचकर एएसपी मनीषा ठाकुर को मॉस्क का वितरण किया। यहां दफ्तर के अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को सेनीटाइजर और मॉस्क का वितरण कर उन्हें हर समय परहेज से रहने की अपील की। इस अवसर पर पार्षद सरिता असाई, प्राची सोनी, हरमिंदर छाबड़ा, युसूफ रिजवी आदि मौजूद रहे।

पुलिस करेगी सहयोग

एएसपी मनीषा ठाकुर ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए समिति का यह प्रयास प्रशंसनीय है। ऐसे सेवा कार्यो में पुलिस की ओर से उन्हें हरसंभव सहयोग किया जाएगा। कलेक्ट्रेट में भी कर्मचारियों को मॉस्क देकर इसे पहन कर ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया गया।

दुनिया दहशत में

लाइट ऑफ हैप्पीनेस के संयोजक अब्दुल रहमान ने कहा कि कोरोना वारयस से आज पूरी दुनिया में दहशत का माहौल हैं, लेकिन हम थोड़ी सी जागरूकता दिखाकर इससे बच सकते हैं। संक्रमण के खतरे को देखते हुए मॉस्क का उपयोग करें तथा बार-बार साबुन या सेनीटाइजर से हाथ धोते रहे।

■ न्यूज गैलरी

महज 60 फीसदी घरेलू उड़ानों को ऑपरेट करेगी इंडिगो

नई दिल्ली। इंडिगो ने शुक्रवार (20 मार्च) को कहा कि रविवार (22 मार्च) को 'जनता कर्फ्यू' के मद्देनजर वह महज 60 प्रतिशत घरेलू उड़ानों का परिचालन करेगी। इसके अलावा, इस महामारी के चलते एयरलाइन की मांग में कमी आई है, उसके मद्देनजर वह अपनी घरेलू उड़ानों में फिलहाल 25 प्रतिशत कमी कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार (19 मार्च) को कोरोना वायरस के चलते नागरिकों से रविवार को सुबह छह बजे से लेकर रात नौ बजे तक अपने घरों से बाहर नहीं निकलकर जनता कर्फ्यू करने की अपील की थी। इंडिगो ने कहा, ''22 मार्च को रविवार के दिन के लिए प्रधानमंत्री द्वारा 19 मार्च को घोषित किए गए जनता कर्फ्यू के मद्देनजर एयरलाइन अपने सामान्य उड़ानों में से करीब 60 फीसदी का ही संचालन करेगी और उस दिन बस अत्यावश्यक यात्रा जरूरतों को पूरा करेगी।÷ उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना वायरस संकट को लेकर आगामी 22 मार्च को सुबह सात बजे से रात नौ बजे तक 'जनता कर्फ्यू' का आह्वान किया है और कहा कि आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों को छोड़कर किसी को भी घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। उन्होंने बृहस्पतिवार (19 मार्च) को करीब 30 मिनट के राष्ट्रीय संबोधन में सभी भारतीयों से अपील की कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए यथासंभव घरों के अंदर ही रहें और कहा कि दुनिया में कभी इतना गंभीर खतरा पैदा नहीं हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध में भी इतनी संख्या में देश प्रभावित नहीं हुए थे जितनी कि कोरोना वायरस से हुए हैं।

दिल्ली सर्राफा बाजार बंद

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के उद्देश्य से दिल्ली में कारोबारियों के तीन दिन कारोबार बंद रखने के निर्णय के तहत शनिवार को राजधानी में दिल्ली सर्राफा बाजार बंद रहा। महामारी का रूप ले चुके कोरोना वायरस 'कोविड-19' की रोकथाम के लिए व्यापारियों ने दिल्ली में शनिवार से तीन दिन तक बाजार बंद रखने का फैसला किया है जबकि देश के बाकी हिस्सों में प्रधानमंत्री के आह्वान पर रविवार को वे 'जनता कर्फ्यू' में शामिल होंगे। व्यापारियों के प्रमुख संगठन अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने कल बताया कि दिल्ली के विभिन्न बाजारों के व्यापारी संगठनों के नेताओं ने कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिए 21 से 23 मार्च तक बाजारें और दुकानें बंद रखने का फैसला किया है। दवा दुकानें और डेयरी तथा आम उपभोग की वस्तुओं की दुकानें हालांकि खुली रहेंगी। कैट ने बताया कि तीन दिन बाद स्थिति की समीक्षा करने के बाद ही आगे की रणनीति के बारे में फैसला किया जायेगा।

कोरोना का असर : ट्रेन की एसी थ्री से भी सस्ता हुआ फ्लाइट का किराया

पटना। कोरोना वायरस के संक्रमण से हवाई यात्रा पर भारी असर पड़ा है। लोग यात्राएं टाल रहे हैं और विमान रद्द होने लगे हैं। कई रूटों पर विमान 25 से 30 यात्रियों को लेकर उड़ान भर रहे। ऐसे में विमानों के किराये में भी काफी कमी आयी है। पटना दिल्ली रूट पर एक पखवारे बाद का किराया राजधानी एक्सप्रेस की एसी थ्री से भी सस्ता हो गया है। पटना से राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन से एसी थ्री का किराया जहां 2275 रुपये है, वहीं दो अप्रैल से पटना से दिल्ली का हवाई किराया 1745 रुपये है। जानकार बताते हैं कि इस रूट पर हवाई किराया पहले इतना नीचे नहीं पहुंचा था। किराए की यह स्थिति 27 अप्रैल तक ऐसी ही है। न केवल एक विमानन कंपनी, बल्कि ज्यादातर फ्लाइट का यही हाल है।

बेंगलुरु रूट में भी है असरः पिछले कई महीनों में पटना से बेंगलुरु का किराया औसतन पांच से छह हजार का रहा है, लेकिन 4 अप्रैल से इस रूट पर भी विमान किराए में काफी गिरावट आई है। इस रूट पर औसतन चार हजार पांच सौ रुपये में टिकट उपलब्ध

हो रहा है। जानकारों का कहना है कि घरेलू उड़ानों में बुकिंग का ऐसा हाल कभी नहीं रहा था।

मुम्बई जाने से भी परहेजः मुंबई जाने के लिए टिकट की कीमत आसमान छूती रहती थी,

> **बेंगलुरु रूट में भी है असरः**
> *पिछले कई महीनों में पटना से बेंगलुरु का किराया औसतन पांच से छह हजार का रहा है, लेकिन 4 अप्रैल से इस रूट पर भी विमान किराए में काफी गिरावट आई है। इस रूट पर औसतन चार हजार पांच सौ रुपये में टिकट उपलब्ध हो रहा है। जानकारों का कहना है कि घरेलू उड़ानों में बुकिंग का ऐसा हाल कभी नहीं रहा था।*

लेकिन मुंबई रूट पर तो हवाई किराया आधा हो गया है। यहां जाने के लिए औसतन छह हजार रुपये खर्च करने पड़ते थे लेकिन चार अप्रैल से मात्र 3100 रुपये में टिकट उपलब्ध है। सीधी विमान सेवा के लिए भी कम दाम में टिकट मिल रहे।

पटना आने जाने वाले आठ विमान रद्द

कोरोना वायरस के संक्रमण के खौफ से लोग विमान यात्राओं से परहेज कर रहे हैं। शुक्रवार को पटना एयरपोर्ट से जुड़ी आठ फ्लाइट रद्द रहीं। गो एयर के इन विमानों के रद्द रहने के सिलसिला दूसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को रद्द होने वाले विमानों में जी8136 पटना दिल्ली, जी 82512 पटना दिल्ली और जी 8762 पटना कोलकाता शामिल रहीं। पटना आने वाले विमानों में जी 8 135 दिल्ली पटना, जी 8 2511 दिल्ली पटना , जी 8761 पटना कोलकाता विमान शामिल हैं। वहीं, इंडिगो की कोलकाता-पटना-कोलकाता फ्लाइट भी रद्द रही। विमान यात्रा को लेकर आगे भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

कोरोना से जंग: कंपनियों ने 15 फीसद कम किए हैंड सैनेटाइजर, साबुन के दाम

नई दिल्ली। हिंदुस्तान यूनिलीवर, गोदरेज कंज्यूमर और पतंजलि जैसी एफएमसीजी कंपनियों ने कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने में लोगों की मदद के लिये साबुन तथा स्वच्छता के अन्य उत्पादों की कीमतें घटाने और इनका उत्पादन बढ़ाने की शुक्रवार को घोषणा की। हिंदुस्तान यूनिलीवर ने कोरोना वायरस के संक्रमण से लड़ाई में 100 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता जाहिर की। कंपनी ने एक बयान में कहा, ''हिंदुस्तान यूनिलीवर सार्वजनिक हित में लाइफब्वॉय सैनिटाइजर, लाइफब्वॉय लिक्विड हैंडवाश और डोमेक्स फ्लोर क्लीनर की कीमतें 15 प्रतिशत घटा रही है। हम घटी कीमतों वाले इन उत्पादों का उत्पादन तत्काल प्रभाव से शुरू करने जा रहे हैं और अगले कुछ सप्ताह में ये बाजार में उपलब्ध होंगे। कंपनी ने कहा कि वह समाज के जरूरतमंद वर्ग को अगले कुछ माह में दो करोड़ लाइफब्वॉय साबुन का वितरण करेगी।

कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजीव मेहता ने कहा, ''इस तरह के संकट में कंपनियों को बड़ी भूमिका निभानी होती है। हम सरकारों और अपने साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि हम साथ मिलकर इस वैश्विक संकट से पार पा सकें। योगगुरू रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद ने भी एलोवीरा तथा हल्दी-चंदन साबुनों के दाम में 12.5 प्रतिशत की कमी करने की घोषणा की। कंपनी के प्रवक्ता एस.के.तिजारावाला ने कहा, ''स्वामी रामदेव ने आम लोगों की समस्याओं को देखते हुए कोरोना वायरस से युद्ध में उनकी मदद करने के लिये कीमतें घटाने का निर्णय लिया है। गोदरेज ने कहा कि उसने कच्ची सामग्रियों के दाम में हुई वृद्धि का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डालने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि इस समय लोगों द्वारा घबराहट में सामानों विशेषकर व्यक्तिगत रख-रखाव तथा साफ सफाई से जुड़े सामानों की अनावश्यक खरीद करने की खबरें आ रही हैं। ग्रोफर्स और बिगबास्केट समेत कई ऑनलाइन विक्रेताओं तथा वालमार्ट और मेट्रो

सरकार ने तय की सैनिटाइजर, मास्क की कीमत : पासवान

देश में कोरोना वायरस के प्रकोप की रोकथाम के लिए सरकार ने सैनिटाइजर और फेस मास्क की कीमत तय कर दी है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री रामविलास पासवान ने शुक्रवार को ट्वीट के जरिए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोरोनावायरस (कोविड-19) के फैलने के बाद से बाजार में विभिन्न फेस मास्क, इसके निमार्ण में लगने वाली सामग्री और हैंड सैनिटाइजर की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि देखी गई है। इसलिए सरकार ने इसे गंभीरता से लेते हुए इनकी कीमतें तय कर दी हैं। केंद्र सरकार ने दो और तीन प्लाई वाले सर्जिकल फेस मास्क और हैंड सैनिटाइजर की कीमत तय की है। पासवान ने कहा, ऽआवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत 2 और 3 प्लाई मास्क में इस्तेमाल होने वाले फैब्रिक की कीमत वही रहेगी जो 12 फरवरी 2020 को थी, तीन प्लाई मास्क की खुदरा कीमत आठ रुपये प्रति मास्क और और तीन प्लाई के मास्क की कीमत 10 रुपये प्रति मास्क से अधिक नहीं होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ऽहैंड सैनिटाइजर की 200 एमएल बोतल की खुदरा कीमत 100 रुपये से अधिक नहीं होगी। अन्य आकार की बोतलों की कीमत भी इसी अनुपात में रहेंगी। ये कीमतें 30 जून, 2020 तक पूरे देश में लागू रहेंगी।

बदलेगा बैंकों के खुलने और बंद होने का टाइम

कानपुर। कोरोना की दहशत को देखते हुए बैंकों के कामकाज को घटाने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने सभी बैंकों के शीर्ष प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की है और इस संबंध में जल्द निर्देश जारी किए जाएंगे। कोरोना के संक्रमण से बचने के लिए कम से कम लोगों से कॉन्टैक्ट रखने के लिए बैंकों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। एक तरफ सेनेटाइजर और अन्य जरूरी सुरक्षा व्यवस्थाओं से शाखाओं को लैस किया जा रहा तो दूसरी तरफ ग्राहकों से अपील की जा रही है कि ज्यादा से ज्यादा डिजिटल लेनदेन करें। इन्ही प्रयासों के अगले चरण में बैंकों के कामकाज को सीमित किया जाएगा। इसके तहत बैंकों के कामकाज के घंटे घटाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसमें ग्राहकों के साथ बैंकिंग कामकाज को दो से तीन घंटे तक घटाया जा सकता है। इसके अलावा कारोबार की हालत को देखते हुए उन्हें भी राहत देने की तैयारी की जा रही है। कामकाज ठप होने या कम होने से लोन की किस्तों पर असर पड़ने लगा है।

कोरोना ने भारतीय व्यवसायों को प्रभावित किया

चंडीगढ़ (वार्ता)। कोरोना वायरस 'कोविड-19' ने भारतीय व्यावसायों को भी प्रभावित किया है और व्यवसाइयों का यह मानना है कि हालात काबू में आने में छह महीने का समय लग सकता है। फिक्की की सर्वेक्षण रिपोर्ट 'भारतीय व्यावसायों पर कोरोना वायरस का असर' में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार 53 फीसदी भारतीय व्यवसायों ने संकेत दिया है कि कोरोना वायरस महामारी का उनके व्यावसायिक ऑपरेशन पर प्रारंभिक चरण में भी अधिक या काफी अधिक रहा है। सर्वेक्षण में लगभग तीन चौथाई अर्थात 73 फीसदी व्यवसायों ने ऑर्डर प्राप्ति में बड़ी कमी पाई है। उनमें से आधे कारोबारियों ने ऑर्डर बुक में 20 फीसदी से भी अधिक की कटौती पाई है।

कोरोना इफेक्ट | हड़ताल को प्रधानमंत्री नरेंद्र के गुरुवार को राष्ट्र के संबोधन के मद्देनजर वापस लिया गया

बैंक यूनियनों ने 27 मार्च की हड़ताल रद्द की

चेन्नई। बैंकिंग क्षेत्र के दो प्रमुख यूनियनों-ऑल इंडिया बैंक इंप्लाईज एसोसिएशन (एआईबीईए) व ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईबीओए) ने अपनी 27 मार्च की हड़ताल वापस ले ली है। यूनियन के एक नेता ने यह जानकारी दी। दोनों यूनियनों ने बैंक विलय और आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के विरोध में अखिल भारतीय हड़ताल का आह्वान किया था। एआईबीईए के महासचिव सी.एच.वेंकटाचलम ने कहा कि हड़ताल को प्रधानमंत्री नरेंद्र के गुरुवार को राष्ट्र के संबोधन के मद्देनजर वापस लिया गया है, जो कि कोरोनावायरस के प्रसार को रोकने के मद्देनजर जनता के साथ खड़े होने के पक्ष में है।

बता दें इससे पहले बैंक यूनियनों ने 11 मार्च से तीन दिन की हड़ताल को वापस ले लिया था। इसके बाद दो यूनियनों ने मर्जर के खिलाफ 27 मार्च को अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए-,ढ्ढक्चश्व) और अखिल भारतीय बैंक अधिकारी संघ ने बैंकों

में तालाबंदी का ऐलान कर दिया था।

बता दें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के 10 बैंकों का विलय कर चार बड़े बैंक बनाने का काम जारी है। उन्होंने कहा कि विलय एक अप्रैल 2020 से प्रभाव में आ जाएगा। सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विलय प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और सरकार संबंधित बैंकों के साथ लगातार संपर्क में है। सीतारमण ने कहा कि इसमें कोई नियामकीय मुद्दा नहीं होगा। वित्त मंत्री ने यहां कहा, बैंक विलय का काम पटरी पर है और संबंधित बैंकों के निदेशक मंडल पहले ही निर्णय कर चुके हैं। सरकार ने पिछले साल अगस्त में बड़ा फैसला लेते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के 10 बैंकों का विलय कर चार बैंक बनाने की घोषणा की थी। सार्वजनिक क्षेत्र के 10 बैंकों यूनाइडेट बैंक ऑफ इंडिया, ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, पंजाब नेशनल बैंक, सिंडीकेट बैंक, केनरा बैंक , इलाहाबाद बैंक, इंडियन बैंक, आंध्रा बैंक, कोऑपरेशन बैंक और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के महाविलय के लिए तय एक अप्रैल 2020 की समयसीमा तेजी से नजदीक आ रही है। बता दें पिछले साल अगस्त में मोदी सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के 10 बैंकों का विलय कर चार बड़े बैंक बनाने का फैसला किया था। योजना के मुताबिक यूनाइडेट बैंक ऑफ इंडिया और ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स का विलय पंजाब नेशनल बैंक में किया जाएगा।

> **सरकार ने पिछले साल अगस्त में बड़ा फैसला लेते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के 10 बैंकों का विलय कर चार बैंक बनाने की घोषणा की थी। सार्वजनिक क्षेत्र के 10 बैंकों यूनाइडेट बैंक ऑफ इंडिया, ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, पंजाब नेशनल बैंक, सिंडीकेट बैंक, केनरा बैंक , इलाहाबाद बैंक, इंडियन बैंक, आंध्रा बैंक, कोऑपरेशन बैंक और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के महाविलय के लिए तय एक अप्रैल 2020 की समयसीमा तेजी से नजदीक आ रही है।**

भारत समेत 15 देशों को अरबों की चपत

नई दिल्ली। दुनियाभर में तेजी के साथ फैल रहे घातक कोरोना वायरस ने वैश्विक अर्थव्यस्था को बुरी तरह से प्रभावित किया है। इससे भारत समेत दुनिया के शीर्ष 15 देशों को अरबों की चपत लगी है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, कोरोनो वायरस के कारण भारत के व्यापार पर लगभग 348 मिलियन डॉलर का असर पड़ सकता है। कोरोना के चलते दुनियाभर में सबसे अधिक नुकसान चीन को उठाना होगा। चीन की वैश्विक निर्यात पर 50 बिलियन डॉलर की कमी आ सकती है। कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित सेक्टरों में मशीनरी, मोटर वाहन और संचार उपकरण शामिल हैं। दुनिया की जिन अर्थव्यवस्थाओं को सबसे ज्यादा प्रभवित किया है उनमें यूरोपीय संघ (15.6 बिलियन डॉलर), संयुक्त राज्य अमेरिका (5.8 अरब डॉलर), जापान (5.2 बिलियन डॉलर), दक्षिण कोरिया (3.8 बिलियन डॉलर), चीन का ताइवान प्रांत (2.6 अरब डॉलर) और वियतनाम (2.3 अरब डॉलर) हैं। ओईसीडी ने भी कोरोना के चलते वैश्विक जीडीपी में 50 बेसिस प्वाइंट (2019 में 2.9 प्रतिशत से 2.4 प्रतिशत) का अनुमान लगाया है। एशियन डेवलपमेंट बैंक ने कहा है कि कोरोना का विकासशील एशियाई अर्थव्यवस्था पर व्यापक असर होगा। सीआईआई के अनुसार, चीन भारत के शीर्ष 20 सामानों का 43त्न आयात करता है।

आज का भविष्यफल

मेषः आपको दूसरों की मदद करने से सकून मिलता है इसलिए आज का दिन परोपकार में व्यतीत होगा। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं।

वृषभः आज का दिन पारिवारिक जनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। सायंकाल के समय चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है।

मिथुन :पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें।

कर्क :राशि स्वामी की उत्तम स्थिति एवं राशि पर बृहस्पति का धनु में होकर परिभ्रमण अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति करा कर कोष की स्थिति को सुदृढ़ कर सकता है। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। राज्य मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी।

सिंहः राजनीतिक क्षेत्र में अशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति भी होगी। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, रुका हुआ कार्य भी सम्पन्न होगा।

कन्या :आज कर्मोद्योग में तत्परता से लाभ होगा। स्वजनों से सुख, पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें।

तुलाः आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आय के नए स्रोत बनने की संभावना है। वाक-पटुता आपको विशेष सम्मान दिला सकती है।

वृश्चिकः आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान होने की संभावना है। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा- प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

धनुः आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्चा होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आधीनस्थ कर्मचारी या किसी संबंधी के कारण तनाव बढ़ सकता है।

मकर : आज व्यवसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है।

कुंभः राशि स्वामी शनि की मध्यम स्थिति के कारण पत्नी को अचानक शारीरिक कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। सायंकाल के समय पत्नी के स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा, हालांकि पूर्ण स्वस्थ होने में समय लगेगा।

मीनः वैवाहिक जीवन आनंददायक बीतेगा। आज पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रगति से काफी प्रसन्नता होगी।

सू- दोकू

	9			2				1
		5	1				3	
7				9		8		5
	8		3		7		5	
2		7				1		3
	4			1			8	
6		2			9			
	5		7			3		
		8		5			6	7

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र67 का हल

7	8	2	6	3	1	4	5	9
6	4	1	8	5	9	2	7	3
9	3	5	4	7	2		1	8
2	6	3	1	9	7	[illegible]	8	4
5	7	8	3	6	4	1	9	2
1	9	4	5	2	8	7	3	6
4	5	7	2	8	3	9	6	1
3	1	6	9	4	5	8	2	7
8	2	9	7	1	6	3	4	5

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं : 1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. मक्खी, शहद 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, [illegible] 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. [illegible], अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. [illegible] की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे: 1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य का हल

स्वा	द		मा	म	ना		कें	दी
व		ख	ल	ना	य	क		बा
लं	प	ट		ना	क	क	ट	ना
बी		प				ड़ी		प
	अ	ट	प	टा			शा	न
म	ह		ग्रो			र	ति	
ह	म		द	र	ब	द	र	
म	क	र		सी	ल			
त		क्षा		द	गा	खा	ना	

ओवरलोडिंग वाहन बन रहा हादसों का कारण, आम लोगों की जान पर जोखिम

ओवरलोडिंग के कारण सड़क हो रही खराब, जांच में नही दिखा रहें रुची

कवर्धा। सड़कों पर वाहनों की भागमभाग के बीच हो रही सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण ओवरलोडिंग व ओवरटेकिंग सामने आ रही है। सड़कों पर एक ओर जहा एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी रहती है। लोग अधिक आमदनी के चक्कर में नियम विरूद्ध भी वाहन चलाते हैं। यात्री वाहनों पर क्षमता से अधिक लोगों को बिठाया जाता है। जिससे

लोगों की जान सांसत में रहती है। प्रशासनिक स्तर पर भी इस ओर सार्थक पहल नहीं की जा रही है। जबकि, वाहनों की गेट पर भी सीढियों पर लटकते हुए लोग यात्रा करते हैं। ओवरलोड के कारण सड़क हादसे होते रहते हैं। क्षमता से अधिक लोड करने से वाहन के टायर फटने, अत्यधिक लोड होने के कारण गढ्डे या अचानक वाहन को किसी दिशा में घुमाए जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अधिकाश घटनाएं भी इसी के चलते होती है।

शहर के प्रमुख मार्गो पर ओवरलोडिंग वाहनों में लोग जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं। वाहनों में सवार होने वाले लोग कभी भी बड़े हादसे का शिकार हो सकते हैं। खास बात यह है कि ये ओवरलोड वाहन नेशनल हाईव स्थिति पुलिस थानों के सामने से भी दिनभर गुजरते हैं। बावजूद इसके ना तो प्रशासनिक अफसर कार्रवाई कर पा रहे हैं और ना ही पुलिसकर्मी। इसी तरह बड़े वाहनों के साथ सवारी बसों में में भी ओवरलोडिंग की जाती है। हाल यह है कि छोटे बसों में 30 से 40 लोगों को ठूंस-ठूंस कर भर लिया जाता है।

सिम्स में मरीजों के लिए उपलब्ध नहीं है मास्क, सेनेटाइजर भी हुआ खत्म

विधायक पहुँचे सिम्स में व्यवस्थाओं का लिया जायजा, चिकित्सकों से की चर्चा

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। कोरोना वायरस को लेकर अलर्ट जारी है, स्वास्थ्य मंत्रालय हर संभव प्रयास में जुटा हुआ है लेकिन सिम्स में सेनेटाइजर और मास्क उपलब्ध नही होने से उपचार के लिए आये हुए मरीजों को वितरण नही किया जा रहा है। जिस वजह से अपने मुंह व चेहरे को कपड़े से ढक कर कोरोना से महफ़ूज़ रख रहे हैं।

कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोका जा सके, इसके लिए सिम्स अस्पताल में आज काफी संख्या में मरीज कोरोना ओपीडी में जांच कराने पहुंचे लेकिन अबतक एक भी कोरोना वायरस से संक्रमित एक भी मरीज नही मिले है वही एक संदिग्ध का आइसुलोशन वार्ड में उपचार जारी है । परन्तु सिम्स में

उपचार की व्यवस्था देखी जाये तो शून्य है राज्य शासन ने समस्त शासकीय अस्पतालों में आने वाले मरीजों को मास्क वितरण करने कहा है मगर सिम्स में केवल डॉक्टर, कर्मचारी और मेडिकल छात्रों को मास्क उपलब्ध कराई जा रही है वहीं उपचार कराने आये हुए मरीज अपने रुमाल स्कार्फ से मुंह बांध कर कोरोना वायरस से महफ़ूज़ रख रहे है। आज इसका जायजा लेने नगर विधायक शैलेष पांडेय ने सिम्स पहुँचकर निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने यहाँ पहुँचने वाले मरीजो की संख्या, परीक्षण और उपचार की स्थिति की जानकारी ली और चिकित्सको को आवश्यक निर्देश दिए। कोरोना के संक्रमण से बचाव हेतु अस्पताल के कुर्सी, बेड, खिड़की दरवाजे, स्ट्रेचर, व्हील चेयर, में दवाईयों का छिड़काव किया जा रहा लेकिन सोचनीय विषय है कि नाईट शिफ्ट में कार्य करने वाले कर्मचारियों को किट तक नही दिया जा रहा है इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि सिम्स प्रबंधन कितने जिम्मेदार हैं।

बिसेन के सीने मे गोली दागने वाले आरोपी को अब तक नहीं पकड़ पाई पुलिस

कवर्धा। सरपंच पति बिसेन कौशिक पर किसी अज्ञात ने दो गोली उसके सीने में दागी थी। सरपंच पति ने उक्त घटना को चुनावी रंजीश बताते हुए दो लोगो का नामजद रिपोर्ट दर्ज कराया था वही गोली चलाने वाले व्यक्ति को पहचानने की भी बात वे कह रहे है। जबकि अभी तक सुटर को नही पकडा जा सका है। इस घटनाक्रम को बीते आज लगभग 5 दिन हो चुके है। वही इस मामले को लेकर जांच जारी है। और पुलिस विभाग के द्वारा आरोपियो को जल्द से जल्द गिरतार करने की मांग कह रही है। ज्ञात हो कि कबीरधाम जिले में यह गोलीकांड की दूसरी घटना थी। इससे पहले भी कबीरधाम जिले के पंडरिया क्षेत्र में हवाई फायरिंग हो चुका है, वही कवर्धा जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत जिंदा में मंगलवार 17 तारीख को शाम लगभग 5-6 बजे सरपंच पति पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने दो गोली मारकर हत्या करने का प्रयास किया था। लेकिन उसका प्रयास सफल नही हो पाया। सरपंच पति शुक्रवार 20 तारीख को सकुशल देर शाम उपचार के बाद अपने घर लौट चुके है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत जिंदा में मंगलवार को बैठक का आयोजन रखा गया था जिसमें पंच, उपसरपंच, सहित सरपंच पति बिसेन कौशिक भी बैठक में उपस्थित थे।

> ग्राम पंचायत जिंदा कें सरपंच पति बिसेन कौशिक के बताए अनुसार घटना के बाद से ही मनोज चंद्रवंशी और धनेन्द्र चंद्रवंशी को रिमांड मे लेकर पुछताछ किया जा रहा है वही जल्द ही गोली चलाने वाले आरोपी को भी गिरतार कर लिया जाएगा। जिसके लिए टीम का गठन घटना के दिन से ही कर दिया गया था। जांच जारी है।
>
> **डॉ.लाल उमेन्द्र,** पुलिस अधीक्षक जिला कबीरधाम

जनता कर्फ्यू को सफल बनाने भाजपा की अपील

कवर्धा। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ने जनता कर्फ्यू का समर्थन कर जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा दिए गए राष्ट्र के नाम सन्देश में 'कोरोना वायरस' की वैश्विक महामारी से बचाव हेतु आज 'जनता कर्फ्यू' की घोषणा की गई है। इस कर्फ्यू के तहत सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक लोगों से अपने घरों में रहने की अपील की गई है। यह 'जनता का, जनता के द्वारा, जनता के लिए कर्फ्यू' है। भारतीय जनता पार्टी संकट की इस घडी में केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। हम कवर्धा जिले के समस्त आमजनता, व्यापारियों, कामगारों और कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा है की जनता कर्फ्यू को सफल बनाने हेतु अपनी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों और कामों को पूर्णतः बंद रखें, घरों में रहे। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा की गई अपील के अनुसार 'रविवार शाम 5 बजे' अपने घरों के बाहर खड़े होकर कोरोना के गंभीर खतरे के बीच सतत काम करने वाले डॉक्टर, नर्स, सफाईकर्मी तथा आवश्यक सेवाएं देने वाले अन्य सभी लोगों के सम्मान में 5 मिनट ताली, शंख, थाली या घंटी बंजाकर उनका हौसला बढ़ावे।

ठगी के आरोपी ने मोबाइल किया ऑन, पुलिस ने किया ट्रेस, हुआ गिरफ्तार

- **लोक निर्माण विभाग में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला फरार आरोपी हुआ गिरतार**
- **आरोपी को पकडने मे सहसपुर लोहारा पुलिस को मिली सफलता**

कवर्धा। लोकनिर्माण विभाग मे सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर 22 युवाओ से 77 लाख 90 हजार रूपय की ठगी के मामले में फरार आरोपी को लोहारा पुलिस ने गिरतार कर लिया है। आरोपी पुनाराम पिता चमरूराम नेताम शुक्रवार को कवर्धा शहर आया था। पुलिस से बचने क लिए वह ठिकाने की तलाश में था। उसका मोबाईल ऑन हुआ, जिस पर पुलिस ने उसे टेऊस कर लिया। ज्ञात हो कि ठगी के दो आरोपी कपिलेश्वरपुरी और नवीन तिवारी की गिरतारी तीन दिन पहले ही हो गई थी। तीसरा आरोपी पुनाराम नेताम निवासी ग्राम कोरवाय थाना साजा फरार था। पूछताछ के लिए उसके गांव गई थी। पता चला कि वह भिलाई मे है। उसका मोबाइल नंबर भी बंद बता रहा था। इस पर पुलिस ने उसके मोबाइल नंबर का सर्विलांस में डाल दिया था। शुक्रवार का आरोपी पुनाराम कवर्धा पहुंचा। पुलिस से बचने के लिए ठिकाने की तलाश मे थी। इसी दौरान उसने अपना मोबाइल ऑन किया, जिससे उसका लोकेशन टेऊस हो गया। पुलिस तुरंत हरकत मे आई और उसे गिरतार कर जेल भेज दिया है। ठगी का मास्टर माइंड कपिलेश्वरपुरी गोस्वामी व नवीन तिवारी की गिरतारी गुरूवार को हो चुकी थी। कोर्ट में पेशी के बाद आरोपी नवीन को जेल भेज दिया था।

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले की सबसे बड़े सिंचाई परियोजना को मिली मंजूरी

■ मध्यप्रदेश बहकर जाने वाले पानी को रोककर होगा निर्माण 311.91 हेक्टेयर भूमि में पानी का भराव

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। पेण्ड्रा छत्तीसगढ़ से बहकर मध्य प्रदेश जाने वाली सोन नदी के पानी को छत्तीसगढ़ में रोककर उसके पानी से सिंचाई के लिए सोन नदी पर 164.25 करोड़ रुपये की लागत से कोलबिरा मध्यम सिंचाई परियोजना को छत्तीसगढ़ शासन के सिंचाई विभाग के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं मरवाही के विधायक अजीत जोगी के प्रस्ताव पर बजट में शामिल किया गया है। यह जलाशय गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले का सबसे बड़ा जलाशय होगा जिससे 11 गांवों के 3730 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी। इस जलाशय के बनने से इन गांवों के किसानों की तकदीर बदल जाएगी।

गंगा नदी की प्रमुख सहायक नदी सोन नदी है जिसका उद्गम पेण्ड्रा के पास सोन बचरवार नामक गांव से हुआ है। इस नदी में बहने वाले पानी का अधिकतर भाग मध्य प्रदेश चला जाता है ढ्ढ जल संसाधन संभाग मरवाही द्वारा विस्तृत सर्वे के बाद शासन को इस नदी पर ग्राम कोलबिरा में कोलबिरा मध्यम सिंचाई परियोजना स्वीकृत करने का प्रस्ताव शासन को दिया

था जिसके बाद शासन के द्वारा वर्ष 2020-21 के बजट में इस परियोजना के लिए 164.25 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। इस जलाशय के सर्वे के लिए 2 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया था जिसके सर्वे के पश्चात सिंचाई विभाग के द्वारा विस्तृत प्राक्कलन बनाकर शासन को प्रस्तुत कर दिया गया है।

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले की पहली मध्यम परियोजना- कोलबिरा मध्यम परियोजना गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले की पहली मध्यम परियोजना है इसलिए यह इस जिले की सबसे बड़ी जलाशय होगी। इससे पहले इस जिले में जितने भी जलाशय बने हुए हैं वे सभी लघु परियोजनाएं हैं। इस परियोजना से क्षेत्र की 3730 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी ढ्ढ कोलबिरा मध्यम परियोजना के बनने के बाद मरवाही विकासखंड के 11 गांवों बघर्रा, डोंगराटोला, भस्काटोला, बहुटाडोल, पथर्री, जलदा, बदरौड़ी, देवगवां, सचराटोला, खलोटियाटोला, देवरीडांड़ की खरीफफसल के लिए 3500 एवं रबी फसल के लिए 230 हेक्टेयर सहित कुल 3730 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। 14 परिवार होंगे विस्थापित, निजी भूमि 238.79 तथा 67.62 हेक्टेयर वन भूमि अधिगृहित होगी-कोलबिरा मध्यम परियोजना में खरीफ सीजन में 22 मिली घन मीटर जल का उपयोग किया जायेगा वहीं बांध में जल भंडारण 9.639 मिली घन मीटर रहेगा जिसका कुल डुबान क्षेत्र 311.91 हेक्टेयर भूमि रहेगा। इस जलाशय और 60.15 किलोमीटर नहर निर्माण की लागत 78.64 करोड़ रुपये, जलाशय के लिए 170.91 एवं नहर के लिए 67.88 हेक्टेयर सहित कुल 238.79 हेक्टेयर निजी भूमि अधिग्रहित की जायेगी जिसके लिये 71.63 करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाएगा वहीं विस्थापित किये जा रहे 14 परिवारों को विस्थापन एवं पुनर्वास की व्यवस्था के लिए 1.40 करोड़ रुपये तथा बांध व नहर हेतु 67.62 हेक्टेयर वन भूमि के अधिग्रहण के लिये 10.36 करोड़ रुपये तथा अन्य व्यय 2.22 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इस तरह से बांध की कुल लागत 164.25 करोड़ आएगी

वन भूमि अधिग्रहण एवं सेंट्रल वाटर कमीशन के अनुमति की प्रक्रिया तेज- कोलबिरा मध्यम परियोजना के निर्माण के लिए सर्वे के पश्चात प्राक्कलन तैयार करने के बाद जलाशय के डुबान एवं नहर निर्माण में आने वाली वनभूमि के अधिग्रहण के साथ ही सेंट्रल वाटर कमीशन से जलाशय निर्माण की अनुमति लेने की प्रक्रिया विभाग के द्वारा तेज गति से प्रारंभ कर दी गई है। इन विभागों से अनुमति मिलते ही जलाशय के निर्माण में आने वाली सभी बाधाएं दूर हो जाएंगी।